धनबाद, रांची एवं पटना से प्रकाशित

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

www.lagatar.in | रांची, रविवार 29 सितंबर 2024 ● आश्विन कृष्ण पक्ष 12 संवत 2081 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ 6 ● वर्ष : 2, अंक : 171 | आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र

मौसम

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| धनबाद | 31.2 | 24.5 |
| जमशेदपुर | 34.2 | 23.8 |
| डालटनगंज | 32.8 | 25.1 |

तापमान डिग्री सेल्सियस में.

विश्व हृदय दिवस आज

# एयर स्ट्राइक में मारा गया हिजबुल्लाह चीफ नसरल्लाह



■ हमले में हिजबुल्लाह चीफ की बेटी जैनब और कई कमांडर भी मारे गए

एजेंसियां। बेरूत

हिजबुल्लाह चीफ हसन नसरल्लाह मारा गया है. इजरायली सेना( आइडीएफ) के साथ-साथ ईरान व हिजबुल्लाह की तरफ से भी शनिवार को इसकी पुष्टि हो गई. इजरायल का कहना है कि अब दुनिया को नसरल्लाह नहीं डरा पाएगा. सेना ने नसरल्लाह के हिजबुल्लाह के कई कमांडरों और ऑपरेटिव्स को भी मार गिराया है. इससे पहले इजरायली सेना ने शनिवार को कहा, हमने दक्षिणी लेबनान में हिजबुल्लाह की मिसाइल यूनिट के कमांडर, मो. अली इस्माइल और उनके डिप्टी, हुसैन इस्माइल पर हमला कर उन्हें मार गिराया.

**ईरान और हिजबुल्लाह ने भी की मौत की पुष्टि**

सेना के प्रवक्ता डेनियल हगारी ने कहा, हमने हिज्बुल्लाह चीफ हसन नसरल्लाह और दक्षिणी मोर्चे के कमांडर अली कराकी समेत अन्य कमांडरों को मार गिराया है. बेरूत में हिज्बुल्लाह हेडक्वार्टर पर हुए एयरस्ट्राइक में नसरल्लाह और उसकी बेटी जैनब मारे गए.

हगारी ने कहा, सटीक खुफिया जानकारी पर हमारी एयरफोर्स के विमानों ने हिज्बुल्लाह के सेंट्रल हेडक्वार्टर पर टारगेटेड अटैक किया, जो बेरुत में रेजिडेंशियल बिल्डिंग के बेसमेंट में था. यह हमला तब हुआ, जब हिज्बुल्लाह की लीडरशिप आतंकी गतिविधियों को अंजाम देने की रणनीति पर काम कर रही थी. डेनियल हगारी ने कहा कि हसन नसरल्लाह ने 32 साल में कई इजरायली नागरिकों और सैनिकों की हत्या और हजारों आतंकी गतिविधियों और उनके कार्यान्वयन के लिए जिम्मेदार था.

**इजरायल को पछताना होगा, ईरान ने दी धमकी :** हिजबुल्लाह चीफ हसन नरसल्लाह की मौत बाद ईरान के सुप्रीम लीडर खामनेई ने कहा कि ईरान हिजबुल्लाह के साथ खड़ा है. उन्होंने कहा कि लेबनान में निहत्थे लोगों की हत्या ने एक बार फिर क्रूरता को उजागर कर दिया और इसने सत्ताधारी शासन के नेताओं की अदूरदर्शिता और मूर्खतापूर्ण नीति को भी प्रमाणित कर दिया. ईरान के टॉप लीडर ने इजरायल को धमकी देते हुए कहा कि दुश्मनों को पछताना पड़ेगा. उन्होंने कहा, एक ओर, लेबनान में निहत्थे नागरिकों की हत्या ने जायोनीवादियों की बर्बरता को सबके सामने उजागर कर दिया. दूसरी ओर, इसने यह भी साबित किया है कि कब्जा करने वाले नेताओं की नीतियां कितनी अदूरदर्शी और पागलपन भरी हैं. वहीं, हिजबुल्लाह ने भी नसरल्लाह की मौत की घोषणा की. हिजबुल्लाह ने पुष्टि की कि हसन नसरल्लाह शुक्रवार को इजरायली हवाई हमले में मारा गया.

**जमीन के 50 फीट नीचे हिजबुल्लाह चीफ को कैसे मारा :** इजरायल को सूत्रों से पता चला था कि नसरल्लाह बंकर में है, जिसके बाद उसके विमानों ने बेरूत के लिए उड़ान भरी. हमले की योजना बेहद गुप्त थी. यहां तक कि अमेरिका को तब बताया जब इजरायली विमान ऑपरेशन 'न्यू ऑर्डर' के लिए हवा में थे. इजरायली पीएम नेतन्याहू की एक तस्वीर जारी की गई, जिसमें वह हमले का आदेश दे रहे हैं. हमला इतना बड़ा था कि नसरल्लाह का बच पाना मुश्किल था. हमले के बाद बेरूत शहर पर धुएं के बादल छा गए. हमले के लिए 3000 किलो विस्फोटक बमों का इस्तेमाल हुआ. हमले के वक्त नसरल्लाह जमीन के अंदर 50 फीट गहरे बंकर में मौजूद था. हमले में 2000 किलो के लेजर और जीपीएस-गाइडेड जीबीयू-28 और 1000 किलो के ब्लू-109 बंकर बमों का इस्तेमाल हुआ. विस्फोट होने से पहले ये जमीन में 200 फीट के नीचे तक धंस गए.

**बड़ा सवाल : नसरल्लाह के बाद कौन हो सकता है हिजबुल्लाह चीफ**

हिजबुल्लाह चीफ नसरल्लाह की मौत के बाद अब अगले चीफ की अटकलें लगाई जाने लगी हैं. अभी हाशेम सफीद्दीन को नसरल्लाह का वारिस माना जा रहा है. वह हिजबुल्लाह के पॉलिटिकल मामलों को देखता है और नसरल्लाह का चचेरा भाई भी है. अमेरिका ने सफीद्दीन को 2017 में आतंकवादी घोषित किया था. वह हिजबुल्लाह का अगला प्रमुख हो सकता है, क्योंकि कमान उसी को दी जानी है, जोकि न सिर्फ संगठन को चला सके, बल्कि ईरान को भी वह मंजूर हो. सफीद्दीन के ईरान से भी अच्छे रिश्ते हैं. उसने हिजबुल्लाह में बड़ी भूमिका निभाई है और उसे लंबे समय से नसरल्लाह का वारिस माना जाता रहा. नसरल्लाह भी संगठन के भीतर विभिन्न पदों के जरिए लंबे समय से सफीद्दीन को नेतृत्व के लिए तैयार कर रहा था. -पेज 12 भी देखें

## ब्रीफ खबरें

### केंद्रीय वित्त मंत्री पर दर्ज होगी एफआईआर

**बेंगलुरु।** बेंगलुरु की विशेष अदालत ने अब बंद हो चुकी चुनावी बॉन्ड योजना के जरिए जबरन वसूली के आरोपों को लेकर केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने का आदेश दिया है. जनाधिकार संघर्ष संगठन के आदर्श अय्यर की ओर से दर्ज कराई गई शिकायत में निर्मला सीतारमण और अन्य पर चुनावी बॉन्ड की आड़ में जबरन वसूली का रैकेट चलाने का आरोप लगाया गया था.

### इसरो के 'शुक्र मिशन' में स्वीडन हुआ शामिल

**नयी दिल्ली।** स्वीडन इसरो के शुक्र ऑर्बिटर मिशन (वीओएम) में शामिल हो गया है. पिछले हफ्ते केंद्रीय कैबिनेट ने इस मिशन को मंजूरी दी थी. स्वीडिश इंस्टीट्यूट ऑफ स्पेस फिजिक्स कथित तौर पर इसरो को वीनसियन न्यूट्रल्स एनालाइजर इंस्ट्रूमेंट (वीएनए) प्रदान करेगा. यह एक हल्का, लो-पावर वाला लेकिन अत्यधिक सक्षम ऊर्जावान न्यूट्रल एटम (ईएनए) विश्लेषक है. वीएनए सूर्य और शुक्र के वायुमंडल एवं बहिर्मंडल से आने वाले चार्ज्ड पार्टिकल्स के बीच परस्पर क्रिया की स्टडी करेगा.

### हरियाणा में कांग्रेस ने खोला तोहफों का पिटारा

**चंडीगढ़।** हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस ने 53 पन्नों का डिटेल्ड मेनिफेस्टो जारी कर दिया है. मेनिफेस्टो में सरकारी कर्मियों के लिए ओल्ड पेंशन स्कीम और महिलाओं को हर महीने दो हजार रुपए देने सहित कई वादे किए गए हैं. किसानों के लिए एमएसपी की कानूनी गारंटी व फसल खराब पर तुरंत मुआवजा देने का वादा किया गया है. हालांकि कांग्रेस के घोषणा पत्र में अग्निवीर को लेकर कोई जिक्र नहीं है. - पेज 12 भी देखें

### पेंशनभोगियों को मिली बड़ी राहत

**नयी दिल्ली।** केंद्र सरकार ने अपने 65 लाख पेंशनरों को बड़ी राहत प्रदान की है. वित्त मंत्रालय ने पेंशन के भुगतान में हो रही देरी को गंभीरता से लिया है. अब सभी पेंशनभोगियों को महीने के आखिर में पेंशन मिल जाएगी. केंद्रीय पेंशन प्रसंस्करण केंद्र (सीपीपीसी) द्वारा महीने के अंतिम कार्य दिवस को एक रिपोर्ट भेजनी होगी, जिसमें बताना होगा कि पेंशनभोगियों के खाते में तय राशि भेज दी गई है.

### देश में बेरोजगारी से बड़ा कोई मुद्दा नहीं

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने शनिवार को रोजगार के मुद्दे पर पीएम नरेंद्र मोदी पर जबरदस्त हमला बोला है. खरगे ने कहा कि देश में बेरोजगारी से बड़ा कोई मुद्दा नहीं है. मोदी जी, याद रखिएभारत का एक-एक युवा जिसके रोजगार को आपकी सरकार ने छीनने का काम किया है, वो चुनाव दर चुनाव भाजपा को हराने का एकमात्र काम करेगा.

**सौगात : सीएम ने दो कार्यक्रमों में बांटी परिसंपत्तियां और सौंपे नियुक्ति पत्र, बोले**

# हमारी योजनाओं को रोकने का षड्यंत्र कर रही भाजपा

रवि भारती। रांची

सीएम हेमंत सोरेन ने शनिवार को भाजपा पर राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को बंद कराने का षड्यंत्र रचने का आरोप लगाया. राजधानी रांची में आयोजित एक कार्यक्रम में उन्होंने कहा, हमने राज्य में आधी आबादी को सम्मान और आर्थिक रूप से मदद के लिए मंईयां सम्मान योजना शुरू की, तो उसे रुकवाने के लिए इनके लोग कोर्ट चले गए. केवल एक यही मामला नहीं है, हमने स्थानीयता नीति बनाई, बच्चों को नौकरी देने के लिए परीक्षाएं कराईं, तो उसके खिलाफ भी ये लोग कोर्ट चले गए. हमारी योजनाएं इन्हें खटक रही हैं. इन्हें सांप सूंघ गया है.

सीएम ने रांची के खेलगांव में आयोजित कार्यक्रम के दौरान जयपाल सिंह मुंडा पारदेशीय छात्रवृत्ति योजना में विदेशों में पढ़ाई के लिए स्कॉलरशिप स्वीकृति पत्र और कल्याण विभाग की विभिन्न योजनाओं के तहत लाभार्थियों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण किया. इसके पूर्व उन्होंने एक अन्य कार्यक्रम में श्रम विभाग में नवनियुक्त 444 अफसरों को नियुक्ति पत्र भी सौंपा. सोरेन ने कहा कि सरकार ने मात्र दो साल में युवाओं की पढ़ाई से लेकर रोजगार और नौकरियों के सृजन की कई योजनाएं शुरू की हैं.

उन्होंने कहा कि सीएम रोजगार सृजन योजना के तहत लोग आसान दरों पर लोन लेकर स्वरोजगार शुरू कर रहे हैं. इंजीनियरिंग, मेडिकल और अन्य पाठ्यक्रमों की पढ़ाई के लिए जरूरतमंद छात्रों की मदद के लिए सरकार ने गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना शुरू की, जिसमें बगैर किसी गारंटी के अत्यंत कम ब्याज दर पर 15 लाख तक का कर्ज आसानी से मिल रहा है.

**इस बार चुनौतियां विशेष रूप से रहीं :** सीएम ने कहा कि इस बार चुनौतियां विशेष रूप से रहीं. लेकिन हमलोगों ने कभी हार नहीं माना. कभी थकान महसूस नहीं किया. उन्होंने कहा कि इस साल कैंपस के तहत 3000 विद्यार्थियों को सरकार द्वारा टाटा मोटर्स, होंडा, हिताची, मारुति सूजिकी सहित अन्य कंपनियों में रोजगार उपलब्ध कराया गया. इसके पीछे आपलोगों का प्यार और आशीर्वाद रहा.

## हजार चुनौतियां आईं लेकिन हमने कभी हार नहीं मानी



जैप-1 शौर्य सभागार में नियुक्ति पत्र बांटते सीएम हेमंत सोरेन.

- सीएम ने खेलगांव विभिन्न कल्याण योजनाओं के तहत परिसंपत्तियों का किया वितरण
- छात्रवृत्ति योजना के तहत विदेश में पढ़ रहे छात्रों के बीच बांटी स्कालरशिप
- जैप-1 सभागार में 444 आटीआई प्रशिक्षण अधिकारियों को सौंपा नियुक्ति पत्र

### अपना राज्य संभल नहीं रहा, यहां कर रहे साजिश

सीएम ने कहा, हम लाखों गरीबों के आवास के लिए केंद्र सरकार के पास नाक रगड़ते रहे, लेकिन उन्होंने पीएम आवास योजना के तहत हमें राशि नहीं दी. इसके बाद हम अपनी सरकार की ओर से अबुआ आवास योजना लेकर आए, जिसमें 20 लाख गरीबों को आवास देने का लक्ष्य रखा है. सोरेन ने कहा कि यहां चुनाव होने हैं, तो पता नहीं कहां-कहां से नेता आ गए हैं. गिद्धों की तरह झारखंड के आसमान को ढंक लिया है. वहां के सीएम भी यहां घूम रहे, जिनका अपना राज्य बाढ़ में डूबा है. उनसे अपना राज्य तो संभल नहीं रहा और यहां अपनी ही पीठ थपथपाने चले आए हैं. ये हमारे खिलाफ साजिश रच रहे हैं.

### आज खोजने से भी नहीं मिलता समय

इससे पूर्व सीएम ने आईटीआई के 444 प्रशिक्षण अधिकारियों को 29 ट्रेडों के प्रशिक्षण के लिए नियुक्ति पत्र बांटे. कहा कि अब तकनीक की दुनिया है. इसमें हर व्यक्ति को हुनरमंद होना जरूरी है. क्योंकि अब वक्त की गति बढ़ गई है. ये कार्यक्रम जैप वन के शौर्य सभागार में श्रम नियोजन विभाग द्वारा आयोजित किया गया था.उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा संचालित केंद्रों से आपको नई दिशा दी गई. सरकार की नीतियों के अनुसार आपको राज्य और देश के विभिन्न कंपनियों में काम करने का मौका मिलेगा.

**सीएम ने सांकेतिक रूप से इन्हें सौंपा नियुक्ति पत्र :** सीएम ने सांकेतिक रूप से निर्मल कुजूर, अल्फोंसा मुर्मू, अजीत सिंह मुंडा,शिवानी प्रधान, अमित भुईयां, नितेश बैठा,शशि प्रताप कुजूर, सुनीता कुमारी, जीतेंद्रनाथ मुर्मू, ज्ञान प्रकाश हेंब्रम, सुनील कुमार यादव,उफरान अख्तर, सोना कुमारी, जीतेंद्र रजक, विष्णु उरांव, ऊषा किरण मुर्मू, जयंत बनर्जी, दिनेश सोरेन, प्रेम किस्कू, विक्रांत सागर मिंज, हीरालाल साहा, जियाराम हेंब्रम, पप्पू कुमार यादव, योगेश कुमार, विभा कुमारी, संजय सांगा, अनिशा खातून, हेमंत कुमार और कुमारी पूजा महतो को नियुक्ति पत्र सौंपा.

**परिवर्तन यात्रा : समापन कार्यक्रम में नेताओं का हुआ जुटान**

# हेमंत सरकार में बेटी-माटी दोनों संकट में हैं: शिवराज

संजीत यादव। डाल्टनगंज

पलामू प्रमंडल में भाजपा की परिवर्तन यात्रा के समापन के दौरान शनिवार को केंद्रीय कृषिमंत्री शिवराज सिंह चौहान, प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी और अमर बाउरी शिवाजी मैदान पहुंचे. इस दौरान शिवराज सिंह चौहान ने हेमंत सोरेन सरकार पर खूब निशाना साधा. कहा कि उनके नेतृत्व वाली सरकार को उखाड़ फेंकना है. हेमंत सरकार ने राज्य को तबाह-बर्बाद कर दिया है. सीएम को याद दिलाते हुए कहा कि सरकार ने पांच लाख नौकरी देने का वादा किया था, लेकिन नौकरी नहीं दे पाई. 4:30 साल तक गायब रहे.

उहोंने कहा कि झारखंड में युवाओं ने सपना देखा था कि उत्पाद सिपाही बहाली में दौड़ कर वर्दी पहन कर घर लौटेंगे, लेकिन वर्दी में नहीं कफन ओढ़ कर लौटे. ये मौत नहीं है, हत्या हुई है. भाजपा की सरकार बनी तो हाई लेवल जांच करा कर दोषियों पर कार्रवाई की जाएगी. हेमंत सरकार में पेपर लीक का एक मुद्दा बन गया है. भाजपा सरकार आने पर इसकी जांच होगी और पेपर लीक करने वालों को किसी भी कीमत में नहीं छोड़ेगी. झारखंड में बेटी और माटी संकट में हैं.

उहोंने कहा कि भाजपा किसानों के हितैषी है. शिवराज ने मंईयां सम्मान योजना पर जेएमएम सरकार को घेरा. कहा, यह तो हमारा प्रोजेक्ट है, हेमंत चुनाव से पहले लाडली बहना योजना की नकल कर रहे. हमारा घोषणा पत्र आने वाला है. हरियाणा में जैसे हमने घोषणा पत्र बांटा, उसमें बहनों को 2,100 रुपए हर माह डालने का संकल्प है. शिवराज ने वादा किया कि राज्य में बीजेपी की सरकार आने पर महिलाओं को दो हजार रुपए हर महीने देंगे. वही परिवर्तन यात्रा सभा समापन के दौरान पलामू सांसद वीडी राम, विधायक आलोक चौरसिया, शशि भूषण मेहता, पुष्पा देवी, राम चन्द्र चन्द्रवंशी, मनोज सिंह, अमित तिवारी, अरुणा शंकर, ज्योति पांडेय, मंगल सिंह समेत हजारों भाजपा के नेता और कार्यकर्ता शामिल हुए. इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने हेमंत सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि हेमंत सोरेन ने पांच वर्षों में सिर्फ जनता को ठगने का काम किया है. हेमंत सोरेन की सरकार ने पांच लाख नौकरी देने की बात कही थी, लेकिन नौकरी के नाम पर सिर्फ धोखा ही मिला नौकरी नही मिली, नौकरी देने के नाम पर परीक्षा का भी आयोजित करते हैं, तो परीक्षा से पहले ही पेपर लीक हो जाता है.

उन्होंने जनता से अपील की कि झारखंड से झामुमो की सरकार को हटाना है, भाजपा की सरकार बनाना है. साथ ही प्रधानमंत्री के द्वारा चलाई जा रही सभी कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जनता को बताया.



परिवर्तन यात्रा की समापन सभा को संबोधित करते शिवराज सिंह चौहान.

### दो अक्टूबर के बाद एनडीए का होगी सीट शेयरिंग फाइनल

**रांची।** झारखंड विधानसभा चुनाव के एनडीए की सीट शेयरिंग दो अक्टूबर के बाद फाइनल हो जाएगी. जानकारी के अनुसार विधानसभा की 99 फीसदी सीटों पर बातचीत हो चुकी है. सिर्फ एक-दो सीटों पर ही पेंच है. असम के सीएम सह झारखंड बीजेपी के विधानसभा चुनाव सह प्रभारी हिमंता बिस्वा सरमा ने भी स्पष्ट कहा है कि पितृपक्ष के बाद सीटों की घोषणा कर दी जाएगी. प्रदेश भाजपा तीन अक्टूबर से घोषणा पत्र के प्रमुख बिंदुओं को जारी करेगी. दो अक्टूबर को पीएम नरेंद्र मोदी झारखंड दौरे पर आएंगे. हजारीबाग में आयोजित परिवर्तन यात्रा के समापन समारोह को संबोधित करेंगे. बताते चलें कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने 20 सितंबर को परिवर्तन यात्रा की शुरुआत की थी.


**ट्रेंडिंग न्यूज**

**उत्तर प्रदेश**

### मौलवी से 'राम-राम' सुन कर चौंके योगी

यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने जम्मू-कश्मीर दौरे के बारे में बताया, मैं वहां पिछले दो दिनों से वहां था. इस दौरान एक व्यक्ति ने मुझसे योगी साहब राम-राम किया.मौलवी से राम राम सुन मैं चौंक गया, लेकिन पीएम मोदी के राज में यह बहुत बड़ा बदलाव है.

**फिल्म**



### पंजाब में नहीं दिखेगी 'इमरजेंसी'

बीजेपी सांसद और एक्ट्रेस कंगना रनौत की फिल्म इमरजेंसी पंजाब में नहीं चलने दी जाएगी. शनिवार को हुई शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की आंतरिक समिति की बैठक में यह फैसला लिया गया है.

**क्रिकेट**

### आईपीएल 2025: पांच खिलाड़ी होंगं रिटेन

आईपीएल 2025 के लिए सभी टीमों के पास पांच खिलाड़ियों को रिटेन करने का विकल्प होगा. इसके अलावा टीमों के पास नीलामी में एक राइट टू मैच कार्ड का भी विकल्प होगा. हालांकि अभी तक इस बात की पुष्टि नहीं की गई है.

**हैकर्स की चाल : त्योहारों के सीजन में फेक शॉपिंग वेबसाइट्स से भी रहें सावधान**

# आईआरसीटीसी का नकली ऐप खाली कर देगा बैंक अकाउंट

एजेंसियां। नयी दिल्ली

मोबाइल यूजर्स के ऊपर ऑनलाइन फ्रॉड का बड़ा खतरा मंडरा रहा है. एक रिपोर्ट के अनुसार साइबर सिक्योरिटी सल्यूशन प्रोवाइडर क्विक हील ने उन खतरों को लेकर एडवाइजरी जारी की है, जिनसे हैकर यूजर्स को शिकार बना रहे हैं. फेक आईआरसीटीसी ऐप और फर्जी शॉपिंग वेबसाइट से होनेवाले स्कैम इन्हीं में से एक हैं.

साइबर सिक्योरिटी रिसर्चर्स ने एक हाइटेक स्पाइवेयर की पहचान की है, जो आईआरसीटीसी ऐप की तरह है. यह मलीशियस ऐप यूजर के फेसबुक और गूगल अकाउंट के यूजर नेम व पासवर्ड को चुरा लेता है, ताकि हैकर गूगल ऑथेंटिकेटर से कोड्स को ऐक्सेस कर सकें. साथ ही यह यूजर के जीपीएस और लोकेशन की डीटेल भी हैकर को दे देता है. यह ऐप यूजर के बैंकिंग डीटेल्स को भी चुरा सकता है. चिंता की बात यह है कि इस मैलवेयर की मदद से हैकर यूजर के फोन के कैमरे से वीडियो रिकॉर्ड करके उसे कहीं भी सेंड कर सकते हैं. ये ऐप फोन में इंस्टॉल्ड ऐप्स के डेटा को कलेक्ट करके कमांड और कंट्रोल सेंटर को भेज देता है.



## फेस्टिव सीजन में फेक शॉपिंग वेबसाइट का खतरा

दशहरा, दिवाली और क्रिसमस जैसे बड़े त्योहारों में यूजर खूब सारी शॉपिंग करतेहैं. फेस्टिव सीजन हैकर्स के लिए भी काफी खास होता है. इसमें हैकर असली शॉपिंग वेबसाइट जैसी दिखने वाली फेक वेबसाइट क्रिएट करके यूजर्स के साथ फ्रॉड करते हैं. इन वेबसाइट्स का नाम असली से काफी मिलता-जुलता होता है. साइबर क्रिमिनल्स शॉर्ट यूआरएल का इस्तेमाल करते हैं, ताकि यूजर असली और नकली वेबसाइट की पहचान न कर सकें. इन फेक वेबसाइट के फर्जी ऑफर वाले लिंक को जालसाज वॉट्सऐप, एसएमएस और ईमेल पर भेज कर यूजर्स को अपने जाल में फंसाते हैं.

**इन लिंक्स में यूजर्स :** को पर्सनल डीटेल्स को एंटर करने के अलावा कॉन्टैक्ट्स, मेसेजेस और कॉल रिकॉर्ड को ऐक्सेस करने की परमिशन देने को कहा जाता है. हैकर्स यूजर्स को फेक वेबसाइट वाले फ्रॉड में फंसानेके लिए स्पेशल दिवाली गिफ्ट जैसे कई लुभावनेऑफर देते हैं.

**क्यूआर कोड फिशिंग :** क्यूआर कोड फिशिंग स्कैम आजकल काफी ट्रेंड में है. इसमें साइबर क्रिमिनल यूजर्स को टेक्स्ट मेसेज, सोशल मीडिया ऐप या ईमेल के जरिए क्यूआर कोड भेजते हैं. स्कैन किए जानेपर ये कोड यूजर्स को फेक वेबसाइट पर रीडायरेक्ट कर देते हैं, जो दिखने में असली जैसी लगती है.

**गिफ्ट कार्ड स्कैम :** गिफ्ट कार्ड से होनेवाले फ्रॉड की संख्या भी तेजी से बढ़ रही है. हैकर यूजर्स को इनाम जीतने या गिफ्ट कार्ड क्लेम करने के लिए फेक मेसेज भेजते हैं. गिफ्ट पाने के लिए इन मैसेज में दिए गए लिंक्स पर क्लिक करने को कहा जाता है. लिंक पर क्लिक करते ही यूजर बुरी तरह फंस जाते हैं.

# ये नया भारत है, घर में घुस कर मारता है: पीएम मोदी

एजेंसी। जम्मू



- जम्मू की चुनावी रैली में पीएम ने सर्जिकल स्ट्राइक की याद दिलाई
- जम्मू-कश्मीर में पहली बार बनने जा रही भाजपा की सरकार

पीएम नरेंद्र मोदी ने शनिवार को जम्मू में एक जनसभा में कहाकि उन्हें जम्मू-कश्मीर में भाजपा के प्रति भारी उत्साह देखने को मिल रहा है. मोदी ने कांग्रेस, नेशनल कॉन्फ्रेंस व पीडीपी पर निशाना साधते हुए कहा कि लोग तीन परिवारों की राजनीति से त्रस्त हैं. यहां के लोग अब आतंकवाद और खून-खराबा नहीं चाहते. वे अपने बच्चों के लिए बेहतर भविष्य और शांति की चाह रखते हैं. यही कारण है कि लोग भाजपा सरकार को समर्थन दे रहे हैं.

पीएम मोदी ने पिछले दो चरणों के भारी मतदान का उल्लेख करते हुए कहा कि कि जम्मू-कश्मीर की जनता का मूड भाजपा के पक्ष में है. उन्होंने दावा किया कि राज्य में भाजपा की पूर्ण बहुमत वाली पहली सरकार बनने जा रही है. 2016 की सर्जिकल स्ट्राइक को याद करते हुए कहा, आज ही की रात सर्जिकल स्ट्राइक हुई थी. हमने दुनिया को बताया था कि यह नया भारत है, जो घर में घुस कर मारता है. उन्होंने कांग्रेस पर आरोप लगाया और कहा कि कांग्रेस आज भी इस मुद्दे पर पाकिस्तान की भाषा बोलती है.

## 2100 शिक्षक और 7200 आमलोग भी नए आइडिया से हुए रू-ब-रू

# राज्य के बच्चे वैज्ञानिक सोच के साथ बढ़ रहे आगे, मिल रहा बढ़ावा

- अबतक 95 हजार बच्चों को मिल चुकी है वैज्ञानिक जानकारी

प्रमुख संवाददाता। रांची



राज्य सरकार ने स्कूली बच्चों के वैज्ञानिक सोच को बढ़ावा देने की कवायद शुरू की है. इसके लिए साइंस एग्जीविशन बस का संचालन किया जा रहा है.इसका उद्देश्य विज्ञान का प्रचार-प्रसार करने के साथ आम जनों में विज्ञान के प्रति जागरूकता पैदा करना है. इसके जरिये विज्ञान केंद्रों, साइंस सिटी, तारामंडल, इनोवेशन हब की स्थापना करने पर जोर दिया जा रहा है. साथ ही शोध अन्वेषण कार्य, वर्कशॉप, सेमिनार के आयोजन की भी जानकारी दी जा रही है. इन साइंस एग्जीविशन बसों के जरिये राज्य के 183 स्कूलों के 95200 बच्चों, 2100 शिक्षक और 7200 आम लोगों को विज्ञान के विभिन्न आयामों से अवगत कराया जा चुका है.

**स्पेस टेक्नोलॉजी के साथ मानव कल्याण की जानकारी भी :** साइंस एग्जीविशन बसों के जरिये बच्चों, शिक्षकों और आमलोगों को अब स्पेस टेक्नोलॉजी से मानव कल्याण की जानकारी भी दी जाएगी. इसके लिए और दो अतिरिक्त साइंस एग्जीविशन बसों का संचालन किया जाएगा. इन बसों के संचालन के लिए वर्ष 2024 में एक करोड़ 11 लाख,80 हजार 780 रुपये खर्च किए जाएंगे. वहीं 2025 में एक करोड़ 17 लाख 48 हजार 80 रुपये खर्च किए जाएंगे.

**विज्ञान केंद्र में इनकी मिलेगी जानकारी :** फन साइंस गैलरी एक्रोबिक स्टीक, ऑल रोड लीड टू रोम, एनामोरफोसिस, एरिया ऑफ सर्किल, ब्रीथिंग स्कावयर, स्केनिमेशन के साथ साइंस पार्क में एक्शन एंड रियेक्शन, कोण रन अपहिल्स, लिफ्ट योरसेल्फ, स्वींग इन पेंडुलम, रोलर कोस्टर, टग ऑफ वार, लूप द लूप, टेलिस्कोम और इनोवेशन हब की सुविधा मिलेगी.

### जिला विज्ञान केंद्रों में भी टग ऑफ वार की जानकारी

जिला विज्ञान केंद्रों में बच्चों को विज्ञान से जुड़ी नई खोज और शोध की जानकारी दी जाएगी. राज्य में आठ जिलों,लोहरदगा, गिरिडीह, हजारीबाग, बोकारो, धनबाद, देवघर, दुमका व पलामू में जिला विज्ञान केंद्रों को नये सिरे से विकसित करने की कार्रवाई की जा रही है. इन जिला विज्ञान केंद्रों में छात्रों को विज्ञान के सिद्धांतों को विभिन्न वैज्ञानिक प्रदर्शनी और उपकरणों के माध्यम से सरल ढंग से समझाया जायेगा, जिससे छात्र-छात्राओं को अपने वैज्ञानिक ज्ञान का अधिकतम उपयोग कर सकेंगे और वैज्ञानिक सोच को आगे बढ़ा सकेंगे. फिलहाल धनबाद में स्थापित होने वाले विज्ञान केंद्र के लिए10 करोड़ 62 लाख 77 हजार रुपये उपलब्ध कराए गए हैं.

## तोए मोके नी जानिस ला, मोय तो खुदे आदिवासी मने के सबसे बड़का नेता

संजय सिंह

### चुनावी चकल्लस



ई बड़ बोला नेताजी पंजा लड़ाईया पार्टिया में हैं. वईसे तो कोशिश कईले रहते हैं कि सभे से भाईचारगी बनल रहे, ईसीलिए लोग ई महोदय को पियार से कभी बंधु,. तो कभी दादा भी बोलते हैं. जनजातीय समुदाय से आते हैं, तो खुदे को आदिवासी का बड़का नेता कह-कह कर अपनी पीठिया खुदे थपथापईले रहते हैं. पॉलिटिकल अंड-बंड बोले में ददवा सुपरेफास्ट हईए हैं. अब देखिए न, ई दादा के थोड़का पईसा ला सूली में चढ़े पड़ गिया. लगता है माल-पत्तरवा के हिसाब-किताब रखे में गड़बड़ कर दीहिन थे, बेचारे छोटका सा रकमवा का हिसाब न दे पाहिन. ओकरे चक्कर में ददवा के विधायकी गुल हो गई. चुनावो न लड़े पार रहे दद्दू. बिटिया के खींच लाइन राजनीति में. बिटाये के सहारे अपनो राजनीतिया चमकाइले हैं. पंजा लड़ावेवाली पार्टिया में ददवा के बड़का जिम्मेवारी मिल गईस थी. जिम्मेवारी की मिली, चउवे पर चले लगे. पंजवा लड़वईया पार्टिया में ढेरे हाफ-डीप देवे लगीन. रह-रह के दिल्ली उडइत रहते थे, पंजा पार्टिया में बड़का पंजवा धरे लगी. लेकिन ई का, ददवा छितराईए गिये. बड़का पदवा लगी लकलाईकले थे, बड़का नेतवान लोगिन के खूबे आगे-पीछे किहीन. लगातार ददवा के हफनी धईले रहिस, लेकिन ई पार्टिया में तो एक से बढ़ कर एक घाघ नेतवन अईसन लंघी मारीस कि छितराईले रह गिये. बड़का पद हाथ से निकल गईस था, तो लौट के बुद्धु घर को आये वाला नियमवा के पालन करे लगे. लेकिन ई नेताजी के बड़का फेंकू भी उनकी पार्टिए वाला लोग बोलइत रहता है. वइसे क्षेत्रवा में बिटिया के साथे घूमते हैं, कोई इड़िंग-बीड़िंग बतायाता है, तो चल से कहता है- अरे तोएं मोके नी जानिस ला. मोय तो खुदे आदिवासी मन कर बड़का नेता. मोर नाम तो तोएं सुईन हिस न. वईसे भी ददा केकरो कुछो बोल जाते हैं. बड़का-बड़का नेतवन लोग के भी पानी पिलाइले रहते हैं. ई ददवा में दल-बदले वाला खासियत भी है. पहिले ददवा अपन अग्गू-भग्गू लोगन के साथे पार्टी बना लीहिस, ले किन सकिस न. फिर एगो बिना नाम सुनल पार्टिया के सिंबल पर विधानसभा पहुंच गईस. कई दफा विघानसबा चुनाउवा पटकनिया भी खा गए ददा. लेकिन राजनीति का नशा तो नशे न हैं. जब झारखंड-बिहार साथे-साथ था, तो ददा लालटेन के रोशनी में राजनीतिक भविष्य तलाशइत घूमईत रहते थे. लालटेन पार्टिया ददवा के एगो चेयरमैनशिप दे दीहिस था. लेकिन चांर दिन की चांदनी, फिर अंधेरिया रात वाली कहावत लागू हो गई. चूंकि ददवा बन मेहनत के सत्ता सुख भेंटा गईल था, तो सत्ता लगी हंफनी धर लीहिस. बिन सत्ता के मने न लगता था. उछल-कूद मचाईले रहिन. लालटेन फोड़ दीहिन. कभी घास-फूस पार्टिया में घुसियाए, तो कभी कंघी से चूल सजावेवाली पार्टिया में जंप लगाईले रहे. कंघी में चांस मिल गईस, लेकिन ऊ पार्टिया के बड़का नेताजी बीचे रास्ता में गच्चा देकर कमल फूल खिलावे लगी पूरा का पूरा का पार्टिया लेले- देले घुसिया गिये, तो ददा एगो संथाल इलाका वाला नेताजी के साथे पंजा लड़ावे लगी घुसिया गिये. ददा के ऊ पार्टिया में जगहवो मिल गईस. अब पैर धरे के जगहवा मिल गईस, तो लगे हथवो फैलावे और पैरवो फैलावे. रांची से लेकर दिल्ली तक हाफ-डीप कईले रहे. लेकिन सेटिंग-गेटिंग में पिछुवा गिये, तो हांफे लगे. ददवा के बुझाए लग गिया कि भाई ईहां राह तनिका कठिन है. लेकिन ददा तो ददा ठहरे. कहां हार मानेवाला है. लगल हैं पंजवा में पंजा लडाव़े के जुगाड़-पानी ला. वईसे बता दें कि ददा पहिले बैंकों के नौकरिया कर लीहिन हैं. लेकिन कहे न मैथ्सवा में स्कूले लेवल से कमजोर रहिन थे, तो बैंकवो वाला नौकरिया में भी गलती-सलती कर दीहिन. बैंकवों की नौकरिया से हाथ धोवे पड़ गईस था. अब मैथ्सवा में कमजोर होवे के कारण छोटा-छोटा अमाउंटवा के भी हिसाब-पत्तर रखे में पिछुवा गिये, तो फंसिए गिये. अईसन हो गिया कि ददा चुनावे न लड़ पा रहिन हैं, लेकिन बेटी के विधायक बनवा के ओकरे सहारे अपनो नेतागिरी चमकाईले हैं. अब आगे-आगे देखिए होता है क्या. ददवा के पंजवा लड़वईया पार्टिया में तनिका धाक तो जरूर है, लेकिन ऊ पार्टिया में एक से बढ़कर एक घाघवन ढुकल है, तो ओकरे से पार पावे में पसीनवा छूट जा रहिस है. लेकिन बड़ बोलू नेताजी अपनी आदत से कहां बाज आनेवाले हैं, खुद को आदिवासियों को बड़का नेता बताइले अपने पीठवा खुदे थपथपाईले घूमईत रहते हैं. दिन रात जुगड़े मैनेजमेंट लगल रहते हैं.

### ब्रीफ खबरें

#### बदले गये 91 अंचल के सीओ राम प्रवेश भेजे गए नामकुम

**रांची।** राज्य सरकार ने बड़े पैमाने पर अंचल अधिकारियों का तबादला किया है. भू-राजस्व विभाग ने 91 अंचल अधिकारियों की ट्रांसफर-पोस्टिंग से संबंधित अधिसूचना शुक्रवार देर रात जारी की है. राम प्रवेश कुमार को नामकुम का सीओ बनाया गया है. वहीं मो. अनीस को इटकी, राजेश कुमार को नगड़ी, चंचला कुमार को मांडर, हंस हेंब्रोम को बुंडू, प्रवीण कुमार सिंह को सिल्ली, शिशुपाल आर्य को खूंटी सदर, मनोज कुमार चौरसिया को पतरातू रामगढ़, मनोज कुमार को बड़कागांव (हजारीबाग) और बिजय कुमार महतो को कटकमदाग (हजारीबाग) का सीओ बनाया गया है.

#### चार सार्जेंट मेजर का तबादला एक का ट्रांसफर रद्द

**रांची।** झारखंड पुलिस मुख्यालय ने चार सार्जेंट मेजर का तबादला किया है. वहीं एक सार्जेंट मेजर का ट्रांसफर रद्द कर दिया है. डीजीपी के आदेश पर डीआईजी कार्मिक ने इससे संबंधित आदेश जारी किया है. जारी आदेश के मुताबिक, ब्रजेश कुमार को स्पेशल ब्रांच, अजीत कुमार चौबे को जामताड़ा, राजेश रंजन को सीटीसी मुसाबनी और विधान चंद्र शर्मा को सीटीसी मुसाबनी में तबादला किया गया. जबकि अभिनव पाठक का ट्रांसफर रद्द करते हुए उन्हें केंद्रीय वस्त्र भंडार रांची में पदस्थापित किया गया.

#### संदीप नागपाल बने रेलवे के डीआरयूसीसी सदस्य

**रांची ।** रांची नागरिक समिति के सचिव छोटानागपुर पैसेंजर एसोसिएशन ऑफ झारखंड के अध्यक्ष संदीप नागपाल एक बार फिर से रेलवे के डीआरयूसीसी सदस्य मनोनीत किए गए. मालूम हो कि संदीप नागपाल पिछले कई वर्षों से रेलवे में यात्रियों की जन सुविधाओं की आवाज को रेलवे अधिकारियों एवं रेल मंत्रियों तब हमेशा उठाते आए हैं, ताकि यात्रियों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध हो सके. वे पिछले कई वर्षों से रेलवे के सलाहकार समिति के सदस्य के रूप में भी योगदान दे चुके हैं. नागपाल के डीआरयूसीसी सदस्य का कार्यकाल 16 अगस्त 2026 तक रहेगा, उनके रेलवे के डीआरयूसीसी सदस्य बनने पररक्षा राज्य मंत्री एवं सांसद संजय सेठ, हटिया विधायक नवीन जायसवाल, पूर्व उप महापौर संजीव विजय वर्गीय, पवन मंत्री, भाजपा महानगर अध्यक्ष वरुण साहू, अरुण जोशी, आशीष भाटिया, अश्वनी मल्होत्रा, पूनम आनंद, आदित्य मल्होत्रा, रतन चोपड़ा, गुनीश अरोड़ा, संजय जैन, शंभू प्रसाद ने बधाई दी है.

## नयी दिल्ली के आईसीसीआर परिसर में कार्यक्रम का आयोजन

# आईसीसीआर और झारखंड पर्यटन कला संस्कृति विभाग के बीच एमओयू साइन

संवाददाता। रांची



एमओयू साइन करने के बाद पदाधिकारी.

भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद (आईसीसीआर) और झारखंड पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग के बीच एमओयू हुआ. नई दिल्ली के आईसीसीआर परिसर में शनिवार को आयोजित कार्यक्रम में समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया गया. आईसीसीआर के महानिदेशक कुमार तुहिन की उपस्थिति में झारखंड सरकार के कला संस्कृति निदेशक आसिफ एकराम ने और आईसीसीआर की उप महानिदेशक अंजू रंजन ने समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये. कार्यक्रम में झारखंड सरकार के सांस्कृतिक कार्य निदेशालय के उप निदेशक जितेंद्र बहादुर सिंह और प्रशाखा पदाधिकारी विवेक कुमार सिंह उपस्थित रहे.

**कलाकारों को विदेशों में कला का प्रदर्शन करने के लिए मिलेगा विस्तृत मंच :** झारखंड सरकार ने पहली बार आईसीसीआर के साथ राज्य की कला और संस्कृति की अभिव्यक्ति, प्रचार-प्रसार और विकास के क्षेत्र में एमओयू किया है. इससे राज्य की समृद्ध कला संस्कृति का प्रचार-प्रसार विदेशों में किया जा सकेगा. राज्य के कलाकार विदेशों में अपनी कला का प्रदर्शन करने के लिए विस्तृत मंच प्राप्त होगा. इस सांस्कृतिक आदान प्रदान से राज्य के कलाकारों को भी लाभ प्राप्त होगा. बता दें कि 11 नवंबर 2022 को आयोजित सांस्कृतिक सम्मेलन में 21 राज्यों ने पहले ही आईसीसीआर के साथ एमओयू कर लिया है.

**सरकार का विदेशों में बढ़ेगा सांस्कृतिक और राजनयिक संबंध :** आईसीसीआर के महानिदेशक कुमार तुहिन ने कहा कि यह अत्यंत हर्ष की बात है कि झारखंड सरकार ने इस समझौते पर हस्ताक्षर किया है. इससे आईसीसीआर और झारखंड सरकार के बीच संबंध बेहतर होंगे. सरकार का सांस्कृतिक और राजनयिक संबंध विदेशों में बढ़ेगा. वहीं झारखंड सांस्कृतिक कार्य निदेशक आसिफ एकराम ने कहा कि इस समझौते पर हस्ताक्षर होने से झारखंड की समृद्ध सांस्कृतिक परंपराओं का भारत और विदेशों में प्रचार प्रसार होगा. राज्य के कलाकारों को विदेशों में अपनी कला का प्रदर्शन के लिए विस्तृत मंच प्राप्त होगा. साथ ही विदेशों की कला संस्कृति का झारखंड में प्रदर्शन होने से पर्यटन और कला संस्कृति का विकास होगा. बता दें विदेश मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद (आईसीसीआर), देश और विदेश में विभिन्न शैक्षणिक, सांस्कृतिक और कला से संबंधित कार्यक्रमों का आयोजन और संचालन करती है.

## 5277 पंडालों में होगी दुर्गा पूजा 2346 लाइसेंसी व 2931 गैर लाइसेंसी

सौरभ सिंह। रांची

**झारखंड पुलिस की रिपोर्ट**

दुर्गा पूजा की शुरुआत 3 अक्टूबर से होगी. झारखंड के सभी जिलों में भव्य तरीके से दुर्गा पूजा का आयोजन किया जाएगा. सभी जगहों पर पूजा पंडाल का निर्माण लगभग पूरा कर लिया गया है. झारखंड पुलिस की रिपोर्ट की मानें तो राज्य में इस बार 5277 पंडालों में दुर्गा पूजा का आयोजन किया जाएगा. इनमें 2346 पूजा पंडाल लाइसेंसी और 2931 गैर लाइसेंसी हैं. रिपोर्ट के अनुसार, जमशेदपुर में सबसे अधिक 408 लाइसेंसी दुर्गा पूजा पंडाल हैं. वहीं गढ़वा में 640 गैर लाइसेंसी दुर्गा पूजा पंडाल बन रहे हैं. दुर्गा पूजा के दौरान राज्य में विधि व्यवस्था की कोई समस्या उत्पन्न ना हो, इसको लेकर भी झारखंड पुलिस सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम कर रही है. मुख्य सचिव ने शुक्रवार को विधि व्यवस्था रांची में एक अहम बैठक की थी. इसमें पुलिस के आला अधिकारी भी शामिल हुए. मुख्य सचिव एल खियांग्ते ने पुलिस पदाधिकारियों को इस बैठक में जरूरी निर्देश दिये. उन्होंने थाना स्तर पर शांति समिति की बैठक करने को कहा है. साथ ही समाज के प्रबुद्ध व्यक्तियों को अपने साथ जोड़ने और विधि-व्यवस्था बनाये रखने में उनकी मदद लेने को भी कहा है.

**जानें किस जिले में कितने लाइसेंसी व गैर लाइसेंसी दुर्गा पूजा पंडाल**

| जिला | लाइसेंसी | गैर लाइसेंसी |
|---|---|---|
| रांची | 130 | 277 |
| खूंटी | 33 | 28 |
| सिमडेगा | 31 | 19 |
| गुमला | 49 | 40 |
| जमशेदपुर | 408 | 128 |
| चाईबासा | 97 | 10 |
| सरायकेला | 89 | 97 |
| बोकारो | 147 | 177 |
| धनबाद | 241 | 105 |
| रामगढ़ | 81 | 59 |
| हजारीबाग | 163 | 54 |
| चतरा | 71 | 119 |
| गिरिडीह | 120 | 80 |
| कोडरमा | 57 | 6 |
| लातेहार | 67 | 54 |
| पलामू | 96 | 454 |
| गढ़वा | 27 | 640 |
| देवघर | 46 | 149 |
| जामताड़ा | 74 | 59 |
| दुमका | 101 | 115 |
| गोड्डा | 34 | 64 |
| साहिबगंज | 48 | 60 |
| पाकुड | 45 | 72 |
| **कुल** | **2346** | **2931** |

### कोर्ट की खबरें

## हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट जाएगी राज्य सरकार

विनीत आभा उपाध्याय। रांची

**बांग्लादेशी घुसपैठ मामला**

संथाल परगना इलाके में बांग्लादेशी घुसपैठ को रोकने और इसकी जांच के लिए दायर जनहित याचिका पर हाईकोर्ट द्वारा दिये गये आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी जाएगी. राज्य सरकार की ओर से अगले सप्ताह सुप्रीम कोर्ट में एसएलपी (स्पेशल लीव पिटीशन) दाखिल कर हाईकोर्ट के आदेश को निरस्त किये जाने की मांग की जाएगी. एसएलपी दायर करने से पहले सभी कानूनी पहलुओं पर विचार कर लिया गया है. राज्य सरकार हाईकोर्ट के उस आदेश को चुनौती देगी, जिसमें अदालत ने घुसपैठ की जांच के लिए केंद्र और राज्य सरकार से फैक्ट फाइंडिंग कमेटी गठित करने और इसके लिए दो अधिकारियों का नाम 30 सितंबर से पूर्व अदालत को बताने का निर्देश दिया था.

**हाईकोर्ट में एक अक्टूबर को होगी सुनवाई :** बता दें कि जमशेदपुर के रहने वाले दानयल दानिश ने बांग्लादेशी मूल के लोगों द्वारा संथाल के इलाके में घुसपैठ का मामला उठाते हुए हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर की है. इस याचिका पर अब तक की हुई सुनवाई में केंद्र सरकार ने अपने जवाब में कहा है कि संथाल इलाके में आदिवासियों की संख्या घटी है और वहां की जमीन मुस्लिम धर्म के लोगों को गिफ्ट डीड के जरिये दी जा रही है. वहीं केंद्र ने अपने हलफनामे में यह भी बताया है कि संथाल इलाके में ईसाई समुदाय के लोगों की संख्या में कई गुणा इजाफा हुआ है और आदिवासियों की आबादी 44 फीसदी से मात्र 28 फीसदी रह गयी है. हालांकि बांग्लादेशी मूल के व्यक्तियों द्वारा घुसपैठ किये जाने को लेकर कोई ठोस जानकारी नहीं दी गयी है. दानयाल दानिश की जनहित याचिका 1 अक्टूबर को सुनवाई के लिए हाईकोर्ट के सूचीबद्ध है.

### लोक अदालत में 36 मामलों का निष्पादन



**रांची।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा) के निर्देश पर शनिवार को हाईकोर्ट में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया. हाईकोर्ट के न्यायाधीश रंगन मुखोपाध्याय, जस्टिस रत्नाकर भेंगरा और जस्टिस दीपक रौशन की अध्यक्षता में कुल तीन बेंचों का गठन किया गया. तीनों बेंचों में हाईकोर्ट में लंबित रिट, पेंशन, मोटर एक्सीडेंट क्लेम, भूमि विवाद और सुलहनीय अपराधिक मामलों की सुनवाई हुई. पेंशन तथा वाहन दुर्घटना मामले से संबंधित इंश्योरेंस कंपनियों के पदाधिकारी, पक्षकारों व उभय पक्षों के अधिवक्ताओं के सकारात्मक प्रयासों के फलस्वरूप तीन करोड़ रुपये से अधिक राशि का लाभ विभिन्न लाभुकों को प्राप्त हुआ. लोक अदालत में कुल 36 मामलों का निष्पादन किया गया. अनुकंपा के आधार पर सीसीएल के कुल 10 लाभुकों को नियुक्ति पत्र भी दिये गये.

## झारखंड में 14,16,114 मामले निष्पादित

विधि संवाददाता। रांची

झालसा के दिशा-निर्देश पर हाईकोर्ट समेत जिला अदालतों में शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत लगाई गई. जिसका उद्घाटन हाईकोर्ट के न्यायाधीश सह झालसा के कार्यकारी अध्यक्ष जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद ने किया.

राष्ट्रीय लोक अदालत में झारखंड में कुल 14,16,114 मामलों का सफलता पूर्वक निष्पादन किया गया. वहीं 13,82,76,78,746 रुपए का सेटलमेंट किया गया. हाईकोर्ट से लेकर अनुमंडल न्यायालयों में राष्ट्रीय लोक अदालत लगायी गयी थी. लोक अदालत में अलग अलग कोर्ट में लंबित 1,11,405 मामले और प्री-लिटिगेशन के 13,04,709 मामलों का निष्पादन किया गया. हाईकोर्ट में आयोजित लोक अदालत में कोर्ट में लंबित 26 एवं प्री-लिटिगेशन के 10 मामले कुल 36 मामलों का निष्पादन किया गया.

क्लासिफाइड




## विधानसभा चुनाव

### इंदर सिंह नामधारी अभी वेट एंड वॉच की स्थिति में

# आलोक या त्रिपाठी, कहीं फिर नामधारी नाम न चले

- **भाजपा विधायक आलोक चौरसिया हैट्रिक लगाने की तैयारी में**
- वर्ष 2009 में केएन त्रिपाठी ने दिलीप नामधारी को हराया था
- **17 चुनाव में से छह बार नामधारी और चार बार पूरनचंद ने जीत हासिल की**

संवाददाता। रांची

झारखंड विधानसभा चुनाव 2024 को लेकर सभी राजनीतिक दलों के साथ ही चुनाव लड़ने को इच्छुक नेताओं ने भी अपनी तैयारियां शुरू कर दी है. डालटनगंज विधानसभा सीट से छह बार चुनाव में विजयी रहे इंदर सिंह नामधारी अब अपनी राजनीतिक विरासत पुत्र दिलीप सिंह नामधारी को सौंपना चाहते हैं. वहीं वर्तमान विधायक आलोक चौरसिया इसबार हैट्रिक मारने की तैयारी मै है.2014 में झाविमो से पहली बार विधायक चुनकर कर विधानसभा पहुंचे,पाला बदलकर भाजपा में शामिल हुए आलोक इस बार हैट्रिक लगाने की चैयारी कर रहे है. वहीं पिछले दिनों इंदर सिंह नामधारी ने नई दिल्ली जाकर कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे से मुलाकात कर चुके हैं. इसके अलावा पुत्र को टिकट दिलवाने के लिए नामधारी बीजेपी नेताओं से भी संपर्क में हैं. हालांकि वर्ष 2019 के विधानसभा चुनाव में डालटनगंज सीट से बीजेपी टिकट पर आलोक चौरसिया ने जीत हासिल की थी. ऐसे में इंदर सिंह नामधारी चाहते हैं कि इस बार आलोक चौरसिया की जगह बीजेपी उनके पुत्र दिलीप सिंह नामधारी को उम्मीदवार बनाए. इससे पहले वर्ष 2009 में भी दिलीप सिंह नामधारी को बीजेपी ने उम्मीदवार बनाया था, लेकिन उन्हें जीत नहीं मिली थी.

झारखंड विधानसभा के पहले अध्यक्ष और चतरा से निर्दलीय सांसद रह चुके इंदर सिंह नामधारी की गिनती राज्य के प्रमुख दिग्गज नेताओं में होती है. डालटनगंज विधानसभा सीट से सबसे अधिक छह बार जीतने का रिकॉर्ड भी उनके ही नाम हैं, लेकिन पिछले कुछ वर्षों से सक्रिय राजनीति से दूर इंदर सिंह नामधारी की कोशिश है कि दिलीप सिंह नामधारी भी झारखंड की राजनीति में स्थापित हो जाए. यही कारण है कि कुछ दिन पहले इंदर सिंह नामधारी ने गुपचुप तरीके से दिल्ली में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे से भी मुलाकात की. बताया जाता है कि इस मुलाकात के दौरान कांग्रेस अध्यक्ष की ओर से टिकट को लेकर नामधारी को कोई ठोस आश्वासन नहीं दिया गया. उन्हें सलाह दी गई कि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष से बात करें और पार्टी में शामिल हो जाए. दूसरी तरफ इंदर सिंह नामधारी बीजेपी के भी कई शीर्ष नेताओं से संपर्क में है. लेकिन बीजेपी विधायक आलोक चौरसिया का टिकट काट कर दिलीप सिंह नामधारी को उम्मीदवार बनाए जाने को लेकर उन्हें कोई ठोस आश्वासन नहीं मिला है. इस कारण अभी उनके लिए ऊहापोह की स्थिति है और वो सही समय का इंतजार कर रहे हैं.

वर्ष 2009 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी केएन त्रिपाठी ने बीजेपी प्रत्याशी दिलीप सिंह नामधारी को पराजित किया। इस चुनाव के बाद केएन त्रिपाठी झारखंड कांग्रेस में एक बड़े नेता बनकर उभरे. वहीं चुनाव हार जाने के कारण दिलीप नामधारी को बड़ा झटका लगा.












राज्यभर की खबरों के लिए स्कैन करें

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार




www.lagatar.in

धनबाद, रविवार 29 सितंबर 2024 ● आश्विन कृष्ण पक्ष 12 संवत 2081 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ 6 ● वर्ष : 2, अंक : 171

आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र

## ब्रीफ खबरें

### चिराग पासवान आज धनबाद में



**धनबाद।** लोक जनशक्ति पार्टी (आर) के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह केन्द्र सरकार में मंत्री चिराग पासवान रविवार को धनबाद स्थित बीसीसीएल के नेहरू स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में जन आक्रोश रैली को संबोधित करेंगे. चिराग पासवान एक दिवसीय दौरे पर सुबह सेवा विमान नई दिल्ली से रांची पहुंचेंगे, जहाँ कार्यकर्ताओं द्वारा उनका भव्य स्वागत किया जाएगा. उसके बाद पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकताओं संग सड़क मार्ग से वे धनबाद स्थित बीसीसीएल के नेहरू स्पोर्टस कॉम्प्लेक्स में हुंकार भरेंगे. कार्यक्रम की जानकारी देते हुए पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष अदित्य विजय प्रधान ने बताया कि विधानसभा चुनाव को देखते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष द्वारा लगातार दौरा किया जा रहा है.

### भागलपुर के युवक की ट्रेन से गिरकर मौत

**मैथन।** भागलपुर के युवक (22) की कुमारधुबी में ट्रेन से गिरकर मौत हो गयी. संभवतः पोल से टकराने से उसकी मौत हुई है. उसके सर के पीछे गंभीर चोट के निशान थे. पोल संख्या 233/17 के पास वह औंधे मुंह मृत पड़ा हुआ था. शिवलीबाड़ी मुण्डाधौड़ा के लोगों ने सुबह उसे देखा. मृतक की जिंस पैंट की जेब में मोबाइल की घंटी बज रही थी. लोगों ने पैंट की जेब से मोबाइल निकालकर परिजनों एवं कुमारधुबी पुलिस को तत्काल सूचना दी. सूचना पर कुमारधुबी पुलिस व बराकर सीआरपीएफ टीम मौके पर पहुंची. कुमारधुबी पुलिस ने शव को जप्त कर पोस्टमार्टम के लिये धनबाद भेज दिया. मृतक के परिजनों ने बताया कि उसका नाम अनुराग कुमार है. वह अपने बड़े भाई के साथ शुक्रवार देर रात वनांचल एक्सप्रेस ट्रेन से रांची जा रहा था.

### मजदूर की महाराष्ट्र में ट्रेन से कटकर मौत

**तोपचांची।** तोपचांची प्रखंड के चितरपुर पंचायत के मंझलाडीह गांव निवासी प्रवासी मजदूर गिरधारी महतो (33) की महाराष्ट्र में ट्रेन से कटकर मौत हो गई. घटना बीते गुरुवार की बताई जाती है. शनिवार की सुबह गिरधारी महतो का शव उसके पैतृक गांव पहुंचा. शव पहुंचते ही परिजन चित्कार मारकर रोने लगे. रोते-बिलखते परिजनों को ग्रामीणों ने ढाढस बंधाया. मृतक अपने पीछे मां और पत्नी समेत तीन बेटे छोड़ गया है. मृतक महाराष्ट्र के जिस कंपनी में कार्यरत था उससे मुआवजा की मांगकर ग्रामीणों ने शव एंबुलेंस से नहीं उतारने दिया. ग्रामीणों का कहना है कि कंपनी मुआवजा के तौर पर सिर्फ 1 लाख 50 हजार रुपए देने पर सहमत है, जबकि रकम और ज्यादा होना चाहिए. कंपनी उचित मुआवजा दे, उसके बाद ही शव उतारने दिया जाएगा. इस वजह से शव घंटों एंबुलेंस में ही पड़ा रहा.

### बीएसएनल घोटाला में बीस वर्ष बाद रिहाई

**धनबाद।** 44 हजार 872 रूपए के बीएसएनल घोटाला कांड मे बीस वर्ष तक चली लंबी सुनवाई के बाद धनबाद सीबीआई के विशेष न्यायाधीश रजनीकांत पाठक की अदालत ने वरीय अधिवक्ता शाहनवाज, अंशु श्रीवास्तव, मनोज कुमार सिन्हा, कुमार मनीष की दलील सुनने के बाद मामले के नामजद सभी आरोपी प्रेम शंकर प्रसाद (एसडीई बीएसएनल धनबाद), सुनील शर्मा, अजय राणा, हेमंत गुप्ता, प्रदीप यादव, राजेश कुमार सिंह, प्रियदर्शी अशोक, राजेश कुमार, अशोक कुमार महतो, शैलेश कुमार श्रीवास्तव, ज्योति कुमार, शंकर मंडल, परमेंदर कुमार को साक्ष्य के अभाव में बाईज्जत बरी करने का आदेश दिया. सीबीआई ने वर्ष 04 में कुल 16 लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की थी. प्राथमिकी में सीबीआई ने आरोप लगाया था कि वर्ष 01 से 03 के दौरान ग्रामीण क्षेत्रों में बीएसएनएल द्वारा भीपीटी टेलीफोन कनेक्शन लगाना था.

## हरियाजाम कोलियरी से स्थानांतरण कर आए कर्मी से बीस हजार ले रहे थे रिश्वत

# सीबीआई ने कोलियरी मैनेजर-हाजिरी बाबू को रिश्वत लेते दबोचा

- इसीएल मुगमा क्षेत्र के श्यामपुर बी कोलियरी का मामला
- तीन दिनों की सीबीआई की रिमांड पर मैनेजर व क्लर्क, हो रही पूछताछ

**संवाददाता। निरसा बाजार**



इसीएल मुगमा क्षेत्र के श्यामपुर बी कोलियरी के प्रबंधक प्रवीण कुमार मिश्रा व कलर्क गौर रवानी को रिश्वत लेते शुक्रवार की रात सीबीआई की टीम ने धर दबोचा. प्रबंधक के आवास से बीस हजार रुपए लेते गिरफ्तारी की गई है. सीबीआई की टीम ने दोनों से मुगमा स्थित ईसीएल के गेस्ट हाउस में पूछताछ की. सीबीआई ने शनिवार को दोनों को कोर्ट में हाजिर किया. जहां तीन दिनों की रिमांड दी गई. रिमांड पर लेने के बाद सीबीआई दोनों से पूछताछ में जुटी है. पुलिस ने कई लैपटॉप समेत दस्तावेज भी जब्त किए हैं. दोनों की संपत्ति खंगाली जा रही है, यदि आय से अधिक संपत्ति का पता चला तो एक और मुकदमा इनके खिलाफ जांच एजेंसी दर्ज कर सकती है. सीबीआई ने उक्त कार्रवाई हड़ियाजाम कोलियरी से स्थानांतरित होकर श्यामपुर बी कोलियरी में पदस्थापित मोहम्मद सलीम की शिकायत पर की है. मो. सलीम ने श्यामपुर बी कोलियरी के मैगजीन क्लर्क के पद पर पदस्थापन का आवेदन दिया था. इसके एवज में मो. सलीम से रिश्वत की मांग कोलियरी प्रबंधक पीके मिश्रा ने की थी. जिसकी शिकायत उन्होंने सीबीआई से की थी. सीबीआई की टीम ने जाल बिछाकर प्रबंधक व कलर्क को पैसे लेते रंगेहाथ गिरफ्तार कर लिया. गिरफ्तारी की खबर जंगल में आग की तरह फैल गई. सीबीआई की इस कार्रवाई से ईसीएल मुगमा एरिया में हड़कम्प मच गया. सीबीआई की टीम ने मैनेजर के आवास का गहनता से छानबीन भी किया है और कुछ कागजात व लैपटॉप जब्त की है. शनिवार सुबह करीब 8.30 बजे सीबीआई ने दोनों को धनबाद ले आई और फिर कोर्ट में पेश किया गया.

### हाजिरी बाबू ने ली थी मैनेजर की रकम

मजदूरों का आरोप है कि किसी भी तरह की काम के लिए पैसे की मांग करना प्रबंधक प्रवीण कुमार मिश्रा की आदत बन गई थी. मजदूरों से खदान के अंदर के मजदूरों को सर्फेस में कार्य आदेश के लिए पैसे की मांग की जाती थी और जो कर्मचारी पैसे देते हैं उनको मनपसंद जगह पोस्टिंग करते थे. वहीं गौरचंद्र गोराई जेनेरल मजदूरों का हाजिरी बनाते हैं. गोराई ने ही मैनेजर प्रवीण कुमार मिश्रा के लिए 20 हजार रूपये लिया और पकड़ा गया. पूछताछ में सीबीआई के समक्ष उसने स्वीकार किया कि रकम मैनेजर के कहने पर उनके लिए लिया है. गोराई के बयान पर सीबीआई ने मैनेजर प्रवीण कुमार मिश्रा को गिरफ्तार किया और दोनों से रात भर मुगमा क्षेत्रीय गेस्ट हाउस में पूछताछ की. बताते चलें कि प्रवीण कुमार मिश्रा आईआईटी खड़कपुर से बीटेक करने के बाद ईसीएल मुगमा क्षेत्र में सहायक प्रबंधक के पद पर योगदान दिया. उसके बाद वर्ष 2019 में खुदिया कोलियरी में प्रबंधक के पद पर स्थानांतरित किया गया. वहां दिसंबर 2020 में लापारवाही बरतने के कारण दो कर्मचारियों का खदान दुर्घटना में मौत का आरोप चल ही रहा था, कि श्यामपुर बी कोलियरी में भ्रष्टाचार के आरोप में गिरफ्तारी हुई. सीबीआई टीम की इस कार्रवाई से जहां अधिकारियों के बीच हड़कंप मचा हुआ है वहीं मजदूर वर्ग में खुशी देखी जा रही है.

### नेशनल लोक अदालत में 9 अरब 60 करोड़ की रिकवरी

**धनबाद।** नालसा के निर्देश पर वर्ष 24 के तिसरे नेशनल लोक अदालत का उद्घाटन शनिवार को धनबाद के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह डालसा के चेयरमैन राम शर्मा ने किया.मुकदमों के निपटारे के लिए प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के आदेश पर 12 बेंच का गठन किया गया था. जिनके द्वारा विभिन्न तरह के सुलहनीय विवादों का निपटारा किया गया. विधिक सेवा प्राधिकार राकेश रोशन एवं मुख्य न्यायाधीश दंडाधिकारी आरती माला ने बताया कि नेशनल लोक अदालत में शुरूआत के केवल चार घंटे मे ही 17 हजार सिविल कोर्ट में लंबित विवादों का निपटारा कर दिया गया. विभिन्न विभागों से संबंधित 90 हजार प्रिलेटिगेसन मामलों का निपटारा किया गया. इन मुकमदों से करीब साढ़े नौ अरब रुपये की रिकवरी हुई. न्यायिक पदाधिकारियों में प्रधान न्यायाधीश कुटुंब न्यायालय टी हसन मौजूद थे.

# दस लाख के इनामी नक्सली रामदयाल ने किया आत्मसमर्पण

- आत्मसमर्पण नीति से गिरिडीह के नक्सली संगठन को झटका
- 10 लाख का चेक और घर बनाने के लिए मिले 50 हजार

**संवाददाता। गिरिडीह**



झारखंड पुलिस के आत्म समर्पण नीति नई दिशा नई पहल ने गिरिडीह के नक्सली भाकपा माओवादी को शनिवार को बड़ा झटका दिया है. दस लाख के इनामी नक्सली और नक्सली संगठन के जोनल कमिटी के 70 वर्षीय सदस्य राम दयाल महतो उर्फ बच्चन दा उर्फ नीलेश दा उर्फ अमर दा ने गिरिडीह में डीआईजी सुनील भास्कर और एसपी डॉक्टर विमल कुमार के समक्ष आत्म समर्पण कर दिया. न्यू पुलिस लाइन के मीटिंग हाल में एक बड़े कार्यक्रम में पीरटांड़ थाना इलाके के पिपराडीह गांव के इस इनामी नक्सली रामदयाल महतो ने आत्मसमर्पण किया. इस दौरान डीआईजी और एसपी के साथ सीआरपीएफ कमांडेंट डीएस भाटी और एसएसबी कमांडेंट संजीव कुमार, एसडीपीओ सुमित प्रसाद, डीएसपी कोसर अली ने आत्मसमर्पण करने वाले इस इनामी नक्सली रामदयाल को माला पहना कर और दस लाख का चेक देकर मुख्यधारा से जुड़ने पर स्वागत किया. नई दिशा नई पहल आत्मसमर्पण नीति के तहत गिरिडीह पुलिस ने रामदयाल महतो को घर बनाने के लिए चार डिसमिल जमीन के साथ 50 हजार का नगद राशि भी दिया.वही इनाम की राशि भी रामदयाल महतो को दिया गया. इधर डीआईजी सुनील भास्कर और एसपी कार्यक्रम के दौरान बताया की जोनल कमिटी का सदस्य रामदयाल महतो के खिलाफ धनबाद के तोपचांची, बरवाअड्डा के साथ गिरिडीह के पीरतांड, डुमरी, मधुबन थाना में 50 से अधिक नक्सली घटनाओं के केस दर्ज है. ऐसे में इस इनामी नक्सली के आत्मसमर्पण के बाद पीरटांड़ और गिरिडीह के सीमावर्ती इलाकों में नक्सली संगठन को बड़ा झटका लगा है. रामदयाल महतो के आत्मसमर्पण में इसके बेटे ने बड़ी भूमिका निभाया है. इसके बेटे ने ही पिता रामदयाल महतो को पुलिस के सामने आत्मसमर्पण करने को कहा . इधर डीआईजी और एसपी ने कार्यक्रम के दौरान कहा की नक्सली अब बंदूक उठाकर थक चुके है और वे जानते है उनकी जान को बेहद अधिक खतरा है. इस कारण नक्क्सी अब मुख्यधारा से जुड़ रहे है . इसलिए एक एक नक्सली से कहना है अभी भी वक्त है की वो आत्म समर्पण करें, और नही करने पर उन्हें पुलिस की गोली या बचे तो जेल की सजा काटना तय है. वहीं सरेंडर के बाद इस इनामी नक्सली रामदयाल महतो ने स्वीकारा की अब नक्सली संगठन का विचार बदल चुका है. वो पहले ही आत्म समर्पण करने वाले थे, लेकिन उस वक्त तक इलाके में नक्सलियों का खौफ और भय था. इस कारण वो हिम्मत नहीं जुटा पाए. बताते चलें कि लगभग 50 नक्सली केस में रामदयाल महतो के खिलाफ 2022 में डुमरी थाना तालियाबहार में उप मुखिया असलम अंसारी को पुलिस मुखबिर बताकर हत्या करना के साथ कई बड़े नक्सली विस्फोट कर सरकारी भवनों को उड़ाना शामिल हैं.

# पूजा पंडालों में सीसीटीवी व वॉलिंटियर्स के बनाएं आइडी कार्ड : एसएसपी

- धनबाद पुलिस की मासिक अपराध समीक्षा बैठक
- दुर्गा पूजा के दौरान थानेदारों को सक्रिय रहने का निर्देश

**संवाददाता। धनबाद**



धनबाद समाहरणालय स्थित पुलिस मुख्यालय के सभागार में शनिवार को वरीय पुलिस अधीक्षक हृदीप पी जनार्दनन की अध्यक्षता में क्राइम मीटिंग आयोजित की गई. समीक्षा बैठक में सिटी एसपी अजीत कुमार व ग्रामीण एसपी कपील चौधरी समेत डीएसपी, एसडीपीओ, इंस्पेक्टर व जिले के सभी थाना व ओपी प्रभारी उपस्थित रहे. एसएसपी द्वारा बैठक में लंबित कांडों के अनुसंधान तेज करने का निर्देश दिया गया. वहीं अपराधिक गतिविधि, अपराध नियंत्रण एवं विधि व्यवस्था संधारण को लेकर समीक्षा की गई. आगामी दुर्गा पूजा में सुरक्षा व्यवस्था आदि को लेकर थाना प्रभारियों को विशेष दिशा-निर्देश दिए गए. एसएसपी ने सभी थाना प्रभारियों को थाना स्तर पर शांति समिति की बैठक करने का निर्देश दिया. पूजा पंडालों में विधि व्यवस्था बनाए रखने, श्रद्धालुओं के आवागमन में सुरक्षा सुनिश्चित करने, असामाजिक व शरारती तत्वों पर निगरानी रखने, छेड़खानी व छिनतई की घटना ना हो इस पर विशेष फोकस करने का निर्देश दिया गया.एसएसपी ने सभी पूजा पंडाल का भौतिक निरीक्षण कर समिति से समन्वय स्थापित करते हुए सुरक्षा व्यवस्था को दुरुस्त करने का निर्देश सभी थाना प्रभारियों को दिया. उन्होंने सभी पूजा पंडाल व मेले में सीसीटीवी कैमरे लगवाने, वॉलिंटियर का पहचान पत्र सुनिश्चित करने को कहा. दुर्गा पूजा के दौरान डीजे के इस्तेमाल पर रोक रहेगी लिहाजा अनुशासन तोड़ने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश भी दिए गए. कहा कि धनबाद पुलिस सोशल मीडिया पर कड़ी निगरानी रख रही है. किसी तरह की अफवाह एवं भड़काऊ मैसेज पोस्ट करने वालों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी. अपराध नियंत्रण के लिए सभी थाना क्षेत्र में गश्ती बढ़ाने, खासकर बैंक, रेलवे स्टेशन के अलावा बाजार, मॉल व भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर नियमित गश्ती सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया.

## बरवाअड्डा में सड़क हादसा, वाहन के चिथड़े उड़े

# ऑल्टो कार ने खड़े ट्रक में मारी टक्कर, पति-पत्नी व बच्चा गंभीर

**संवाददाता। धनबाद**



बरवाअड्डा थाना क्षेत्र में शनिवार को एनएच 2 पर एक भीषण सड़क हादसा हुआ. ऑल्टो कार ने खड़े ट्रक में पीछे से टक्कर मार दी, जिसमें 4 लोग घायल हो गए. घायलों में पति-पत्नी और एक बच्चे की स्थिति गंभीर है, जबकि एक बच्ची को हल्की चोट आई है. सभी को शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था. घायलों को बेहतर इलाज के लिए रिम्स रांची रेफर किया गया है. लेकिन घर के परिजनों ने सभी को इलाज के लिए निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है. हादसे के बारे में बताया जा रहा है कि बड़ा जमुना कल्याणपुर से गोविंदपुर की ओर जा रही ऑल्टो कार में पति, पत्नी और दो बच्चे सवार थे. प्रत्यक्षदर्शी ने बताया कि हादसा इतना भीषण था कि वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया. घायलों की पहचान प्रदीप चंद्र डे, सम्पा डे, और उनके 3 साल के बेटे के रूप में हुई है, जबकि एक साल की बच्ची को हल्की चोट आई है. पुलिस पेट्रोलिंग गश्ती के सब इंस्पेक्टर रोबिनसन मुण्डरी ने बताया कि घटनास्थल पर पहुंचकर सभी को बाहर निकाला गया और ऑटो से धनबाद के शहीद निर्मल महतो कॉलेज अस्पताल लाया गया. परिजनों को सूचना दे दी गई. घटना की सूचना पाकर अस्पताल पहुंचे परिजनों ने घायलों को इलाज के लिए निजी अस्पताल ले जाने जाया गया.

# रामकनाली कोलियरी में सिलसिलेवार लूट

- प्रबंधन की कार्यशैली पर प्रश्नचिह्न
- सामान के साथ चाभी भी ले गए थे लुटेरे
- इंटरलॉक खोलने में उस चाबी का किया इस्तेमाल

**संवाददाता। कतरास**



बीसीसीएल एरिया-4 के रामकनाली कोलियरी के तीन नंबर सीम में लाखों रुपए के केबल लूट की घटना के बाद खदान के मुख्य दरवाजे की चाबी लुटेरों के पास होने का मामला प्रकाश में आने पर प्रबंधन ने आनन-फानन मे इंटरलॉक बदल दिया. इंटरलॉक की कीमत 800 रुपए बताई जाती है. अगर प्रबंधन पहली लूट की घटना के बाद ही इंटरलॉक बदल दिया होता तो शायद ये नौबत नहीं आती. जबकि कर्मियों ने लुटेरों द्वारा चाबी ले जाने की लिखित सूचना स्थानीय प्रबंधन को दी थी. बावजूद इसके प्रबंधन ने इंटरलॉक बदलना उचित नहीं समझा. वहीं प्रबंधन द्वारा इंटरलॉक नहीं बदलने के पीछे यूनियन प्रतिनिधियों ने गहरी साजिश बताई है. यूनियन प्रतिनिधियों का दावा है कि मामले की जांच कराने पर चौंकाने वाला परिणाम आएंगे. यूनियन प्रतिनिधियों के अनुसार तीन नंबर सीम बिजली घर में 22 सितंबर को लूटपाट हुई थी. लुटेरे मुख्य दरवाजे की चाबी भी अपने साथ ले गए थे. प्रबंधन को इस बात की जानकारी कर्मियों ने दी थी. 25 सितंबर की देर रात लूटपाट करने आए लुटेरों ने उस चाबी से इंटरलॉक खोलकर खदान के अंदर प्रवेश किया और कर्मियों को बंधक बनाकर केबल लूटकर चलते बने. रामकनाली कोलियरी में एक सप्ताह के दौरान चार बार लूट हुई है. 22 सितंबर बिजली घर में करीब तीन लाख रुपए की केबल की लूट हुई थी. 24 सितंबर को कैंप लैप घर में लुटेरों ने धावा बोलकर कर्मियों से लूटपाट की थी. 25 सितंबर को हॉलेज घर से करीब एक लाख की संपत्ति की लूट हुई. 26 सितंबर को फ्री सीम से करीब चार लाख रुपए की केबल की लूट हुई. सिलसिलेवार चार बार लूट की घटना से रामकनाली कोलियरी के प्रबंधन की कार्य शैली का अंदाजा लगाया जा सकता है. लूट की पहली घटना के बाद ही प्रबंधन को सक्रिय होना चाहिए था, लेकिन ऐसा नहीं हुआ. लूट का सिलसिला चलता रहा. लुटेरे आए और कर्मियों को बंधक बनाकर बेशकीमती सामान लूटकर चलते बने. लूट की यह चार घटना स्थानीय प्रबंधन की लापहरवाही को दर्शाता है. कंपनी को अब तक 8 से 10 लाख रुपए का नुकसान हो चुका है. इतना कुछ होने के बावजूद प्रबंधन इसकी रोकथाम के लिए सार्थक कदम नहीं उठा रहा है. वहीं इस संबंध में पूछे जाने पर जीएम सिक्योरिटी (मुख्यालय ) आनंद कुमार ने कहा कि एरिया-4 के जीएम से बातचीत कर घटना का अपडेट लिया जाएगा.

## कोशी बेसिन के जलग्रहण क्षेत्रों में अत्याधिक वर्षापात से हाईअलर्ट

# नेपाल में बारिश से साहिबगंज में बाढ़ के हालात

- आज बीरपुर बराज से छोड़ा जाएगा पानी साहिबगंज में पड़ेगा असर
- उपायुक्त समेत प्रशासनिक टीम ने किया निरीक्षण खाद्यान्न का वितरण

**संवाददाता। साहिबगंज**



शनिवार को कोशी नदी बेसिन में नेपाल प्रभाग स्थित विभिन्न क्षेत्रों में अत्यधिक वर्षापात दर्ज हुई है, जिसके फलस्वरूप कोशी नदी के जलश्राव एवं जलस्तर में अप्रत्याशित वृद्धि हुई है. साथ ही बाढ़ प्रबंधन सुधार सहायक केन्द्र, अनिसाबाद, पटना द्वारा किये गये पूर्वानुमान के अनुसार 28 सितंबर के अपराह्न 12 बजे कोशी नदी का जलश्राव बीरपुर बराज से 6,81,639 लाख क्यूसेक जलश्रय प्रवाहित होने की संभावना है. इस कारण आकस्मिक एवं अकस्मात स्थिति उत्पन्न हो सकती है. जलश्राय में पूर्वानुमानित अप्रत्याशित वृद्धि के फलस्वरूप निम्नप्रवाह के तटबंधी,संरचनाओं पर अत्यधिक दबाव पड़ने की संभावना है. कटाव, सीपेज, पाईपिंग, अंडर माईनिंग, ओभर-टॉपिंग, फ्लैश फ्लड आदि होने की संभावना भी हो सकती है. साहिबगंज जिला गंगा नदी में बढ़ते जलस्तर को देखते हुए एवं कोशी नदी से 6,81,639 लाख क्यूसेक जलाश्रय किया जाएगा, जिससे गंगा नदी में तीव्र गति से जलस्तर बढ़ेगा.दियारा वासियों को दियारा क्षेत्र को छोड़कर जिला प्रशासन द्वारा मुहैया कराई गई नाव से जिला प्रशासन द्वारा बाढ़ राहत शिविर में शरण लेने का निर्देश है. जिला प्रशासन द्वारा बाढ़ प्रभावित परिवारों के पास जाकर शकुंतला घाट साहिबगंज में जिला प्रशासन द्वारा बाढ़ प्रभावित परिवारों के बीच खाद्यान्न का वितरण किया जा रहा है. उपायुक्त हेमंत सती,वन प्रमंडल पदाधिकारी प्रबल गर्ग, अपर समाहर्ता गौतम भगत ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्र रामपुर दियारा का निरीक्षण किया. इस मौके पर साहिबगंज सीओ, सीआई कर्मचारी संजय गुप्ता,ओर अन्य लोग मौजूद थे.

# हाई स्पीड रेल प्रोजेक्ट को लेकर जल्द शुरू होगा जमीन अधिग्रहण

- अपर समाहर्ता ने की रैयतों के साथ बैठक

**संवाददाता। धनबाद**



नई दिल्ली से हावड़ा तक प्रस्तावित हाई स्पीड रेल प्रोजेक्ट को लेकर शनिवार को अपर समाहर्ता विनोद कुमार की अध्यक्षता में द नेशनल हाई स्पीड रेल कॉरपोरेशन लिमिटेड (एन.एच.एस.आर.सी.एल.), ओवरसीज मिंट कंसलटेंट, टीला कंसल्टेंट्स तथा धनबाद जिले के 69 गांव के रैयतों के साथ समाहरणालय के सभागार में बैठक आयोजित की गई. बैठक में भारत सरकार और रेलवे द्वारा तैयार एलाइनमेंट पर चर्चा की गई. अपर समाहर्ता ने कहा कि प्रोजेक्ट का एलाइनमेंट बनाते समय घनी आबादी, स्कूल, हॉस्पिटल, धार्मिक स्थल प्रभावित नहीं हो, इसे ध्यान में रखकर डीपीआर तैयार किया गया है. साथ ही कहा कि प्रत्येक गांव में भूमि अधिग्रहण करने से पहले अधिसूचना जारी की जाएगी. अधिसूचना के तहत जमीन का अधिग्रहण किया जाएगा. निर्धारित दर के अनुसार सरकार द्वारा प्रभावितों को मुआवजा दिया जाएगा. हाई स्पीड रेल प्रोजेक्ट पूरा होने के बाद झारखंड में कोडरमा और धनबाद में ट्रेन का ठहराव होगा. बैठक में 69 गांव के रैयतों ने अपने-अपने सुझाव भी रखें. बैठक में अपर समाहर्ता विनोद कुमार, द नेशनल हाई स्पीड रेल कॉरपोरेशन लिमिटेड की सीनियर मैनेजर निकिता धवन, ओवरसीज मिंट कंसलटेंट के फील्ड एग्जीक्यूटिव आरिफ अजीज, फील्ड सुपरवाइजर प्रमोद शर्मा, टिला कंसल्टेंट्स के प्रतिनिधि के अलावा बड़ी संख्या में रैयत मौजूद थे.

# कंपनियों का भ्रष्टाचार, जिम्मेवारों की लापरवाही और खतरे में जनता की जान

- अधिकारियों को नहीं दिखते लापरवाहियों के पहाड़

संवाददाता। झरिया

शुक्रवार की अहले सुबह बीसीसीएल एरिया 9 बस्ताकोला क्षेत्र के राजापुर आउटसोर्सिंग परियोजना के पूर्वी छोर मे तेज आवाज के साथ विशालकाय ओबी का ढेर भरभरा कर स्लाइड हो गया था. इस स्लाइड के साथ तेज आवाज से पूरा क्षेत्र दहल गया था और लोगों में भय का माहौल कायम हो गया था. आपको बता दें कि यह कोई पहाड़ नहीं बल्कि पहाड़ के जैसा मालवे का ढेर खड़ा किया गया है.जो कोयलांचल के विभिन्न क्षेत्रों में आउटसोर्सिंग कंपनियां आने के बाद खड़ी की गई और आप इसे विभिन्न क्षेत्रों में देख सकते हैं. इन पहाड़ों को ऐसी ऐसी जगह खड़ा किया गया है जिनकी बगल में बस्ती हैं और काफी संख्या में लोग उन बस्तियों में रहते भी हैं. अब उन लोगों के जान पर भी खतरा बनाया है कि यदि राजापुर की घटना के जैसी कोई घटना की दुबारा होती है और कोई बस्ती के लोग चपेट में आ गए तो उसमें जान- माल की कितनी क्षति होगी. इसका अंदाजा भी नहीं लगाया जा सकता है. पूरे कोयलांचल में ऐसे कई अनियमितता के पहाड़ खड़े हैं जो आम जनता के जान के लिए खतरा बने हुए हैं, लेकिन बीसीसीएल व जिम्मेवार अधिकारियों को यह दिखाई नहीं पड़ता है.



### मुख्यमार्ग को भी कर सकता है प्रभावित

**झरिया।** धनबाद मुख्य मार्ग के बस्ताकोला में भी मुख्य मार्ग से कुछ कदमों की दूरी पर ही ओबी डंप किया गया है, जहां ओबी के मलबे के बगल में ही बस्ती भी है और कई छोटी-मोटी दुकानें भी संचालित होते हैं जिसमें दिन भर लोगों का आवागमन जारी रहता है. यदि यहां दिन के समय कोई हादसा होता है तो यहां भी जान- माल की भारी क्षति हो सकती है.



### बनियाहीर तीन नंबर में भय का माहौल

झरिया के बनियाहिर नम्बर 3 में जहां पर ओबी डंप किया गया है. उसके बगल में ही बस्ती है. बस्ती में लगभग 200 - 250 घर है. उन घरों में रहने वाले लोगों की जनसंख्या लगभग दो हजार है. अब बस्ती के लोगों में भी भय का माहौल हो गया है. लोगों को अब यह डर सता रहा है कि यदि यहां ओबी स्लाइड जैसी कोई घटना होती है तो इस घनी आबादी वाले क्षेत्र में जान- माल की भारी क्षति हो सकती है.



### लिलोरीपथरा में 600 की आबादी खतरे में

झरिया के लिलोरी पथरा में भी आउटसोर्सिंग कंपनी के द्वारा ओबी डंप किया गया है, जिसके बगल में ही ग्रामीणों के 70 - 80 घर हैं, जहां लगभग 6 सौ लोग रहते हैं, वहीं उन्हें भी डर सता रहा है कि यदि यहां ओबी का पहाड़ गिरता है तो चपेट में आकर लोगों की जान भी जा सकती है. यहां के लोगों का जीवन डर के साए में गुजर रहा है.

### झरिया को हटाने की साजिश

आउटसोर्सिंग कंपनियों की मनमानी व रंगबाजी जिले के कई क्षेत्रों में आपको देखने को मिल सकता है. आउटसोर्सिंग कंपनियां, बीसीसीएल वा जिम्मेवार अधिकारी की मिलीभगत व साजिश के तहत कर ऐसा कर रहे हैं कि इससे लोगों में भय का माहौल हो जाए और लोग झरिया से पलायन कर बाहर चले जाएं. इसके पीछे की मंशा ये है कि जमीन के नीचे दबा हुआ उच्च गुणवत्ता का कोयले को निकाल कर लूटने और बंदर बांट करने के लिए इस साजिश का कार्य कर रहे हैं, जिससे समाज और देश को भी आर्थिक नुकसान हो रहा है .झरिया की जनता इसे कतई बर्दाश्त नहीं करेगी और पूर्णत: ऐसे लोगों के विरोध में एक जोरदार जन आंदोलन करने का कार्य करेगी.



राजकुमार अग्रवाल, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य

लिलोरिपथरा झरिया के निवासी रामदयाल प्रजापति कहते हैं कि बस्ती के बगल में अनियमितता की इस पहाड़ से बस्ती के ग्रामीण काफी डरे रहते हैं. बस्ती के ग्रामीण रामदयाल प्रजापति ने बताया कि बस्ती में काफी संख्या में लोग रहते हैं1बच्चे भी यहीं पर खेलते- कूदते रहते हैं लेकिन, बगल में इस तरह का यह ओबी का पहाड़ जो खड़ा है यह देखकर हम लोग काफी भयभीत रहते हैं. क्योंकि हमारी रोजी-रोटी यहीं से चलती है तो हम यह जगह छोड़कर भी नहीं जा सकते हैं और दिन रात डर के साए में जीते हैं1 यदि कोई हादसा होता है तो उसके परिणाम काफी बुरे साबित हो सकते हैं.



### दो हजार की आबादी खतरे में



बनियाहीर नंबर 3 झरिया के निवासी दिवाकर चौहान ने बताया कि यहां पर जबरन ओबी डंप कर पहाड़ बना दिया गया है. हालांकि ओबी डंपिंग के समय भी सैंकड़ों स्थानीय लोगों ने ओबी डंपिंग के लिए मना किया था लेकिन यहां गरीबों की कौन सुनता है. बनियाहीर नंबर 3 बस्ती में लगभग ढाई सौ घर हैं और दो हजार से अधिक लोग यहां रहते हैं. कल हमने सुना भी की राजापुर आउटसोर्सिंग में ओबी स्लाइडिंग की घटना घटी है. लेकिन आउटसोर्सिंग कंपनी के दो महीने से बंद रहने के वजह से किसी के जान जाने की घटना नहीं घटी. लेकिन दो-तीन लोग चपेट में आकर बुरी तरह से घायल हुए हैं. यदि ऐसी कोई घटना यहां घट गई तो कितने लोगों की जान जा सकती हैं. हम लोग सरकार से ये मांग करते हैं कि यहां से ओबी के पहाड़ को हटाया जाए.

## ब्रीफ खबरें

### पर्यावरण संरक्षण समिति ने किया पौधरोपण

**कतरास।** पर्यावरण संरक्षण समिति की ओर से शनिवार को ग्राम स्तरीय पौधरोपण किया गया. समिति के कॉर्डिनेटर उमेश ऋषि ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण को लेकर अधिक से अधिक पौधा लगाने का अभियान चलाया जा रहा है. जिसका परिणाम अब दिखने लगा है. इस वर्ष बरसात की मौसम में अच्छी बारिश हुई. उन्होंने कहा कि मिट्टी का कटाव को रोकने के लिए पौधा लगाना तथा बर्मी कंपोस्ट खाद का इस्तेमाल करना चाहिए. मौके पर अजीत कुमार सिंह, कौशमी देवी, निर्मला शर्मा आदि मौजूद थे.

### श्री अग्रसेन जयंती पर खेलकूद प्रतियोगिता शुरू

**झरिया।** श्री अग्रसेन जयंती के अवसर पर मारवाड़ी सम्मेलन झरिया द्वारा बालिका विद्या मंदिर के प्रांगण में खेलकूट प्रतियोगिता की शुरुआत शनिवार से हुई. प्रतियोगिता का समापन 17 अक्टूबर को होगा. प्रतियोगिता की शुरुआत दीप प्रज्वलित कर हुई.
पहले दिन की प्रतियोगिता में झरिया स्थित बालिका विद्या मंदिर, मारवाड़ी विद्यालय और महिला महाविद्यालय के प्रतिभागियों ने भाग लिया. छात्रा वर्ग के रस्सा कस्सी खेल में मारवाड़ी विद्यालय को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ. वहीं छात्रा वर्ग में बालिका विद्या मंदिर पहला स्थान हासिल किया. प्रतियोगिता में बच्चों के तीन ग्रुप थे- छोटे बच्चों के फ्रॉग जंप रेस और 50 मीटर रेस. बड़े बच्चों के लिए सुई-धागा, बोरा डोर स्लो साइक्लिंग रेस और गोली-चम्मच खेल आयोजित किए गए.

### बीएमएस बोनस बढ़ोतरी का रखेगा मांग

**धनबाद।** धनबाद कोलियरी कर्मचारी संघ के महामंत्री उमेश कुमार सिंह ने दुर्गा पूजा को लेकर कोयलाकर्मी को मिलने वाली सालाना बोनस पर यूनियन की प्लानिंग पर चर्चा किया.उन्होंने कहा की इस बाबत उनके वरीय नेता सह जेबीसीसीआई सदस्य सुधीर घूरेडे ने कहा की आगामी बोनस की बैठक में 2023 से 2024 के मुनाफे और घटते कोयला कर्मी की संख्या के आधार पर बोनस की वृद्धि की मांग होगी.

# मोटर पंप जलने से 20 हजार आबादी प्यासी



- 5-6 दिनों से बंद है जलापूर्ति
- सांसद प्रतिनिधि ने दिया शीघ्र नये मोटर लगाने का आश्वासन

संवाददाता। कतरास

कतरास हटिया स्थित मोटर पंप जल जाने से पेयजल का हाहाकार हो गया है. लगभग 20 हजार की आबादी त्राहि त्राहि कर रही है. मोटर पंप जलने से पिछले 5-6 दिनों से जलापूर्ति ठप है. पंप जल जाने से कतरास एवं आस पास के लोगों की परेशानी बढ़ गयी है. बारिश के मौसम में भी लोग पेयजल के लिए इधर-उधर भटक रहे हैं. कतरास बाजार के ग्रामीणों ने शनिवार को धनबाद सांसद प्रतिनिधि शत्रुघ्न महतो से अपनी समस्या को रखा. सांसद प्रतिनिधि शत्रुघ्न महतो ने कहा की पेयजल का कोई संकट नहीं होगा. कतरास हटिया में शीघ्र नया मोटर लगाया जाएगा. मोटर लगने के बाद लोगों को सुचारू रूप से पानी मिलेगा. सांसद प्रतिनिधि के आश्वासन के बाद लोगों ने उनके प्रति आभार प्रकट किया है. मौके पर पिंटू दे, राजेंद्र प्रसाद गुप्ता, सुरेश गुप्ता,गोल्डी जायसवाल, चंचल गुप्ता गौतम पाल, गौतम दे, बिट्टू दे, रिंटू सिंह, गणेश मोदक, सरोज विश्वकर्मा आदि उपस्थित थे.

## जलापूर्ति की मांग को लेकर कोयला ट्रांसपोर्टिंग ठप

- चापापुर कोलियरी के आवासीय परिसर में लगभग 20 दिनों से जलापूर्ति ठप



**निरसा बाज़ार।** ईसीएल मुगमा क्षेत्र अंतर्गत चापापुर कोलियरी के आवासीय परिसर में लगभग 20 दिनों से जलापूर्ति ठप रहने के कारण आक्रोशित कॉलोनी वासियों ने शनिवार को लगभग 3 घंटे तक कोलियरी के कोयले की ट्रांसपोर्टिंग ठप कर दी. बाद में कोलियरी अभिकर्ता एवं प्रबंधक द्वारा शनिवार की संध्या तक जलापूर्ति शुरू करने के आश्वासन के बाद कॉलोनी वासियों ने ट्रांसपोर्टिंग शुरू होने दी. जानकारी देते हुए बीसीकेयू के चापापुर कोलियरी शाखा अध्यक्ष अमित मुखर्जी ने बताया कि लगभग 20 दिनों पूर्व हुई भारी वर्षा के कारण कोलियरी के खदान में पानी घुस गया था. कोलियरी प्रबंधन को इसका बहाना मिल गया तथा लगभग 20 दिनों से जलापूर्ति ठप है. जलापूर्ति ठप रहने से लगभग चापापुर कोलियरी के आवासीय परिसर में रहने वाले साढ़े तीन सौ घरों के लोग भारी परेशानी का सामना कर रहे हैं. लोग पुसोई नदी में जाकर स्नान कर रहे हैं एवं कपड़े धो रहे हैं.बार-बार प्रबंधन से आग्रह करने के बावजूद प्रबंधन द्वारा किसी प्रकार का कोई वैकल्पिक व्यवस्था नहीं किया गया है. मजबूरन हम लोगों को यह कदम उठाना पड़ा. यदि शनिवार की संध्या से जलापूर्ति शुरू नहीं होती है तो हम लोग पुनः आंदोलन के लिए बाध्य होंगे. उन्होंने कहा कि प्रबंधन में हम लोगों को आश्वासन दिया है कि भीटी पंप एवं कांटाबन से वैकल्पिक व्यवस्था के तहत पाइपलाइन बिछाया जा रहा है. यदि खदान से पानी की आपूर्ति नहीं होगी तो भीटी पंप सेजल आपूर्ति की जाएगी. साथ ही प्रबंधन ने हम लोगों को आश्वासन दिया है कि श्रमिकों के अवसान के मरम्मत कार्य जल्द शुरू करवाई जाएगी.मौके पर उपेंद्र महतो, डी मानिकपुरी, संजय कांत, मंतोष कुमार, डब्लू सिंह, राजेंद्र इत्यादि मौजूद थे.

## मदन मोहन महतो ने संगठन सचिव के पद पर किया नामाकंन

### अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ जिला स्तरीय चुनाव

संवाददाता। महुदा



अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला स्तरीय सांगठनिक चुनाव को लेकर अंतिम दिन शनिवार को सैकड़ों समर्थकों की उपस्थिति में कतरास अंचल के राज्य प्रतिनिधि मदन मोहन महतो ने हर्ष पूर्ण माहौल में सांगठनिक स्वरुप विस्तार , शिक्षक समस्याओं के निदान एवं शैक्षिक माहौल को सुदृढ़ करने को ध्यान में रखते हुए जिला संगठन मंत्री के पद पर नामांकन किया. नामांकन के समय मुख्य रुप से संजय कुमार,विनय रंजन तिवारी, सुनील कुमार भगत, संजीव कुमार शरीफ रजा,मनोज कुमार पासवान , सियाराम सिंह, रामचन्द्र मिश्रा,प्रवीण कुमार लाला, धनंजय भदानी, राकेशकुमार मुरली, दिनेश राम, रेखा कुमारी, दीपक रंजन प्रसाद,विजेन्द्र मिश्रा,श्रवण कुमार महतो, रामेश्वर महतो, संजय कुमार सुमन,दीपक कुमार सिन्हा, संजीव प्रसाद,अभय कुमार ,संजय कुमार प्रसाद, जयदास भारती नरेश पासवान, राम-लखन कुमार,मदन प्रसाद नायक,रूपेश कुमार वर्मन, देवानंद सिंह,लल्तू तांती,पंकज कुमार मंडल, मनिंदर कुमार सिन्हा,अजय कुमार पांडेय, जय प्रकाश, किरण सुषमा किंडो ,बजरंग महतो , जयदास भारती, आनंद महतो,शंकर दास मुख्य रूप से उपस्थित थे. नामांकन प्रक्रिया में मुख्य चुनाव आयुक्त के रुप में दिलीप कुमार कर्ण, प्रभात रंजन कुमार, अशोक कुमार, सुनील कुमार, संजीत कुमार पासवान, कुमारवंदन, अनवर हुसैन, कुलदीप, संतोष कुमार की सराहनीय भूमिका रही.

## आगामी विस चुनाव को लेकर भाजपा महिला मोर्चा की बैठक

**तोपचांची।** भाजपा महिला मोर्चा की बैठक शनिवार को तोपचांची प्रखंड के साहोबहियार स्थित जोहार झारखंड होटल में हुई. मोर्चा जिलाध्यक्ष दीपा दास की अध्यक्षता में हुई बैठक में आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर जीत की रणनीति तैयार की गई. जिलाध्यक्ष दीपा दास ने कहा कि टुंडी विधानसभा क्षेत्र में परिवर्तन की हवा बह रही है. इस बार यहां कमल खिलेगा. इस दौरान महिला मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने कमल खिलाने का संकल्प लिया.

## 24 साल के कब्जाधारी को जमीन से हटाया

संवाददाता। तेतुलमारी



धनबाद न्यायालय के आदेश पर शनिवार को नजीर व अधिवक्ता तेतुलमारी के सुभाष चौक स्थित बिगहा बस्ती पहुंचे, जहां नगरीकला निवासी गौउर कुम्हार व सतीश कुम्हार की जमीन को अवैध रूप से वही के निवासी प्रभु सिंह व पप्पू सिंह द्वारा कब्जा कर आवास बनाकर वर्षों से रहते थे. जिसे धनबाद न्यायालय द्वारा खाली करने का आदेश दिया, नाजिर के आते ही आमीन द्वारा उक्त जमीन की नापी की गई और उसपर निशान लगाकर छोड़ दिया. आवास खाली करने की बात सुनते ही कब्जाधारी प्रभु सिंह व उसके भाई पप्पू सिंह के द्वारा किए आग्रह के बाद उसे तीन दिनों का मुहल्लत दिया गया है. नजीर के साथ तेतुलमारी थाना की पुलिस भी मौजूद थी. इधर रैयत सतीश कुम्हार के पुत्र मनोज कुमार व गौर कुम्हार के पुत्र अविनाश कुमार ने बताया कि हम लोगों की जमीन पर करीब 24 वर्षों से ये लोग आवास बनाकर रह रहा था, कई बार हम लोगों ने उसे खाली करने की बात कही गई थी, लेकिन वे लोग नहीं माने, अंततः हमलोगो को न्यायालय का दरवाजा खटखटाना पड़ा. न्यायालय में 2011से मामला चलने के बाद मई माह वर्ष 2023 को कोर्ट द्वारा आदेश जारी किया गया. इसके बाद भी वे लोग आवास को खाली नहीं कर रहे थे. हमलोग पुनः न्यायालय के शरण में चले गये. तब जाकर मामला समाधान होने की दिशा में पहला किया गया. मौके पर नजीर अनिल कुमार सिंह, अधिवक्ता निशांत कुमार, मुकेश कुमार, राहुल मंडल के अलावा पंचायत के मुखिया अशोक ठाकुर व तेतुलमारी थाना की पुलिस शामिल थे.

### बारिश के कारण अधजला रह गया था शव

## पुलिस ने फिर से किया अंतिम संस्कार

- जानवरों द्वारा लाश को नोचते वीडियो देख पुलिस ने शुरू की छानबीन

संवाददाता। केंदुआ

गोंदूडीह ओपी क्षेत्र भीमतालाब के निकट एक लाश को जानवरों द्वारा खाए जाने का वीडियो वायरल होने के बाद हड़कंप मच गया. छानबीन के बाद पुलिस ने फिर से उस लाश का पूरी तरह से अंतिम संस्कार कराया. मामले को लेकर बताया जा रहा है कि सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद भीम तालाब पहुंची पुलिस ने मामले की छानबीन शुरू की. पता चला कि यह लाश 26 सितंबर को सड़क दुर्घटना में मृत महेश मिश्रा की है. गोविंदपुर में सड़क दुर्घटना में महेश की मौत हो गई थी. महेश गोंदूडीह ओपी क्षेत्र के दासबस्ती के रहने वाले थे. 27 को उनकी लाश पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंपी गई. देर शाम शव मिलने के बाद परिजनों ने भीम तालाब इलाके में उसका अंतिम संस्कार कर दिया. हालांकि चिता में आग लगाने के बाद बारिश होने लगी और उसके परिजन वहां से चले गए. इधर बारिश के बाद शव पूरी तरह से जन नहीं पाया और अधजला होने के कारण कुछ जानवरों उसे नोच कर खाने लगे. ये देखकर किसी ने वीडियो बना ली और फिर सोशल मीडिया पर डाल दिया. थोड़ी देर में ही मामले की खबर पुलिस तक पहुंच गई. बाद में पुलिस ने छानबीन की और महेश के परिजनों को बुलाकर सच्चई जानी. आर्थिक तंगी के कारण महेश का दुबारा अंतिम संस्कार पुलिस द्वारा कराया गया. ओपी प्रभारी राजन कुमार झा, जीपी प्रसाद, भगत सिंह, सुबोल रिक्याशन, सुरेश पासवान आदि सक्रिय रहे.

### अनुकंपा के आधार पर बहाली की मांग को लेकर 949 दिनों से बैठे है धरने पर

## झमाडा आश्रित 30 को धरना स्थल पर करेंगे सामूहिक मुंडन



संवाददाता। धनबाद

अनुकंपा के आधार पर बहाली की मांग को लेकर 949 दिनों से लगातार धरने पर बैठे झमाडा के मृत कर्मचारियों के आश्रित सोमवार 30 सितंबर को धरना स्थल पर ही सामूहिक सिर मुंडन करेंगे. उक्त जानकारी धरना पर बैठे मृत कर्मचारियों के आश्रितों ने शनिवार को दी. उन्होंने कहा कि आश्रित परिवार अनुकंपा पर नियुक्ति की मांग को लेकर 22 फरवरी 2022 से झमाड़ा धनबाद कार्यालय के समक्ष धरने पर बैठे हैं .लेकिन झमाडा प्रबंध निदेशक के कान में जूं तक नही रेंग रही है. यही नहीं झमाड़ा प्रबंधक अपनी तानाशाही रवैया को अपनाते हुए झमाडा में कार्यबल की कमी को बाहरी मजदूरों और झमाड़ा के सेवानिवृत कर्मचारियों से पूरा कर रहे हैं जो आश्रितों के साथ अन्याय एवं धोखा देने का कार्य है. उन्होंने कहा सरकार के निर्देश के बावजूद आश्रितों को अभी तक नियुक्ति नहीं देने के विरोध में झमाडा के आश्रित परिवार 30 सितंबर को धरना स्थल पर सामूहिक मुंडन कर आक्रोश व्यक्त करेंगे. इसके बाद भी अगर मांगे पूरी नहीं हुई तो आश्रित परिवार आगे उग्र आंदोलन करने पर विवश होंगे. इसकी जवाबदेही झमाडा प्रबंध निदेशक की होगी.

### आपराधिक वारदातों का उद्भेदन करने में टुंडी पुलिस लापरवाह : रतिलाल टुडू

**टुंडी।** दक्षिणी टुंडी में 22 सितंबर को टुंडी-बरवाअड्डा मुख्य पथ पर बसहा जंगल में लूटपाट हुई थी. इस घटना का करीब एक सप्ताह हो चुका है, लेकिन पुलिस अब तक मामले का उद्भेदन नहीं कर पाई है. इस संबंध में पुलिस का कहना है कि अनुसंधान जारी है, जबकि स्थानीय लोगों का आरोप है कि पुलिस लुटेरों का पता लगाने में शिथिलता बरत रही है. उपरोक्त लूटपाट की घटना से पहले टुंडी के चरकखुर्द गांव निवासी विजय मंडल की गोली मारकर अपराधियों ने हत्या की थी. पीपराटांड़ गांव में एक महिला की गला रेतकर हत्या की गई थी. इसके अलावा कदैया गांव में एक बच्ची की हत्या हुई थी. पीपराटांड़ गांव में एक युवक की पत्थर से कूचकर हत्या की गई थी. इन चारों हत्याकांड का भी पुलिस उद्भेदन नहीं कर पाई है. पूछे जाने पर पुलिस महज अनुसंधान की बात कहकर अपना पल्लू झाड़ लेती है.

## एनएचएआई के प्रोजेक्ट डायरेक्टर ने किया सड़क निर्माण का निरीक्षण



संवाददाता। मैथन

नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया के प्रोजेक्ट डायरेक्टर मनीष कुमार एवं उनकी टीम शनिवार को मैथन संजय चौक के समीप चल रहे सड़क, एप्रोच रोड एवं अंडरपास के निर्माण कार्य का निरीक्षण किया. इस दौरान मनीष कुमार ने कहा कि निर्माण कार्य को तेजी से करने का निर्देश दिया गया है. उन्होंने यह भी कहा कि दुर्गा पूजा से पहले अंडरपास का काम पूरा कर लिया जाएगा और रास्ते को खोल दिया जाएगा, ताकि दुर्गा पूजा में श्रद्धालुओं के आवागमन में कोई परेशानी नहीं होगी. उन्होंने कहा कि संजय चौक में चल रहे निर्माण कार्य को जल्द से जल्द पूरा करने के लिए वे पूरी तरह से प्रतिबद्ध हैं. उन्होंने माना कि निर्माण कार्य के कारण लोगों को परेशानी हुई है, जिसे दूर करने का प्रयास किया जा रहा है. उनके निर्देश पर संजय चौक के समीप चार निजी ट्रेफिक गार्ड तैनाती की गई. जिससे लोगों को जाम एवं अन्य तरह की परेशानियां से निजात दिलाई जा सके. निरीक्षण के दौरान एनएचएआई लालमणि सिंह, स्काईलार्क प्रशांत कुमार, आईटीएनएल शेख मस्तान, पवन उपाध्याय सहित अन्य स्थानीय लोग मौजूद थे.

### डीएवी कुसुंडा : वेस्ट मैटेरियल से होगा पर्यावरण संरक्षण

**केंदुआ।** स्वच्छता व पर्यावरण पर कुसुंडा एरिया के मटकुरिया ऑफिसर्स क्लब में सतर्कता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया. डीएवी कुसुंडा के विद्यार्थियों ने स्वच्छता व पर्यावरण केंद्रित वेस्ट मैटेरियल से स्वनिर्मित सामग्री प्रदर्शित किया. जिसे क्षेत्र के जीएम प्रणव दास सहित अभी अधिकारियों ने देखा व सराहा. छात्रों ने अखबार,वेस्ट घरेलू लौह व अन्य सामानों से बनाये गए सामग्रियों के बारे में अधिकारियों को बताया.जीएम ने सभी छात्र व शिक्षकों को उपहार देकर सम्मानित किया.इस अवसर पर सभी ने स्वच्छता व पर्यावरण के प्रति जागरूक रहने के साथ सतर्क रहने की शपथ ली.कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए महाप्रबन्धक दास ने कहा कि पर्यावरण विभाग का यह अनूठा पहल काफी सराहनीय है.पर्यावरण डिपार्टमेंट के साथ बच्चों के हस्त हुनर को बीसीसीएल मुख्यालय तक पहुंचाया जाएगा.उन्होंने कहा कि विजिलेंस डिपार्टमेंट के तीन माह का सतर्कता अभियान चल रहा है.



### ब्रीफ खबरें

## मिट्टी की दीवार गिरने से बालक की दबकर मौत

**गोड्डा।** मिट्टी की दीवार गिरने से आठ वर्षीय बालक की मिट्टी में दबने से मौत हो गई. घटना शनिवार की सुबह गोड्डा जिला के हनवारा थाना अंतर्गत ग्राम मिल्की की है. बताया जाता है कि बादल पासवान का आठ वर्षीय पुत्र अपने घर से निकल कर बगल के गली से जा रहा था, इसी क्रम में रोहित पासवान के घर का मिट्टी का दीवार गली के तरफ गिर गया. अचानक मिट्टी गिरने से बालक संभल नहीं पाया और दीवार के नीचे आ गया. दीवार की मिट्टी के नीचे दबने से तत्काल बालक की मृत्यु हो गई, हालांकि ग्रामीणों ने बच्चे को मिट्टी से निकाल लिया मगर तबतक बहुत देर हो चुकी थी. घटना के बाद घर पर कोहराम मच गया. परिजनों का रो रोकर बुरा हाल था.

## सड़क दुर्घटना में बाईक चालक का पैर टूटा

**साहिबगंज।** बरहेट थाना क्षेत्र अंतर्गत शनिवार को बरहेट अंजू इंडेन गैस ऑफिस के समीप सनमनी गांव निवासी बाईक चालक सद्दाम हुसैन उम्र 27 अपने बाईक से जा रहा था, वहीं अचानक साइकिल चालक बीच में आ गया. साईकिल चालक को बचाने के दौरान संतुलन बिगड़ गया और सड़क के बांए तरफ खड़ी एलपी ट्रक से जा टकराया. जिससे बाईक चालक का बांए पैर टूट गया. वहीं स्थानीय लोगों के सहयोग से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरहेट लाया गया. जहां डॉक्टर संतोष टुडू ने प्राथमिक उपचार किया और बेहतर इलाज हेतु हायर सेंटर रेफर कर दिया.

## अपर समाहर्ता विनय कुमार मिश्रा का आकस्मिक निधन

**गोड्डा।** गोड्डा जिला में अपर समाहर्ता के पद पर कार्यरत विनय कुमार मिश्रा का असामयिक निधन हो गया. निधन की खबर मिलने पर समाहरणालय परिसर में उपायुक्त सहित समाहरणालय के वरीय पदाधिकारियों एवं कर्मियों के द्वारा शोक सभा आयोजित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई. साथ ही इस घटना पर दुःख प्रकट किया गया. शोक सभा में पदाधिकारियों व कर्मियों के द्वारा नम आंखों से उनके व्यक्तित्व को याद करते हुए दुःख के इस घड़ी में पीड़ित परिजनों के प्रति संवेदना प्रकट किया गया. 2004 बैच के झारखंड लोक सेवा आयोग द्वारा चयनित विनय कुमार मिश्रा मूल रूप से बिहार राज्य के औरंगाबाद जिले के थे.

## वन विभाग ने की हरदिया जंगल से अवैध लकड़ी जब्त

**गावां (गिरिडीह)।** गावां वन क्षेत्र के हरदिया जंगल से अवैध लकड़ी जब्त की गई है. वन विभाग के टीम शनिवार को यह कार्रवाई की है. साथ ही काटा गया लकड़ी को जब्त कर गावां वन क्षेत्र कार्यालय परिसर में रखा गया है. प्रभारी वन परिसर पदाधिकारी पवन कुमार चौधरी के अगुवाई में वन विभाग की टीम के द्वारा यह कार्रवाई की गई है. वन पाल पवन कुमार चौधरी ने बताया कि 44 पीस सखुआ की लकड़ी हरदिया जंगल से जब्त की गई है. बताया कि तस्कर जंगल से पेड़ काटकर घने जंगल में छिपाकर रखा था. जिसे जब्त कर ली गई है. बताया कि भाड़े की ट्रैक्टर में लादकर रोला साइज लकड़ी को वन परिसर कार्यालय लाया गया. बताया कि लकड़ी तस्कर की अनुसंधान की जा रही है. मौके पर वनकर्मी सुनील हेम्ब्रम, राजेन्द्र प्रसाद, आलोक मोहन पांडेय समेत अन्य वनकर्मी मौजूद थे .

## विधायक के भाई के साथ अभद्र मामले में काउंटर केस दर्ज

**पथरगामा।** पुरस्कार वितरण समारोह से लौटने के दौरान ग्राम जामजोरी के पास स्थानीय भाजपा विधायक अमित मंडल के छोटे भाई सुमित आनंद के साथ हुए अभद्र व्यवहार की घटना को लेकर पथरगामा थाना में मामला दर्ज कराया गया है. घटना बीते गुरुवार की है. जब सुमित आनंद अपने सहयोगियों के साथ कार से लौट रहे थे तो रास्ते में लाठी डंडा से लैस होकर कुछ लोगों ने जबरन रोक लिया और अभद्रता करने लगे. इस मामले की सूचना पथरगामा थाना को दिए जाने के बाद पुलिस थाना प्रभारी रामसूरत यादव के पहुंचने पर लोग भाग खड़े हुए. इस मामले को लेकर जान मारने की नियत से रोके जाने का आरोप लगाते हुए लिखित शिकायत सुमित आनंद द्वारा किए जाने के बाद राजेश यादव, शालिग्राम यादव एवं शिबू कुंवर के खिलाफ मामला दर्ज किया गया. इस केस के बाद आरोपितों द्वारा भी विधायक के भाई के खिलाफ भी मामला दर्ज कराया गया.

### डीपीएस बोकारो में चार दिवसीय सीबीएसई क्लस्टर-3 बास्केटबॉल प्रतियोगिता संपन्न

# बोकारो, जमशेदपुर, रांची की टीमों ने पाई खिताबी जीत

**संवाददाता। बोकारो**

डीपीएस बोकारो की मेजबानी में आयोजित चार दिवसीय सीबीएसई क्लस्टर- 3 अंतर विद्यालय बास्केटबॉल प्रतियोगिता संपन्न हो गई. प्रतियोगिता में शुरू से ही बोकारो, जमशेदपुर और रांची की टीमों का दबदबा बरकरार रहा. फाइनल मुकाबले में इन तीन जिलों की मुख्य भिड़ंत हुई. अलग-अलग कैटेगरी के कुल छह मैचों में तीन बोकारो ने जीते, जबकि दो पर जमशेदपुर ने कब्जा जमाया, तो एक रांची की झोली में गया.



रंगारंग प्रस्तुतियों के साथ विद्यालय के कालिदास कला भवन में आयोजित समापन समारोह के मुख्य अतिथि भारतीय बास्केटबॉल की बालिका टीम के कोच उमाकांत सिंह, सीबीएसई के ऑब्जर्वर संतोष कुमार, तकनीकी प्रतिनिधि प्रियरंजन कुमार सिंह एवं डीपीएस बोकारो के प्राचार्य सह प्रतियोगिता आयोजन समिति के अध्यक्ष डॉ. ए एस गंगवार ने विजेता एवं उपविजेता टीमों को ट्रॉफी देकर पुरस्कृत किया.

अंडर- 14 बालिका वर्ग में श्री अय्यप्पा पब्लिक स्कूल बोकारो ने विद्या भारती चिन्मय विद्यालय जमशेदपुर को 11-04 एवं बालक वर्ग में बोकारो पब्लिक स्कूल ने श्री अय्यप्पा पब्लिक स्कूल बोकारो को 30-11 अंकों से परास्त किया.

इसी प्रकार, अंडर- 17 कैटेगरी के बालिका वर्ग में बाल्डविन एकेडमी जमशेदपुर ने महाबोधि ट्री स्कूल गया को 22-02 तथा बालकों में एमजीएम बोकारो ने श्री अय्यप्पा पब्लिक स्कूल बोकारो को 34-21 अंकों से हराया. जबकि, अंडर- 19 बालिका वर्ग में जेवीएम श्यामली रांची ने आर्मी पब्लिक स्कूल रांची को कांटे की टक्कर में 17-16 अंकों से पराजित किया. बालक वर्ग में विद्या भारती चिन्मय विद्यालय जमशेदपुर ने आर्मी पब्लिक स्कूल रामगढ़ को 44-37 अंकों से शिकस्त देकर खिताबी जीत अपने नाम की.

इसके अलावा प्रत्येक कैटेगरी में बेस्ट प्लेयर का भी पुरस्कार दिया गया. वहीं, स्कॉटिश पब्लिक स्कूल, कटिहार की टीम ने सर्वश्रेष्ठ अनुशासित प्रतिभागी टीम का पुरस्कार प्राप्त किया.

# पुलिस को देख भागे कोयला तस्कर, 6 बाइक, 5 साइकिल जब्त



**संवाददाता। कथारा (बोकारो)**

सीसीएल कथारा क्षेत्र की जारंगडीह परियोजना में कोयला चोरी रोकने के लिए स्थानीय पुलिस व सुरक्षा बलों ने छापेमारी अभियान चलाया. यह अभियान खुली खदान, कोयला स्टॉक व जरांगडीह साइडिंग कांटा के आसपास चलाया गया. पुलिस को देख कोयला तस्कर भाग खड़े हुए. पुलिस व सुरक्षा बलों की टीम ने कोयला लदी 6 बाइक व 5 साइकिलें जब्त कर उन्हें क्षतिग्रस्त कर दिया. वहीं, बरामद कोयले को सीसीएल जारंगडीह परियोजना प्रबंधन को सौंप दिया गया. उल्लेखनीय है कि तमाम प्रयासों के बावजूद जारंगडीह परियोजना में कोयले की चोरी नहीं रुक रही है. छापेमारी अभियान के बाद कुछ दिनों तक तो कायेला तस्कर शांत रहते हैं और इसके बाद दोबारा कोयले की चोरी शुरू कर देते हैं.

# डायरिया से वृद्ध महिला की मौत गांव पहुंची स्वास्थ्य विभाग की टीम

**संवाददाता। गांडेय (गिरिडीह)।**

ताराटांड़ थाना क्षेत्र के ठाडीमहुआ गांव में डायरिया से ग्रसित पतिया देवी की शनिवार की सुबह मौत हो गई.

बता दें कि बीते पांच दिनों से झगरू भोक्ता का परिवार डायरिया से ग्रसित है. डायरिया से ग्रसित में से 55 वर्षीय झगरू भोक्ता, पच्चीस वर्षीय पुत्र दीपक भोक्ता जिनका इलाज धनबाद के किसी अस्पताल में इलाजरत है. 23 वर्षीय बहु शांति देवी, उसका डेढ़ वर्षीय पोता अर्जुन भोक्ता शामिल है. इस मामले कि खबर गांडेय स्वास्थ्य टीम को बीते गुरुवार को मिली थी. खबर मिलने पर गांडेय के स्वास्थ्य टीम पहुंची थी और जांच पड़ताल कर पीड़ित परिवार के घर के अगल बगल फैली गन्दगी, जल जमाव के आस पास ब्लीचिंग का छिड़काव कर सकारात्मक पहल करने में जुट गई थी. इसी बीच पीड़ित परिवार के झगरू भोक्ता की करीब 53 वर्षीय पत्नी पतिया देवी की मौत शनिवार की सुबह हो गई.



मौत की सूचना पर गांडेय सीएचसी की टीम शनिवार को उक्त गांव पहुंची और पीड़ित व्यक्तियों के इलाज व सकारात्मक कार्य में जुट गई.

इस संबंध गांडेय सीएचसी चिकित्सा प्रभारी पदाधिकारी अबू काशिफ हसन ने बताया कि दो दिन पहले गुरूवार को यहां से एक ही परिवार से चार लोगों को डायरिया होने की खबर मिली थी और हमलोग उस दिन यहां आये थे. उस दिन से मरीजों के प्रति सकारात्मक पहल किया जा रहा था और आज उसी परिवार में से झगरू भोक्ता की पत्नी की अचानक मौत हो गई. हालांकि मौत किस कारण से हुई है फिलहाल पता नहीं चल पाया है. मृतका के परिजनों ने बताया है कि मृतका बीते 2 साल से बीमार चल रही थी और इसी बीच 10 दिन पहले इनको डायरिया हुआ था और लोकल में इलाज करवाया गया था. उसकी तबियत ठीक हो गया था और अचानक शनिवार की सुबह इसकी मौत हो गई.

इधर मौके पर पहुंची मेडिकल टीम ने जांच हेतु अहिल्यापुर मोड़ स्थित लोकल क्लिनिक पहुंची, जहां अस्पताल बंद पाया गया.

इस बाबत सीएचसी चिकित्सा प्रभारी अबू कासिफ ने कहा कि टीम गठित कर उक्त अस्पताल का जांच किया जायेगा.

## डीसी ने यूएमएस चण्डीपुर का किया निरीक्षण

**बोकारो।** चंदनकियारी प्रखंड के चण्डीपुर में प्रस्तावित मुख्यमंत्री के कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लेकर लौटने के क्रम में शनिवार को उपायुक्त विजया जाधव ने उत्क्रमित मध्य विद्यालय (यूएमएस) चण्डीपुर का निरीक्षण किया. मौके पर उप विकास आयुक्त गिरजा शंकर प्रसाद, अपर समाहर्ता मो. मुमताज अंसारी, अनुमंडल पदाधिकारी प्रभाष दत्ता, जिला परिवहन पदाधिकारी वंदना शेजवलकर, बीडीओ,सीओ चंदनकियारी आदि उपस्थित थे. उपायुक्त व अन्य पदाधिकारियों ने विद्यालय का निरीक्षण करते हुए कक्षा आठ, सात एवं छह के छात्र–छात्राओं से पठन–पाठन की जानकारी ली. उन्होंने कक्षा छह के छात्र– छात्राओं से पाठ्य पुस्तक पढ़ाया. कुछ समय विद्यालय में शिक्षक की भूमिका में भी उपायुक्त ने समय बिताई. उन्होंने थर्मामीटर, पारा, सेल्सियस, गर्म – ठंडा के संबंध में छात्रों को विस्तृत जानकारी दी. दीवार पर लगे महापुरूषों की तस्वीर देख उनके नाम बच्चों से पूछा और उनके द्वारा किए गए महान कार्यों की संक्षिप्त जानकारी दी. वहीं, विद्यालय में साफ–सफाई एवं शौचालय को व्यवस्थित करने का विद्यालय प्रधान को निर्देश दिया. डीसी, डीडीसी ने बच्चों से विद्यालय में मिल रहें मध्याह्न भोजन की भी जानकारी ली.

## वज्रपात से महिला घायल, कई घरों के बिजली उपकरण जले

**गावां (गिरिडीह)।** गावां प्रखंड के पछियारीडीह में शनिवार को वज्रपात के झटके से एक महिला गिर गई. उसे इलाज के लिए गावां सीएचसी ले जाया गया. बताया जाता है कि पछियारीडीह निवासी मोहनी देवी अपने घर के बाहर गेट के पास बैठी हुई थी. तभी तेज बारिश के साथ बिजली कड़कने लगी. अचानक समीप में हुए वज्रपात के झटके से वह गिरकर घायल हो गई. आनन-फानन में उसे गावां सीएचसी ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने इलाज किया. सूचना मिलते ही जिप सदस्य पवन चौधरी भी अस्पताल पहुंचे और परिजनों से मामले की जानकारी ली. हरनी और लखेकुरा में बिजली कड़कने से एक दर्जन से अधिक घरों के, पंखा, बल्ब, मीटर, बिजली तार आदि जल गए. हरनी के सरकारी स्कूल में वज्रपात के झटके से एक छात्रा गिर गई. साथ ही स्कूल के मीटर, बल्ब, पंखा आदि जल गए.

## पूर्व सैनिकों की समस्याओं का निवारण

**बोकारो।** बोकारो ऑफिसर्स एसोसिएशन खेल परिसर सेक्टर 4 एफ में अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद ने सैनिक कल्याण बोर्ड हजारीबाग के पदाधिकारी विंग कमांडर आर के गुप्ता, (जिला कल्याण पदाधिकारी) ज्ञान कुमार, आनंद कुमार, बोकारो में कैम्प कार्यालय लगा कर पूर्व सैनिकों के लिए जिला सैनिक कल्याण बोर्ड से संबंधित सभी समस्याओं का निवारण किया. जिसमें तकरीबन 40 पूर्व सैनिक तथा 10 मातृ शक्ति एवं बच्चों ने इसका फायदा उठाया. कैम्प में एच एफ ओ लव कुमार, नायक ललन प्रसाद ठाकुर, शैलेंद्र शर्मा, प्रशांत मुखर्जी, जेपी यादव, इंद्रावती दुबे, श्याम कुमार पांडे, राजीव रंजन सिंह, संतोष कुमार, अशोक कुमार सिंह, पल्लव कुमार, डीएम उपाध्याय, ऋषिकेश कुमार, बरखा कुमारी, विजय लक्ष्मी सिंह, जूही पांडे, बी यादव, अध्याय राज, कलावती देवी, कर्नल आर एस शेखावत एवं रवि रंजन दुबे इत्यादि लोग मौजूद थे.

## 35 किसानों को दो दिवसीय प्रशिक्षण

**डुमरी (गिरिडीह)।** डुमरी एचडीएफसी बैंक परिवर्तन अंतर्गत संचालित परियोजना समग्र ग्रामीण विकास कार्यक्रम अंतर्गत स्वयं सेवी संस्था जन जागरण केंद्र द्वारा आईएआर आई गौरिया करमा में 35 किसानों को दो दिवसीय प्रशिक्षण और क्षेत्र भ्रमण करवाया गया. किसानों को कृषि से जुड़ी नई तकनीक,नई फसलें और नवीन आविष्कारों के बारे में जानकारी दिया गया, जिससे कृषि में सुधार होगा. साथ में कृषक भ्रमण के माध्यम से कृषि की उन्नतशील तकनीकि, नवीन फसल एवं नवाचार का लाभ प्राप्त कर अपने खेत प्रक्षेत्र पर तकनीकी का प्रयोग कर सकते हैं, जिससे कृषि में सुधार हो सके. किसानों के लिए कृषि शिक्षा-प्रशिक्षण यह सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण है कि किसानों के पास उच्च गुणवत्ता वाली फसलें और पशुधन पैदा करने, पर्यावरण की रक्षा करने और अपनी आजीविका में सुधार करने के लिए आवश्यक ज्ञान और कौशल हो जिससे किसान अपने जीविका में सुधार कर सके.

## राष्ट्रीय लोक अदालत में 80,401 मामलों का निष्पादन

**बोकारो।** तेनुघाट व्यवहार न्यायालय में आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल 80,401 मामलों का निष्पादन हुआ और लगभग दो करोड़ अडतालीस लाख रुपये की समझौता राशि वसूल की गई. इस अवसर पर जिला जज द्वितीय सूर्य मणि त्रिपाठी ने कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन नालसा और झालसा के तत्वाधान में किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य छोटे मामलों का समझौता के आधार पर निपटारा करना है. एसीजेएम मनोज कुमार प्रजापति ने कहा कि लोक अदालत की शुरुआत के बाद कोर्ट में मुकदमों की संख्या में कमी आई है. अनुमंडल विधिक सेवा प्राधिकार समिति के सचिव सह एसडीजेएम रश्मि अग्रवाल ने कहा कि लोक अदालत संविधान की परिकल्पना पूरी करने की दिशा में एक कदम है.

## कथारा में भगत सिंह की जयंती मनाई

**कथारा।** कथारा क्षेत्र में शहीद-ए-आज़म भगत सिंह की जयंती शनिवार को श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई. इस अवसर पर कथारा क्षेत्र के महाप्रबंधक संजय कुमार द्वारा भगत सिंह की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की गई. उनके साथ क्षेत्र के सभी विभागाध्यक्ष और कर्मचारी भी उपस्थित रहे. कार्यक्रम में भगत सिंह के जीवन और उनके संघर्षों पर विचार प्रस्तुत किए गए. वक्ताओं ने भगत सिंह के बलिदान और देश प्रेम को याद करते हुए युवाओं को उनके आदर्शों पर चलने की प्रेरणा दी. महाप्रबंधक संजय कुमार ने अपने संबोधन में भगत सिंह को देश का महान क्रांतिकारी बताया और उनके संघर्षमय जीवन से प्रेरणा लेने की अपील की. कार्यक्रम के अंत में सभी ने एक स्वर में देश की उन्नति और एकता की शपथ ली.

## बैंक ऑफ इंडिया ने चलाया स्वच्छता अभियान

**बोकारो।** बैंक ऑफ इंडिया, बोकारो अंचल में स्वच्छता अभियान के अंतर्गत शनिवार को सेक्टर-4 (बोकारो) में साफ-सफाई की गई. आंचलिक प्रबंधक अश्वनी कुमार मित्तल के नेतृत्व में चलाए गए इस अभियान में उप आंचलिक प्रबंधक निकुंज जैन, उप आंचलिक प्रबंधक (वसूली) सुनीत कुमार, एलडीएम (बोकारो) आबिद हुसैन एवं अंचल के अन्य स्टाफ सदस्यों ने श्रमदान दिया. बैंक ऑफ इंडिया के आंचलिक कार्यालय एवं आस-पास स्थित शाखाओं के स्टाफ सदस्यों ने मिलकर सूर्य मंदिर के निकट स्थित तालाब के घाटों को अच्छी तरह साफ किया. आंचलिक प्रबंधक अश्वनी कुमार मित्तल ने स्वच्छता के महत्व को बताते हुए सभी से कहा कि हमें हमेशा अपने परिवेश एवं वातावरण को स्वच्छ रखने में योगदान देते रहना चाहिए

## राजस्थान के मुख्यमंत्री बैद्यनाथ धाम पहुंचे

**देवघर।** राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा अपनी नियत कार्यक्रम के तहत बाबा नगरी बैद्यनाथ धाम देवघर पहुंचे. जहां पर उन्होंने गर्भगृह में जाकर भगवान भोलेनाथ के ज्योतिर्लिंग पर जलाभिषेक कर पूजा किया. मंदिर आने से पहले मंदिर प्रबंधन के तरफ से सुरक्षा के इंतजाम किए गए थे. जब तक मुख्यमंत्री मंदिर परिसर में मौजूद थे तब तक आम लोगों को मंदिर प्रवेश पर रोक लगा दी गई थी. मंदिर परिसर में भजनलाल शर्मा को देखकर श्रद्धालुओं ने जय जय राजस्थान का नारा लगाए, जय जय राजस्थान का नारा को सुनने के बाद मुख्यमंत्री ने रुक कर लोगों का अभिवादन किया.

## दुर्गा पूजा को ले शांति समिति की बैठक

**गावां (गिरिडीह)।** गावां थाना परिसर में दुर्गा पूजा को लेकर प्रखंड की पूजा कमिटियों व गणमान्य लोगों के साथ बैठक आयोजित की गयी. दुर्गा पूजा शांतिपूर्ण माहौल में मनाए जाने को लेकर शनिवार को गावां थाना में आयोजित बैठक के दौरान एसआई पिंकू सिंह ने कहा कि पूजा को शांतिपूर्ण संपन्न कराने में पूजा कमिटियों की भूमिका भी अहम है. लाइसेंस में जो मानक है उसका पूरा ध्यान रखेंगे. तय रूट से ही विसर्जन का जुलूस निकाला जाएगा. इसके लिए पूजा कमिटी को लाइसेंस में रूट का जिक्र करना होगा. सीओ अविनाश रंजन ने कहा कि कुछ ही दिनों बाद नवरात्र प्रारंभ होने वाला है. यहां के लोग अमन पसंद हैं. इससे पहले भी जो पर्व हुए हैं शांतिपूर्ण माहौल में हुए है. इस बार भी दुर्गा पूजा शांतिपूर्ण माहौल में गुजरेगी. बीडीओ महेंद्र रविदास ने कहा कि यहां के लोग शांतिप्रिय हैं, अन्य पर्वो की भांति दुर्गा पूजा का त्योहार भी यहां के लोग मिल जुल कर मनाएंगे. मौके पर बीस सूत्री अध्यक्ष अजय सिंह, जिप सदस्य पवन चौधरी, भाकपा माले प्रखंड सचिव नागेश्वर यादव, मुखिया कन्हाइ राम समेत कई गणमान्य लोग शामिल थे.

# दुर्गा पूजा के दौरान डीजे पर रहेगा पूर्ण प्रतिबंध : एसडीएम

**संवाददाता। डुमरी (गिरिडीह)**

दुर्गा पूजा को शांति व सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने एवं विधि व्यवस्था संधारण पर आवश्यक चर्चा हेतु शनिवार को अनुमंडल कार्यालय सभागार में अनुमंडल स्तरीय शांति समिति की बैठक हुई. जिसकी अध्यक्षता मो एसडीएम शहजाद अहमद व संचालन सीओ शशिभूषण वर्मा ने किया. जबकि बैठक में डुमरी एसडीपीओ सुमित प्रसाद, प्रमुख उषा देवी, बीडीओ अन्वेषा ओना, डुमरी थाना प्रभारी प्रिनन, निमियाघाट थाना प्रभारी राणा जंग बहादुर सिंह, पीरटांड़ थाना प्रभारी गौतम कुमार, मधुबन थाना प्रभारी जगरनाथ पान, हरलाडीह ओपी प्रभारी दीपक कुमार, जामतारा दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष प्रशांत जायसवाल, मंत्री प्रतिनिधि राजकुमार पांडेय, झामुमो नेता बरकत अली, आजसू नेत्री यशोदा देवी आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे.

बैठक में उपस्थित दोनों समुदाय के दर्जनों लोगों से त्योहार शांति के साथ मनाने, डीजे नहीं बजाने, शराब का सेवन नहीं करने, अफवाहों पर ध्यान नही देने, पूर्व निर्धारित रुट पर ही विसर्जन जुलूस निकालने, सोशल मीडिया पर अनर्गल व भड़काऊ बात पोस्ट नहीं करने, मंदिर परिसर में सीसीटीवी कैमरे लगाने, अग्नि शमन यंत्र रखने, मंदिर में महिला-पुरूष का प्रवेश द्वार अलग-अलग रखने, पंडाल का मुख्य द्वार चौड़ा रखने आदि का निर्देश दिया गया. साथ ही कहा गया कि सौहार्द को बिगाड़ने वालों के विरुद्ध पुलिस सख्त कार्रवाई करेगी. जबकि एसडीपीओ ने सभी थाना प्रभारियों को अवैध महुआ शराब की चुलाई व बिक्री करने वाले लोगों के विरूद्ध छापेमारी अभियान चलाने का सख्त निर्देश दिया.

बैठक में पूर्व जिप अध्यक्ष राकेश महतो, कांग्रेस नेता नागेश्वर मंडल, युवा कांग्रेस नेता सरफराज अहमद गुड्डु, मुखिया खेमलाल महतो, सीताराम तुरी, किरण कुमारी, पूजा समिति सदस्य दामोदर सेठ, रामप्रसाद, जयकांत महतो, जलील अंसारी, डालोराम महतो आदि उपस्थित थे.

### पांच दिवसीय टाईगर जगरनाथ महतो मेमोरियल फुटबॉल टूर्नामेंट का समापन

# महावीर स्पोर्टिंग क्लब मायापुर ने टूर्नामेंट पर जमाया कब्जा

**संवाददाता। डुमरी**

केबी हाई स्कूल डुमरी के मैदान में आयोजित 5 दिवसीय टाईगर जगरनाथ महतो मेमोरियल फुटबॉल टूर्नामेंट का समापन शनिवार को हो गया. फाइनल मैच महावीर स्पोर्टिंग क्लब मायापुर तथा टाईगर एफसी क्लब के बीच खेला गया. जिसमें एक गोल से मायापुर विजय रहा.



टूर्नामेंट में मुख्य अतिथि मंत्री पुत्र झामुमो युवा नेता अखिलेश महतो उर्फ राजू ने विजेता और उपविजेता सहित तृतीय व चतुर्थ स्थान पर रहने वाले टीम को आयोजन समिति द्वारा निर्धारित राशि व कप देकर पुरस्कृत किया. 32 टीमों की सहभागिता से आयोजित टूर्नामेंट में प्रथम पुरस्कार 50 हजार व कप, द्वितीय पुरस्कार 30 हजार व कप एवं तृतीय पुरुस्कार व चतुर्थ पुरुस्कार 10 हजार रुपये रखा गया था.

मौके पर प्रमुख उषा देवी, बीस सूत्री अध्यक्ष डेगलाल महतो, बीडीओ डुमरी अन्वेषा ओना, झामुमो प्रखण्ड अध्यक्ष राजकुमार महतो उर्फ राजू महतो, झामुमो नेता भोला सिंह, बरकत अली, राजकुमार पांडेय, कैलाश चौधरी, जगदीश महतो, मुखिया नूरुद्दीन अंसारी आदि सहित टूर्नामेंट के प्रबंधक पंकज महतो, खेल संचालक उपेंद्र महतो, बबलू रजक, रितिक कुमार, आयोजन कमेटी अध्यक्ष मिथलेश महतो, उपाध्यक्ष हेमलाल हांसदा, सचिव भोली महतो, कोषाध्यक्ष उमाशंकर महतो, क्षेत्र प्रबंधक सोनू सोहेल, राजकुमार मेहता, घनश्याम महतो, असलम अंसारी, नारायण महतो, मुखिया रीना कुमारी, जगदीश महतो, कमलपति मंडल, अर्जुन महतो, अजीत कुमार, अनिल रजक, शशिभूषण तुरी, जगरनाथ ठाकुर आदि दर्जनों खेल प्रेमी उपस्थित थे.

### थर्मल बोकारो के कार्मेल स्कूल में साइंस एंड आर्ट्स एग्जीबिशन आयोजित

# सशक्त राष्ट्र के निर्माण के लिए बच्चों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित होना अति आवश्यक : आलोक

**संवाददाता। कथारा**

बोकारो थर्मल बोकारो के कार्मेल स्कूल में साइंस एंड आर्ट्स एग्जीबिशन का भव्य आयोजन शनिवार को किया गया. कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के विशेष बैंड के द्वारा भव्य प्रदर्शनी आयोजित कर पासवा के राष्ट्रीय अध्यक्ष आलोक कुमार दूबे का स्वागत किया गया.

पब्लिक स्कूल्स एण्ड चिल्ड्रेन वेलफेयर एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष आलोक कुमार दूबे ने दीप प्रज्वलित एवं फिता काटकर विज्ञान प्रदर्शनी कार्यक्रम का उद्घाटन किया. कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में सुदीप्त भट्टाचार्य, जी.एम. डीवीसी और बी.जी. होलकर, डी.जी.एम डीवीसी संयुक्त रूप से उपस्थित थे.



पब्लिक स्कूल एंड चिल्ड्रन वेलफेयर एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष आलोक कुमार दूबे ने बच्चों और अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि बच्चे ही राष्ट्र के भविष्य हैं और सशक्त राष्ट्र के निर्माण के लिए बच्चों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण का विकसित होना महत्वपूर्ण है.

उन्होंने बताया कि इस तरह की विज्ञान एवं कला प्रदर्शनी एवं एक्टिविटीज क्लास से बच्चों के व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास होता है और निश्चित रूप से बोकारो थर्मल का कार्मल स्कूल बच्चों के सर्वांगीण विकास में इस तरह के आयोजन कर उत्कृष्ट भूमिका निभा रहा है. उन्होंने बताया कि पब्लिक स्कूल्स एण्ड चिल्ड्रेन वेलफेयर एसोसिएशन का उद्देश्य विद्यालयों और बच्चों में गुणात्मक शिक्षा का विकास है और पासवा हमेशा विद्यालयों के इस तरह के कार्यक्रम को प्रोत्साहित करता रहता है.

इस अवसर पर बच्चों ने भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश कर उपस्थित दर्शकों को मंत्र मुग्ध किया. श्री दूबे ने बच्चों के आर्ट एवं साइंस एग्जीबिशन का मुआयना किया. कक्षा एक से लेकर कक्षा 12वीं तक के बच्चों में विज्ञान के क्षेत्र में अपनी इनोवेशन को प्रदर्शित किया. इसे अतिथियों और अभिभावकों द्वारा काफी सराहा गया. इस मौके पर कई विद्यालयों के प्राचार्य व बच्चे भी विज्ञान प्रदर्शनी को देखने आये थे.

विद्यालय की प्राचार्या सिस्टर एम. मलार ने स्वागत भाषण दिया एवं अतिथियों का स्वागत किया. इस मौके पर विद्यालय प्रबंधन कमिटी के उपाध्यक्ष सिस्टर इनेट, सिस्टर प्रेमलता, सिस्टर नम्रता, सिस्टर लॉरेंस, पासवा के मेंहुल दूबे, एसबीआई मैनेजर सुभाष कुमार, विश्वनाथ महतो, मृत्युंजय प्रसाद, मनीष द्विवेदी विशिष्ट रूप से मौजूद थे.

## नेत्रदान जागरुकता शिविर के आयोजन की पहल

**बोकारो।** अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद ने नेत्रदान जागरुकता शिविरों का आयोजन करने की पहल की है. जैन, गुजराती एवं मारवाड़ी समाज एवं अन्य समाज से 20+ लोगों ने मरणोपरांत नेत्रदान का संकल्प लिया है. इस संबंध में टीम के सदस्य चंदन बाँठिया, गौरव लोढ़ा और अंक्कित जैन ने झारखंड के प्रसिद्ध नेत्र सर्जन डॉ. अंबरीश सोनी से मुलाकात की. डॉ. सोनी ने इस नेक कार्य को बढ़ावा देने का आश्वासन दिया. नेत्रदान के लाभों की बात करें तो, एक नेत्रदान से दो लोगों को दृष्टि प्राप्त हो सकती है, जिससे उनका जीवन पूरी तरह से बदल सकता है. यह अंधेपन से जूझ रहे लोगों को एक नया जीवन देने जैसा है. नेत्रदान न केवल नेत्रहीनों के जीवन में उजाला लाता है, बल्कि इससे व्यक्ति समाज में आत्मनिर्भर बनकर अपनी क्षमता का बेहतर उपयोग कर सकता है. इस तरह के नेक कार्य से लोगों की जीवनशैली में सकारात्मक बदलाव आता है और समाज में जागरुकता फैलती है.

## ब्रीफ खबरें

### डेंगू के मरीजों की संख्या में वृद्धि जारी

**धनबाद।** धनबाद में डेंगू के मरीजों की संख्या में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। शनिवार को डेंगू के तीन नए मरीजों की पुष्टि हुई है, जिससे अब तक सरकारी आंकड़ों के अनुसार 61 मरीजों की रिपोर्ट पॉजीटिव आई है। मेडिकल कॉलेज के माइक्रोबायोलॉजी लैब की ओर से स्वास्थ्य विभाग को भेजी गई रिपोर्ट में सुवि प्रवीण (35 वर्ष), निर्मला देवी (45 वर्ष), अशोक (25 वर्ष) के डेंगू से पीड़ित होने की पुष्टि हुई है। स्वास्थ्य विभाग ने डेंगू के बढ़ते मामलों को देखते हुए अलर्ट जारी कर दिया है। लोगों से अपील की गई है कि वे डेंगू के लक्षणों को पहचानें और तुरंत चिकित्सक से संपर्क करें। डेंगू के लक्षणों में बुखार, सिरदर्द, मांसपेशियों में दर्द, जोड़ों में दर्द, और त्वचा पर लाल धब्बे शामिल हैं। यदि आपको इनमें से कोई भी लक्षण दिखाई देता है, तो तुरंत चिकित्सक से संपर्क करें। स्वास्थ्य विभाग ने डेंगू के नियंत्रण के लिए विभिन्न कदम उठाए हैं.

### आदिवासी समाज का स्वास्थ्य में सुधार पर जोर

**गोविंदपुर।** गोविंदपुर में संथाल डॉक्टर्स एसोसिएशन झारखंड का सातवां वार्षिक सम्मेलन समारोहपूर्वक हुआ। इसमें झारखंड के विभिन्न जिलों के विशेषज्ञ चिकित्सकों और मेडिकल छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। मुख्य वक्ता टाटा मणिपाल मेडिकल कॉलेज जमशेदपुर के औषधि विभागाध्यक्ष डॉ प्रो हीरालाल मुर्मू ने कहा कि सुदूर ग्रामीण इलाकों में समाज के अंतिम पायदान पर खड़े लोगों को चिकित्सा सुविधा प्रदान करना संगठन का उद्देश्य है। उन्होंने विभिन्न बीमारियों और उनके निदान के उपाय बताए। रिनपास के पूर्व निदेशक डॉ सुभाष सोरेन ने आधुनिक चिकित्सा विज्ञान को पूरे आदिवासी समाज तथा पिछड़ों और दलितों के बीच पहुंचाने में चिकित्सकों से सहयोग की अपील की। उन्होंने कहा कि अज्ञानता और निर्धनता के कारण आदिवासी समाज की औसत आयु अन्य समाज से कम है। मूत्र रोग विशेषज्ञ डॉ चंपई सोरेन ने कहा कि चिकित्सा के प्रति आदिवासी समाज जागरूक हुआ है।

# तालाब के ऊपर 11000 वोल्ट की बिजली तार से दुर्घटना की आशंका



**अब्दुल हमीद उर्फ गफूर**

महुदाः धनबाद जिले के बाघमारा प्रखंड के हाथुडीह पंचायत के कचर्रा गांव में माथा बाँध तालाब में बिजली का पोल और तार लगा है, जिससे बड़ी दुर्घटना हो सकती है। कचर्रा गांव के लोग तालाब में नहाते हैं, कपड़े धोते हैं और मवेशियों को पानी पिलाते हैं। दुर्गा पूजा में तालाब में दुर्गा मूर्ति का विसर्जन भी होता है। तालाब के बीच में 11000 वोल्ट का तार लगा है, जो बिना सुरक्षा उपायों के लगाया गया है। तालाब में बिजली का पोल भी गड़ा है, जिसके सहारे तार लटक रहा है। पानी के कारण पोल के नीचे की मिट्टी कमजोर हो गई है, जिससे पोल कभी भी गिर सकता है। यदि पोल गिरता है, तो हाई वोल्टेज तार पानी में गिर जाएगा, जिससे लोग और मवेशी खतरे में पड़ सकते हैं। ग्रामीणों ने बिजली विभाग को कई बार सूचना दी है, लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। बिजली विभाग के अधिकारी जेई सोनू समद ने कहा कि जल्द ही तार और पोल को तालाब से हटा दिया जाएगा। सर्वे का काम होने वाला है और दुर्गा पूजा से पहले तार और पोल को दूसरी जगह शिफ्ट कर दिया जाएगा। लेकिन ग्रामीणों को आशंका है कि बिजली विभाग के अधिकारी किसी अनहोनी के इंतजार में मूकदर्शक बने खड़े हैं। यदि दुर्घटना होती है, तो जिला प्रशासन और बिजली विभाग के अधिकारी एक दूसरे को दोष देने के अलावा कुछ नहीं कर सकेंगे। ग्रामीणों ने बिजली विभाग से जल्द कार्रवाई करने की मांग की है, ताकि उनकी जान और मवेशियों की जान बचाई जा सके।

# डीएसई ने डीएवी पब्लिक स्कूल सिंदरी पर सख्त कार्रवाई की दी चेतावनी

**खास बातें**

- स्कूल ने बीपीएल के तहत चयनित बच्चों का नामांकन नहीं लिया
- आरटीई प्रभारी को 30 सितंबर तक विवरणी जमा करने का निर्देश



**संवाददाता। धनबाद**

जिला शिक्षा अधीक्षक आयुष कुमार ने डीएवी पब्लिक स्कूल सिंदरी पर सख्त कार्रवाई करने की चेतावनी दी है, क्योंकि स्कूल ने बीपीएल के तहत चयनित बच्चों का नामांकन नहीं लिया है। स्कूल के आरटीई प्रभारी को 30 सितंबर तक शैक्षणिक सत्र 2018-19 से 2023-24 तक नामांकित छात्रों की विवरणी जमा करने का निर्देश दिया गया है। जिला शिक्षा अधीक्षक ने कहा कि स्कूल द्वारा बीपीएल बच्चों का नामांकन नहीं लेना आरटीई अधिनियम का उल्लंघन है। उन्होंने कहा कि स्कूल को पहले ही नामांकन का आदेश दिया गया था, लेकिन स्कूल ने मार्गदर्शन की मांग की है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह कार्य अति महत्वपूर्ण है और इसमें किसी भी तरह की देरी नहीं होनी चाहिए। स्कूल को अपने आरटीई प्रभारी के साथ विवरणी लेकर उपस्थित होने का निर्देश दिया गया है। यदि स्कूल निर्धारित समय तक विवरणी नहीं जमा करता है, तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जा सकती है। जिला शिक्षा अधीक्षक ने कहा कि स्कूलों को चेतावनी दी है कि यदि वे निर्धारित समय तक विवरणी नहीं जमा करते हैं, तो उनके खिलाफ कार्रवाई की जा सकती है। इस मामले में डीएवी पब्लिक स्कूल सिंदरी के प्रबंधन ने अभी तक कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। जिला शिक्षा अधीक्षक ने कहा कि स्कूल के खिलाफ कार्रवाई करने से पहले उन्हें एक मौका दिया जाएगा, लेकिन यदि स्कूल निर्धारित समय तक विवरणी नहीं जमा करता है, तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## सीआइएसएफ-पुलिस की संयुक्त कार्रवाई, 20 टन कोयला जप्त



**संवाददाता। कतरास**

बीसीसीएल कतरास क्षेत्र संख्या 4 के अंतर्गत वेस्ट मोदीडीह के भूमि आउटसोर्सिंग पैच के पास शनिवार को कतरास क्षेत्र के सीआइएसएफ और तेतुलमारी पुलिस ने संयुक्त रूप से छापामारी कर लगभग 20 टन अवैध कोयला जप्त किया। जप्त कोयला को वेस्ट मोदीडीह कोलियरी प्रबंधन को सौंप दिया गया। इस संबंध में थानेदार सत्येंद्र यादव ने बताया कि यह कार्रवाई गुप्त सूचना के आधार पर की गई है। उक्त स्थान पर अवैध कोयला भंडारण होने की सूचना मिली थी, जिसके आलोक में यह कार्रवाई की गई। उन्होंने कहा कि अवैध कोयला तस्करी पर नकेल कसने के लिए ऐसी कार्रवाइयां आगे भी जारी रहेंगी। सीआइएसएफ और पुलिस की संयुक्त टीम ने अवैध कोयला तस्करी में शामिल लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और आगे की जांच की जा रही है। इस कार्रवाई से अवैध कोयला तस्करी पर अंकुश लगाने में मदद मिलेगी। इस अवसर पर सीआइएसएफ के कमांडर पंकज कुमार, तेतुलमारी पुलिस थाने के एएसआइ सुनील कुमार, सीआइएसएफ के जवान और पुलिस बल मौजूद थे।

# विश्व सुरक्षित गर्भ समापन दिवस पर जागरुकता रैली

**संवाददाता। महुदा**




महुदा में विश्व सुरक्षित गर्भ समापन दिवस पर जागरूकता रैली निकाली गई। डुमरा मोड़ से बाघमारा प्रखंड कार्यालय तक इब्तिदा नेटवर्क और स्वाभिमान संस्था द्वारा आयोजित रैली में महिलाओं और किशोरियों ने भाग लिया। रैली में शामिल महिलाओं ने ₹मुझे नहीं, मेरे अधिकारों को सुनिश्चित करो₹ और ₹मेरा शरीर, मेरा अधिकार₹ जैसे नारे लगाए। संस्था अध्यक्ष भुनेश्वरी देवी ने कहा कि कई महिलाओं और किशोरियों को अपने अधिकारों के बारे में पता नहीं है, जिससे वे अनचाहे गर्भ के कारण जान जोखिम में डालती हैं। उन्होंने कहा कि समाज और परिवार के दबाव में महिलाएं अपनी जान गवां देती हैं। संस्था सचिव सुषमा देवी ने कहा कि सभी महिलाओं और लड़कियों को सुरक्षित गर्भनिरोधक तरीकों तक पहुंच होनी चाहिए और उन्हें अपने शरीर पर अधिकार होना चाहिए। उन्होंने कहा कि आपातकालीन या अनचाहे गर्भ ठहरने पर महिलाओं को सुरक्षित गर्भ समापन करने का अधिकार है। रैली में शामिल अन्य महिलाओं में जूली देवी, लालचंद खातून, रीना देवी, मालती देवी, नीतू देवी, रेखा देवी, अंजली कुमारी, रेणु कुमारी, लक्ष्मी कुमारी और दीपाली कुमारी शामिल थीं। संस्था सदस्य लक्ष्मी देवी और माला देवी ने सभी को धन्यवाद दिया। इस रैली का उद्देश्य महिलाओं और किशोरियों को उनके अधिकारों के बारे में जागरूक करना और उन्हें सुरक्षित गर्भनिरोधक तरीकों के बारे में जानकारी देना था। संस्था ने महिलाओं को अपने शरीर पर अधिकार और सुरक्षित गर्भ समापन के अधिकार के लिए जागरूक करने का संकल्प लिया है।

# बॉडी बिल्डिंग में मेघलाल कुमार महतो को सम्मान

**संवाददाता। कतरास**



कतरासः महाराष्ट्र में आयोजित तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले झींझी पहाड़ी पंचायत निवासी मेघलाल कुमार महतो को शनिवार को पंचायत सचिवालय में ग्रामीणों ने गर्मजोशी से स्वागत किया। पंचायत के मुखिया प्रेमलता कुमारी के नेतृत्व में आयोजित सम्मान समारोह में मुखिया प्रतिनिधि गणेश महतो सहित सैकड़ों ग्रामीणों ने अंतरराष्ट्रीय विजेता को अंग वस्त्र तथा पुष्प गुच्छ भेंट कर सम्मानित किया। मेघलाल कुमार महतो की इस उपलब्धि पर ग्रामीणों ने उनके परिवार को भी बधाई दी। मुखिया प्रतिनिधि गणेश महतो ने अपनी संबोधन में कहा कि मेघलाल ने अपने गांव देहात का नाम अंतरराष्ट्रीय पटल पर स्थापित किया है, जो पंचायत के लिए गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि मेघलाल की उपलब्धि युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत है। इस अवसर पर कमल महतो, समीर महतो, भीम महतो, राजकुमार महतो, सुधीर कुमार वर्मा, योगेश्वर महतो, अर्जुन कुमार महतो सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित थे। मेघलाल कुमार महतो ने अपनी सफलता के लिए अपने परिवार, गुरुओं और ग्रामीणों का आभार व्यक्त किया। मेघलाल कुमार महतो की यह उपलब्धि झारखंड के लिए भी गर्व की बात है, जो राज्य के युवाओं को खेल के क्षेत्र में उत्कृष्टता की दिशा में प्रेरित करेगी।

## आसनसोल

### पश्चिम बंगाल में बिजली विभाग के खिलाफ जमीन मालिकों का प्रदर्शन

# टावर को लेकर पुलिस-ग्रामीणों में टकराव





**खास बातें**

- भारी संख्या में पुलिस बल तैनात,प्रशासन और बुलडोजर को वापस जाना पड़ा

**संवाददाता। बाघमारा**

पश्चिम बंगाल इलेक्ट्रिक सिटी बोर्ड द्वारा सतैसा मोड पर हाई टेंशन टावर लगाने को लेकर जमीन मालिक और पुलिस के बीच टकराव हुआ। बराकर में पश्चिम बंगाल इलेक्ट्रिक सिटी बोर्ड ने कुल्टी के सतैसा मोड के पास खास जमीन पर बिजली के हाई टेंशन टावर लगाने के लिए जमीन मालिकों और स्थानीय लोगों ने सड़क अवरोध कर हंगामा किया। इस दौरान पुलिस और ग्रामीणों के बीच धक्का-मुक्की हुई। स्थिति को देखते हुए भारी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया। प्रशासन और बुलडोजर को वापस जाना पड़ा। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि जिस जगह पर बिजली का हाई टेंशन टावर लग रहा है, वह 15 कट्ठा जमीन जय श्री बाउरी, पुष्पा बाउरी, मोनिका बाउरी, आदेश बाउरी, तपन बाउरी के नाम पर रजिस्ट्री है। जमीन मालिकों ने आरोप लगाया है कि बिजली विभाग ने जमीन के मालिकों को बिना सूचित किए तोड़ने का काम किया है और कोई मुआवजा नहीं दिया है। जमीन मालिक मुआवजे के साथ जमीन के बदले जमीन की मांग कर रहे हैं। पुस्पा बाउरी ने आरोप लगाया है कि इस जमीन के पास सरकारी जमीन है, लेकिन टावर वहां नहीं लगाया जा रहा है। ग्रामीणों की रजिस्ट्री जमीन को छीना जा रहा है। अधिकारियों ने कहा कि पश्चिम बर्दवान जिला शासक के निर्देश पर कार्य किया जा रहा है। लोगों ने जिला प्रशासन और बिजली विभाग के खिलाफ प्रदर्शन किया और बुलडोजर के सामने लेट गए। आसनसोल बराकर जीटी रोड जाम कर दिया गया। पुलिस को बुलडोजर पीछे करना पड़ा। ग्रामीण जमीन के बदले जमीन या मुआवजे की मांग पर अडिग रहे।

### पूजा से पहले दो महकमा शासकों का स्थानांतरण



**पुरुलिया :** पूजा से पहले पुरुलिया में दो महकमा शासकों का स्थानांतरण कर दिया गया। बदली हुए शासक पुरुलिया जिले के रघुनाथपुर और मानबाजार महकमा के हैं। उन्हें पुरुलिया जिले से स्थानांतरित कर अन्यत्र पदोन्नत किया गया है। ज्ञात हो कि रघुनाथपुर की महकमा शासक तमिल अभिया एस को हुगली के अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट के रूप में स्थानांतरित किया गया है। दूसरी ओर, मानबाजार की महकमा मजिस्ट्रेट अनुज प्रताप सिंह को भी हुगली के अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट के रूप में स्थानांतरित किया गया है। इधर स्कूल शिक्षा विभाग के प्रभारी आईएएस मोहम्मद मंजर हुसैन अंजुम ने मानबाजार महकमा शासक और विवेक पंकज ने रघुनाथपुर महकमा शासक की नई जिम्मेदारी ली है।

# पुरुलिया में बुखार से 13 साल के नाबालिग की मौत





**संवाददाता। पुरुलिया**

पुरुलिया जिले के हुड़ा ब्लॉक के बागदिशा गांव में रहने वाली 13 वर्षीय पायल मोदी की बुखार से मौत हो गई। पायल के पिता राजेन मोदी किराने का काम करते थे। पायल की माँ ने गाँव के डॉक्टर से दवा लेकर बुखार ठीक करने की कोशिश की, लेकिन वह बच नहीं सकी । पायल का बुखार बढ़ने पर उसे पुरुलिया देवेन महतो सरकारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टर ने लड़की को मृत घोषित कर दिया। मौत का वास्तविक कारण जानने के लिए शव को पोस्टमार्टम के लिए पुरुलिया देवेन महतो सदर अस्पताल के मुर्दाघर में भेज दिया गया । पुरुलिया जिले के मुख्य स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अशोक विश्वास ने कहा कि पुरुलिया जिले में अभी भी डेंगू मलेरिया का प्रकोप है। उन्होंने जिले के समग्र आंकड़ों पर प्रकाश डाला और कहा कि बुखार होने पर आशा कार्यकर्ता से खून की जांच करानी चाहिए और आगे कदम उठाना चाहिए । डॉ. अशोक विश्वास ने हुड़ा ब्लॉक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के बीएमओएच डॉ. अपूर्व मंडल और स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी, आशा, आईसीडीएस कर्मचारियों के साथ शनिवार को स्थिति का जायजा लेने के लिए उस गांव में पहुंचे ।

# ग्लोबल वार्मिंग के खिलाफ पौधारोपण



**संवाददाता। सांकतोड़िया**

सांकतोड़िया के शीतलपुर घुसिक डांगा में स्थानीय लोगों ने एक पौधा मां के नाम कार्यक्रम के तहत शनिवार को पौधारोपण किया। इस अवसर पर अनिक बर्मन, रामेश्वर पासवान, सुरेश राजवाड़, रजनी बाउरी सहित स्थानीय महिलाओं ने भी सराहनीय सहयोग किया। स्थानीय लोगों ने देश भर में चल रहे पौधारोपण और विश्व भर में बढ़ रही उष्णता एवं ग्लोबल वार्मिंग के आलोक में यह कदम उठाया है। अनिक बर्मन और सुरेश राजवाड़ ने कहा कि ग्लोबल वार्मिंग, बाढ़ का प्रकोप हम सभी देख रहे हैं। प्रधानमंत्री के एक पेड़ मां के नाम अभियान को देखते हुए हमने यह कदम उठाया है। उन्होंने कहा कि हमारा ध्यान फलदार पौधों के साथ-साथ हमारी संस्कृति से जुड़े पौधों पर भी है, जैसे कि पीपल, बरगद, नीम, पाकड़ आदि। ये पौधे विपरीत परिस्थितियों में भी बच निकलते हैं। खाली जगहों पर इनकी देखभाल में कमी रहती है, लेकिन ये बचकर निकल जाते हैं। यह मौसम भी इनके पल्लवन के अनुकूल है।

# बराकर में श्री अकादमी स्कूल ने निकाली डेंगू जागरूकता रैली




**संवाददाता। बराकर**

**बराकर ।** बराकर में श्री श्री अकादमी स्कूल द्वारा डेंगू की रोकथाम को लेकर जागरूकता रैली आयोजित की गई। इस रैली का मुख्य उद्देश्य डेंगू के खतरे, इसके कारण, लक्षण और बचाव के उपायों के बारे में स्थानीय नागरिकों को जागरूक करना था। विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती मौसमी बेनर्जी और डायरेक्टर कैप्टन आलोकेश सेन ने हरी झंडी दिखाकर रैली का शुभारंभ किया। छात्र-छात्राओं ने हाथों में बैनर और तख्तियां लेकर डेंगू से बचाव के संदेश लिखे थे। उन्होंने डेंगू से संबंधित नारों का उच्चारण करते हुए लोगों को जागरूक किया। रैली में मच्छरों से बचाव के उपाय, पानी जमा न होने देना, साफ-सफाई रखना और मच्छरदानी का उपयोग करने के बारे में जानकारी दी गई। रैली श्री श्री अकादमी से शुरू होकर सेल बाईपास होते हुए नियामतपुर बाजार और नियामतपुर बस स्टैंड तक पहुंची। विडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से विद्यालय के संरक्षक श्रीमान सुभाष अग्रवाल ने सभी का धन्यवाद किया और कहा, ₹डेंगू जैसी बीमारियों से बचने के लिए हमें मिलकर जागरूकता फैलानी होगी। इस अवसर पर शिक्षिका गिरिजा शर्मा, सोनाली चटर्जी, रियंका बागची, परमजीत कौर, कौशिक माजी, विश्वजीत कुमार और सुशांतो कुमार उपस्थित थे।

### बराकर में डेंगू का प्रकोपः कई मोहल्लों में मरीजों की शिकायत



बराकर के कई मोहल्लों में डेंगू के मरीजों की शिकायतें मिल रही हैं। आसनसोल नगर निगम के कुल्टी बोरो अंतर्गत बराकर के वार्ड 69 के चुनगाड़ी क्षेत्र में एक वृद्ध डेंगू की शिकार हो गई। वृद्ध को तुरंत बराकर सरकारी स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। बताया जाता है कि वृद्ध महिला पिछले कुछ दिनों से बुखार से पीड़ित थी और बुखार कम नहीं हो रहा था। परिजनों ने शुक्रवार को स्थानीय रक्त जांच परीक्षण केंद्र में जांच करवाई, जहां उसकी रिपोर्ट में डेंगू की पुष्टि हुई। कुल्टी बोरो चेयरमैन चैतन्य माजी पीड़िता के घर पहुंचे और रक्त प्रशिक्षण केंद्र एवं चिकित्सकों से मिली जानकारी के अनुसार बराकर क्षेत्र में बड़ी संख्या में लोग बुखार का शिकार हो रहे हैं। कई घरों में डेंगू की शिकायत बताई जा रही है।

# रानीगंज में एनसीसी कंपनी-3 ने चलाया स्वच्छता अभियान



**संवाददाता। रानीगंज**

रानीगंज में त्रिवेणी देवी भालोटिया महाविद्यालय की एनसीसी कंपनी 3 द्वारा स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस अभियान में कंपनी कमांडर लेफ्टिनेंट गणेश रजक के नेतृत्व में सभी कैडेट और अधिकारी शामिल थे। अभियान के तहत रानीगंज के आसपास के क्षेत्रों की साफ-सफाई की गई। लेफ्टिनेंट डॉक्टर गणेश रजक ने सभी कैडेट्स को स्वच्छ भारत अभियान के महत्व के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा, राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के सपनों को पूरा करने के लिए स्वच्छ भारत बनाने का संकल्प हर एक नागरिक को लेना होगा। तभी यह मिशन सफल हो सकता है।₹उन्होंने आगे कहा, स्वच्छता हमारी दैनिक जीवन की एक महत्वपूर्ण आवश्यकता है। हमें अपने आसपास के वातावरण को स्वच्छ रखने के लिए नियमित रूप से प्रयास करना चाहिए। इस अभियान में शामिल कैडेट्स ने रानीगंज के विभिन्न क्षेत्रों में जाकर स्वच्छता कार्य किया। उन्होंने सड़कों पर पड़े कूड़े-कचरे को हटाया और लोगों को स्वच्छता के महत्व के बारे में जागरूक किया।

## मैदान में उतरे पीएम, गृह मंत्री और कई पड़ोसी राज्यों के सीएम

# भाजपा ने आचार संहिता लगने से पहले ही झोंक दी पूरी ताकत

**प्रवीण कुमार | रांची**

झारखंड में होने वाले विधानसभा चुनाव को इस बार हर हाल में भाजपा जीतना चहती है. इसके लिए भाजपा बदली हुई रणनीति पर काम कर रही है. इस रणनीति के तहत भाजपा ने चुनाव की घोषणा से पहले ही एक चरण का प्रचार अभियान ( परिवर्तन यात्रा) दो अक्टूबर तक पूरा कर लेगी. परिवर्तन यात्रा में भाजपा ने क्षेत्र विशेष पर ध्यान केंद्रित करते हुए अपने दिग्गज नेताओं को मैदान में उतार दिया. भाजपा के सबसे बड़े ब्रांड पीएम नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की अगुवाई में भाजपा नेताओं की फौज झारखंड में उतार दी गई. परिवर्तन यात्रा में भाजपा ने चुनावी फ़िज़ा बांधने, झामुमो- कांग्रेस की सरकार के खिलाफ नैरेटिव सेट करने और कार्यकर्ताओं को लामबंद करने की पुरजोर कोशिशें कर रही है. इसमें भाजपा को एक हद तक सफलता भी मिल रही है. पार्टी ने राष्ट्रीय नेताओं के साथ प्रदेश के नेताओं को भी विधानसभा स्तर तक ले जाकर जनता से संवाद कायम करने और बूथ स्तर से लेकर पन्ना प्रमुख तक को परिवर्तन यात्रा के जरिए सक्रिय किया है. इसका फायदा माइक्रो स्तर पर मैनेजमेंट में मिलेगा.

बता दें कि 20 सितंबर से शुरू हुई भाजपा की परिवर्तन यात्रा आठ दिनों का सफर तय कर चुकी है. 20 सितंबर को केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने साहिबगंज और गिरिडीह के झारखंडी धाम में सभा कर परिवर्तन यात्रा की शुरुआत की थी. 21 सितंबर को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह इटखोरी से हजारीबाग प्रमंडल और वंशीधर नगर से पलामू प्रमंडल की परिवर्तन यात्रा की शुरुआत की थी. इसके बाद भी राजनाथ सिंह परिवर्तन यात्रा में शामिल होते रहे. भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल की परिवर्तन यात्रा 23 सितंबर को खूंटी से शुरुआत की थी. इससे पहले 15 सितंबर को जमशेदपुर दौरे पर आए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की परिवर्तन महारैली चुनावी शंखनाद थी. परिवर्तन महारैली से पहले पीएम मोदी ने छह वंदे भारत की ट्रेनों की शुरुआत के साथ कई योजनाओं, प्रोजेक्ट का शिलान्यास, लोकार्पण भी किया. पीएम मोदी 17 दिनों के भीतर दूसरी बार झारखंड आ रहे हैं. दो अक्टूबर को हजारीबाग में परिवर्तन यात्रा की समापन सभा को संबोधित करेंगे.



### भाजपा परिवर्तन यात्रा में आए दिग्गज

**केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह** : 20 सितंबर को साहिबगंज और गिरिडीह के झारखंडी धाम में सभा कर परिवर्तन यात्रा की शुरुआत की.
**रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह** : 21 सितंबर को ईटखोरी से हजारीबाग प्रमंडल और बंशीधर नगर से पलामू प्रमंडल की परिवर्तन यात्रा का की शुरुआत की, 26 सितंबर को धनबाद जिले के रणधीर वर्मा स्टेडियम में सभा की.
**केंद्रीय कृषि शिवराज सिंह चौहान** : 21 सितंबर बंशीधर नगर, 24 सितंबर को गोड्डा और बोकारो, 26 सितंबर को सिसई, 27 सितंबर को महुआटांड़, 28 सितंबर को पलामू में सभा की.
**बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी** : 21 सितंबर को गिरिडीह और बेंगाबाद में रोड शो में शामिल हुए.
**उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य** : 22 सितंबर को झुमरी तिलैया और गढ़वा.
**भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा** : 23 सितंबर को खूंटी से दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल परिवर्तन यात्रा का किया शुरुआत की.
**मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव** : 23 सितंबर को गांडेय और बरकट्ठा में परिवर्तन सभा की.
**पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर** : 23 सितंबर को हुसैनाबाद, उंटारी रोड में सभा की.
**पश्चिम बंगाल के नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी** : 24 सितंबर को धनबाद जिले के सिंदरी और चंदनक्यारी में सभा की.
**भाजपा सांसद रवि किशन** : 25 सितंबर को पलामू और लातेहार, 26 सितंबर गुमला जिले के रायडीह और बड़कागांव की सभा में हुए शामिल
**भाजपा सांसद मनोज तिवारी** : 25 सितंबर को प्रतापपुर और फुसरो में सभा की.
**छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय** : 25 सितंबर, सिमडेगा में सभा की.
**उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ** : 25 सितंबर को चतरा में सभा की.
**उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी** : 26 सितम्बर को जामताड़ा के कुंडहित में सभा की.
**असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा** : 27 सितंबर को हजारीबाग में सभा की.
**पूर्व सांसद लॉकेट चटर्जी** : 27 सितंबर जामताड़ा और देवघर में सभा की.
**केंद्रीय जनजाति मंत्री जुएल उराम** : 28 सितंबर को मांडर में सभा की.
**राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा** : 28 सितंबर को देवघर में सभा की.

- भाजपा हर हाल में जीतना चाहती है विधानसभा चुनाव
- यूपी, एमपी, उत्तराखंड, असम, छत्तीसगढ, राजस्थान के सीएम कर चुके हैं सभा

**कब किस नेता ने कहां किया परिवर्तन सभा को संबोधित**

राज्य के सभी 81 विधानसभा क्षेत्रों में हो रही भाजपा की परिवर्तन यात्रा और सभा में अब तक केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह, अन्नपूर्णा देवी, शिवराज सिंह चौहान, संजय सेठ, जुएल उरांव, मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव, असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा, छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी,उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधारी, पूर्व मंत्री अनुराग ठाकुर, पश्चिम बंगाल में नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी, मनोज तिवारी, रवि किशन सरीखे नेता शामिल हो चुके हैं. इसके अलावा झारखंड भाजपा के दिग्गज और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी,अर्जुन मुंडा,चंपाई सोरेन समेत संगठन के नेता भी परिवर्तन यात्रा में लगे हुए हैं. साथ ही शिवराज सिंह चौहान झारखंड में विधानसभा चुनाव के लिए बीजेपी के प्रभारी और हिमंता बिस्वा सरमा सह-प्रभारी हैं. दोनों नेताओं का झारखंड आने-जाने का सिलसिला और चुनावी बिसात बिछाना पहले से जारी है. लोकसभा चुनावों के नतीजों के बाद से भाजपा ने झारखंड में बांग्लादेशी घुसपैठिए और संथालपरगना में डेमोग्राफी बदलने के मुद्दे को तेजी से उछाल रखा है. अलबत्ता, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, अमित शाह, जेपी नड्डा ने भी हालिया रैलियों में सत्तारूढ़ दलों पर वोट के लिए तुष्टीकरण की राजनीति करने और घुसपैठियों को संरक्षण देने के आरोप लगाते हुए आदिवासियों के सामने संकट पर सवाल खड़े किए हैं. भाजपा की सभाओं में भ्रटाचार के अआवे झामुमो के वादों को भी लोगों को याद दिलाया जा रहा है.

## 'इंडिया' के अन्य नेता कहीं भी नजर नहीं आ रहे हैं

# चुनावी रण में 'इंडिया' की ओर से अभी सिर्फ हेमंत-कल्पना ही मोर्चा संभाले हैं

**कौशल आनंद | रांची**

अभी विधानसभा की चुनावी बिगुल बजने में कुछ दिनों की देरी है. मगर चुनावी घोषणा होने के पहले ही भाजपा जमीन पर उतर चुकी हैं. पिछले एक महीने से भाजपा के राष्ट्रीय नेता, केंद्रीय मंत्री सहित स्टार प्रचारक मैदान में उतर कर ताबड़तोड़ परिवर्तन यात्रा के बहाने चुनावी सभा कर रहे हैं. वहीं इंडिया गठबंधन की बात करें तो अकेले केवल मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और उनकी विधायक पत्नी कल्पना सोरेन ही मोर्चा संभाले हुए हैं. इंडिया गठबंधन के अन्य दल जैसे कांग्रेस, राजद व माले के राष्ट्रीय एवं प्रदेश स्तर के नेता सीन से गायब हैं. तीनों दल की बैठकें और दिशा-निर्देश तक ही अपने को सीमित रख दिया है. राजनीतिक गलियारे में इस बात की चर्चा शुरू हो गयी कि क्या विधानसभा चुनाव की नैया इस बार क्या केवल हेमंत-कल्पना (पति-पत्नी) के कंधे पर रहेगी या आने वाले दिनों में कांग्रेस, राजद और माले की राजनीतिक गतिविधियां बढ़ेंगी.

**भोज के समय खेती करने की पुरानी आदत रही है कांग्रेस की :** भाजपा जहां आजसू और जदयू के साथ गठबंधन और सीट शेयरिंग का फॉर्मूला तय कर लिया है. भाजपा के विधानसभा चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान ने यहां तक कह दिया कि नवरात्रि में पार्टी अपने प्रत्याशियों की पहली सूची जारी कर देगी, वहीं अगर इंडिया गठबंधन की बात करें तो अभी तक कौन कितने सीटों पर लड़ेंगे, इसकी संभावित नाम भी सामने नहीं आ पाया है. बस कौन दल कितने में दावे कर रहा है, वह ही चर्चा में है. वैसे भी कांग्रेस की भोज के समय खेती करने की पुरानी आदत रही है. गत विधानसभा चुनाव की बात हो या फिर हाल में ही संपन्न हुए लोकसभा चुनाव. हमेशा ही काफी विलंब से और सस्पेंस बना कर ही प्रत्याशियों की घोषणा पार्टी करती रही है, जिसका नुकसान पार्टी के साथ-साथ घोषित प्रत्याशियों को भी होता है. उन्हें मैदान में उतरने और जनता तक पहुंचने का काफी कम समय मिलता है.




### क्या कहते हैं कांग्रेस, राजद और माले के नेतागण

हमें भाजपा की तरह आयातित नेता के भरोसे विधानसभा चुनाव नहीं लड़ेंगे, हमें अपने प्रदेश स्तर के और क्षेत्रीय नेताओं पर पूरा भरोसा है. हमारी सरकार और उनके मुखिया ने जनता के लिए इतना काम किया है कि हमें जनता पर पूरा भरोसा है. भाजपा को खुद पर भरोसा नहीं है इसलिए मजमा लगवा रही है बाहर के नेताओं को बुलाकर. रही बात सीट शेयरिंग और प्रत्याशियों को तो वह भी समय पर हो जाएगा, किसी को चिंता करने की जरूरत नहीं है. **- राकेश सिन्हा,** महासचिव सह प्रवक्ता पीसीसी

राजद पूरी तरह से सक्रिय है. हर प्रमंडल में राजद कार्यक्रम कर रही है. सरकार के हर कार्यक्रम में हमारे पार्टी के मंत्री सत्यानंद भोक्ता खुद शामिल हो रहे हैं. पार्टी के कार्यक्रमों में हमारे राष्ट्रीय नेता जयप्रकाश यादव, अब्दुल बारिकी सिद्धिकी, विधायक भोला यादव, सांसद अवधेश कुमार कुशवाहा, सुरेंद्र प्रसाद यादव आदि नेता आ रहे हैं. रही बात सीट शेयरिंग और प्रत्याशी चयन का तो सभी बिंदुओं पर बातचीत चल रही है. गठबंधन में बहुत सारी चीजों अंडरस्टूड है. **- कैलाश यादव,** मीडिया प्रभारी राजद

जिसे हारने का डर होता है, वही अधिक तमाशा खड़ा करता है. यही हाल भाजपा वालों का है. उनके दल में पांच-पांच पूर्व मुख्यमंत्री हैं, फिर भी उन्हें बाहर से नेता बुलाना पड़ रहा है. इंडिया गठबंधन की हर स्तर पर बातचीत चल रही है. सीट शेयरिंग और प्रत्याशी पर भी मंथन चल रहा है. बहुत जल्द सारा कुछ सामने आ जाएगा. चुनाव में राष्ट्रीय नेताओं की ज्वाइंट कैपेनिंग भी होगी. इसकी भी रणनीति बन रही है. **- सुशांतो मुखर्जी,** नेता माले



## राशिफल

**आचार्य प्रणव मिश्रा**

**मेष** पंचम भाव में चन्द्र है. विद्यार्थी वर्ग शोध कार्य व शैक्षणिक गतिविधियों में सफलता प्राप्त कर सकते हैं. स्वादिष्ट व्यंजनों का आनंद प्राप्त होगा. व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा. नौकरी में कोई नया विचार क्रियान्वित हो सकता है.

**वृष** धन का आगमन होगा. सुख का सामान एकत्र होगा. कार्य की सफलता के लिए प्रयास अधिक करना पड़ेगा. गलतफहमी से विवाद हो सकता है. भावनाओं पर अंकुश आवश्यक है. हितशत्रुओं से सावधान रहें. कारोबार ठीक चलेगा.

**मिथुन** भाई का सहयोग मिलेगा. आपके कार्य और प्रभाव से आय में वृद्धि होगी. कोई बड़ा कार्य प्रारंभ करने का मन बनेगा. व्यापार-व्यवसाय मनोनुकूल लाभ देगा. निवेश शुभ फल देगा. समय की अनुकूलता का लाभ लें. भरपूर प्रयास करें.

**कर्क** आय बहुत ही अच्छी होगी. आत्मविश्वास में बढ़ोतरी होगी. जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे. कार्य और प्रभाव से आय में वृद्धि होगी. परिवार में खुशी का माहौल रहेगा. किसी मांगलिक कार्य में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा.

**सिंह** किये गए कार्य का लाभ मिलेगा. सुबह से खर्च में वृद्धि होगी. व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी. भाग्य का सहारा रहेगा. परिवार में खुशी का माहौल रहेगा. चोट व रोग से बचें. किसी बड़ी समस्या से निजात मिल सकती है.

**कन्या** आय एक समान नहीं होगी. कर्ज लेना पड़ सकता है. किसी व्यक्ति के उकसावे में नहीं आएं. क्रोध व उत्तेजना पर नियंत्रण रखें. कीमती वस्तुएं संभालकर रखें. स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा. व्यापार-व्यवसाय अच्छा चलेगा.

**तुला** किसी कार्य को लेकर लापरवाही न करें. व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी. लाभ के अवसर हाथ आएंगे. पुरानी लेनदारी वसूली के प्रयास सफल रहेंगे. कारोबार में वृद्धि होगी. जल्दबाजी न करें. इतर का दान करना चाहिए.

**वृश्चिक** कोई मानसिक पीड़ा हो सकती है. लेन-देन में जल्दबाजी न करें. शत्रुओं का पराभव होगा. आर्थिक नीति में बदलाव हो सकता है. कार्यप्रणाली में सुधार होगा. तत्काल लाभ नहीं मिलेगा. सामाजिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी.

**धनु** समय सामान्य है. सुबह का समय सामान्य होगा. ससुराल से शुभ समाचार मिलेगा. कोर्ट-कचहरी तथा सरकारी मामलों की बाधा दूर होकर स्थिति अनुकूल रहेगी. लाभ के अवसर हाथ आएंगे. पूजा-पाठ आदि पर व्यय होगा.

**मकर** उत्तेजना पर नियंत्रण रखें. पुराना रोग परेशानी का कारण बन सकता है. वाहन व मशीनरी आदि के प्रयोग में लापरवाही न करें. कारोबार ठीक चलेगा. आय में निश्चितता रहेगी. शनि को खुश रखें. कार्य में गति आएगी.

**कुंभ** घर-परिवार में आनंद का वातावरण रहेगा. कानूनी अड़चन दूर होकर स्थिति लाभदायक बनेगी. आपके कार्य और प्रभाव से आय में वृद्धि होगी. नौकरी में मातहतों का सहयोग प्राप्त होगा. किये गए कार्य का लाभ होगा.

**मीन** बहुत जरूरी नही हो तो ऋण लेने से बचें. व्यापार-व्यवसाय अच्छा चलेगा. लंबी यात्रा की योजना बन सकती है. संपत्ति में वृद्धि के योग हैं. बेरोजगारी दूर करने के प्रयास सफल रहेंगे.

### संसद की दो समितियों के सदस्य बने मनीष

**हजारीबाग |** संसद की उपभोक्ता, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मामलों की समिति में हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल को सदस्य के रूप में नामित किया गया. उन्हें भारतीय संसद की प्राक्कलन समिति के सदस्य के रूप में नामित किया जा चुका है.

# आंगनबाड़ी सेविका व सहायिका की अनिश्चितकालीन हड़ताल पांच से




- आंगनबाड़ी कर्मचारी संघ ने सरकार पर लगाया वादाखिलाफी का आरोप
- कैबिनेट की बैठक में वेतनमान पर निर्णय नहीं होने पर संघ ने लिया फैसला

**वरीय संवाददाता | जमशेदपुर**

झारखंड प्रदेश समाज कल्याण आंगनबाड़ी कर्मचारी संघ के संयोजक जय प्रकाश पांडेय ने पांच अक्टूबर से आंगनबाड़ी सेविका व सहायिका की अनिश्चितकालीन हड़ताल की घोषणा की. हड़ताल में राज्य की 80 हजार सेविका व सहायिका शामिल होंगी. हड़ताल तब तक जारी रहेगी, जब तक सेविका व सहिया को राज्य कर्मचारी का दर्जा, वेतनमान देने समेत अन्य आठ सूत्री मांगे नहीं मान ली जाती. उन्होंने बताया कि 23 सितंबर को राज्य की सभी सेविका-सहायिकाओं ने सीएम हाउस का घेराव किया था. उस समय गिरीडीह के विधायक सुदिव्य कुमार सोनू ने मंच पर आकर घोषणा की थी कि 27 सितंबर को झारखंड कैबिनेट में आंगनबाड़ी की सेविका व सहायिका के हित में निर्णय लिया जाएगा. लेकिन बैठक में ऐसा कुछ भी निर्णय नहीं लिया गया. जिसके कारण बाध्य होकर संघ ने हड़ताल पर जाने का निर्णय लिया. उन्होंने कहा कि सरकार के कोई निर्णय नहीं लेने से इस सेविका व सहायिका में भारी आक्रोश व्याप्त है. सभी ने आने वाले विधानसभा चुनाव में सबक सिखाने की तैयारी की है. पांच अक्टूबर से राज्य से सारे आंगनबाड़ी केंद्र बंद रहेंगे.

**आपात बैठक में हड़ताल का लिया निर्णय :** समाज कल्याण आंगनबाड़ी कर्मचारी संघ के महामंत्री अशोक नयन ने बताया कि झारखंड सरकार के द्वारा सेविका व सहायिकाओं के साथ वादाखिलाफी की गई है. जिसके कारण संघ की एक आपात बैठक बुलाई गई. बैठक में प्रदेश अध्यक्ष देवांति देवी, प्रयाग यादव, सुंदरी तिर्की, रेखा कुमारी, रीना देवी, अनिता विरुआ, माला देवी, वहलोंन कच्छप, लीना सिन्हा, पुष्पा देवी, सीता तिग्गा, संजय पासवान, जय प्रकाश पाण्डेय, रामचंद्र गोप, लखन लाल मंडल, केडी सिंह, सुशील कुमार पांडेय और महेश सोरेन समेत अन्य शामिल हुए. सभी ने संयुक्त रूप से हड़ताल पर जाने का निर्णय लिया.

### प्रमोद कुमार होंगे नए अंचल अधिकारी

**मझिआंव |** झारखंड सरकार राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग ने 27 सितंबर को अधिसूचना जारी करते हुए 91 अंचल अधिकारियों को इधर से उधर स्थानांतरित किया गया. इसके तहत गढ़वा जिले के मझिआंव, केतार, खरौंधी, रमना एवं भवनाथपुर सहित अन्य अंचल के अधिकारियों को स्थानांतरित किया है. वहीं मझिआंव अंचल अधिकारी के पद पर गृह जिला निवासी प्रमोद कुमार को चतरा जिला के कान्हाचट्टी से स्थानांतरित करते हुए मझिआंव अंचल पदाधिकारी के पद पर पदस्थापित किया गया है. अंचल अधिकारी शंभू राम को पलामू विश्रामपुर अंचल में पदस्थापन किया गया है.

# 21 छात्रों को प्रशिक्षण के बाद बेंगलुरू में मिली नौकरी

**संवाददाता | भवनाथपुर**

प्रखंड के झगड़ाखाड स्थित कल्याण गुरुकुल से इलेक्ट्रीशियन ट्रेड से प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले 21 छात्रों को बैंगलोर के शोभा कंपनी मे नौकरी मुहैया कराई है. गुरुकुल में आयोजित विशेष आयोजन में छात्रों के बीच नियुक्ति पत्र वितरण किया गया. कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बीडीओ नंदजी राम, प्राचार्य बृजकिशोर ने नियुक्ति पत्र दिया. मौके पर बीडीओ नंदजी राम ने कहा कि सरकार का लक्ष्य है कि ग्रामीण क्षेत्रो में रहने वालों युवक जो कम पढ़े लिखें है,उन्हें भी हुनरमंद और दक्ष बनाना है. कम पढ़े लिखें बच्चों में भी काफी क्षमता होती है. गुरुकुल के कई छात्र प्रशिक्षण प्राप्त कर रोजगार पा चुके है. उनकी अर्थिक स्थिति भी अब पहले से बेहतर हो गई है. उन्होंने सभी बच्चों को उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए छात्रों से ईमानदारी से कम करते हुए राज्य का नाम रौशन करने का आग्रह किया. कल्याण गुरुकुल के प्राचार्य बृज किशोर ने बताया कि यह 42वां बैच है. अब तक इस गुरुकुल से प्रशिक्षण प्राप्त कर 1262छात्र दूसरे राज्य में काम कर रहे हैं.

### जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का उद्घाटन

**लातेहार |** जिला खेल स्टेडियम लातेहार में दो दिवसीय जिला स्तरीय खेलो झारखंड प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. उदघाटन उपायुक्त गरिमा सिंह ने किया. खेल प्रतियोगिता में जिले के विभिन्न प्रखंडों से आए हुए खिलाड़ियों द्वारा मार्च पास्ट किया गया. मशाल प्रज्जवलित कर विभिन्न टीमों के खिलाड़ी ने मैदान का चक्कर लगाया. उपायुक्त ने मशाल जलाया. प्रतियोगिता में विभिन्न एथलेटिक्स प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया. मौके पर उप विकास आयुक्त सुरजीत कुमार सिंह, अपर समाहर्ता रामा रविदास, जिला परिषद सदस्य विनोद उरांव आदि मौजूद हुए.

# दो माह का राशन नहीं मिलने पर लाभुकों का प्रदर्शन

**संवाददाता | कांडी (गढ़वा)**

प्रखंड के पतीला पंचायत अंतर्गत जागृति महिला समूह जनवितरण प्रणाली के दुकानदार राजेंद्र राम व पतीला के डीलर रफीक अंसारी के द्वारा अगस्त और सितंबर माह के राशन लाभुकों को नहीं दिए जाने का एक मामला प्रकाश में आया है. इस मामले को लेकर ग्रामीणों ने जमकर ने जमकर बवाल काटा, जिसके बाद ग्रामीणों के द्वारा पंचायत के मुखिया अमित कुमार दुबे से मामले की शिकायत की गई. ग्रामीणों के शिकायत पर पंचायत के मुखिया अमित कुमार दुबे ने तत्काल रूप से संज्ञान लेते हुए मौके पर पहुंच कर जागृति महिला समूह जनप्रणाली के दुकानदार राजेंद्र राम तथा पतीला के डीलर रफीक अंसारी दोनो जनवितरण प्रणाली के दुकानदारों को कड़ी फटकार लगाई.



इसके बाद उन्होंने बीडीओ सह एमओ राकेश कुमार सहाय को मामले की जानकारी दी. मौके पर उपस्थित लाभुकों ने बताया कि जब हमलोग राशन लेने के लिए डीलर को फोन करते हैं तो डीलर के द्वारा अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए बोला जाता है. मौके पर पहुंचे प्रखंड विकास पदाधिकारी राकेश कुमार सहाय ने कहा कि जिला आपूर्ति पदाधिकारी से बात कर इन सभी लाभुकों को दो महीने का राशन दिलवाया जाएगा और इस मामले की जांच कर जांच के बाद दोनों दुकानदारों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी. मौके पर अमित कुमार दुबे ने कहा कि अगर डीलर के द्वारा इन लाभुकों को राशन नहीं दिया जाता है तो हमलोग मजबूरन डीसी के पास जायेंगे और वहां शिकायत करेंगे, जिसके बाद आश्वासन देते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी राकेश कुमार सहाय ने कहा कि सभी लाभुकों को एक सप्ताह के अंदर दो महीने का राशन डीलर द्वारा उपलब्ध करवा दिया जाएगा.

**गुड न्यूज**

## डीआरएम जसमीत सिंह ने लोहरदगा रेलवे स्टेशन का किया निरीक्षण

# लोहरदगा को 6 माह में अमृत स्टेशन की मिलेगी सौगात

**हुसैन अंसारी | लोहरदगा**

दक्षिण पूर्व मंडल के डीआरएम जसमीत सिंह शनिवार को लोहरदगा रेलवे स्टेशन का औचक निरीक्षण कर बारीकी से मुआयना किया. इस दौरान डीआरएम जसमीत सिंह ने मीडियाकर्मियों से बातचीत करते हुए कहा कि लोहरदगा रेलवे स्टेशन का विकास को लेकर रेलवे प्रशासन पूरी तरह से कटिबद्ध है. उन्होंने कहा कि स्टेशन पर जो भी त्रुटियां हैं उसे जल्द ही ठीक करा लिया जाएगा. साथ ही करोड़ों रूपये की निर्मित की गई नये स्टेशन में यात्रियों के सहुलियत हेतु बनाई गई प्लेटफार्म पर पानी की उपलब्धता नहीं रहने और शेड से हल्की बारिश में पानी रिसाव व स्टेशन पर मूलभूत सुविधाएं बहाल नहीं होने के सवाल पर डीआरएम जसमीत सिंह ने कहा कि संवेदक पर पेनाल्टी लगाया जाएगा. उन्होंने कहा कि लोहरदगा रेलवे स्टेशन पर जो भी कमियां हैं निश्चित रूप से जल्द ही दूर कर लिया जाएगा. तत्पश्चात डीआरएम जसमीत सिंह औचक निरीक्षण के क्रम में बड़की चांपी, नामुदाग 27 नंबर और चंदवा रेलवे स्टेशन का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया. उन्होंने उक्त स्टेशनों पर यात्रियों के सहुलियत के लिए रेलवे प्रशासन की ओर से मिलने वाली शत-प्रतिशत सुविधाओं से अच्छादित करने की बात कही.



### पारस ने कोच बढ़ाने व सड़क निर्माण की रखी मांग

**लोहरदगा** रेलवे स्टेशन का औचक निरीक्षण करने पहुंचे रांची डीआरएम जसमीत सिंह से मुलाकात कर भारतीय जनता पार्टी लोहरदगा जिला के महामंत्री पशुपतिनाथ पारस ने स्टेशन के पास से गुजरने वाली मुक्ति धाम को जोड़ने वाली सड़क कोच की बढ़ोतरी की मांग रखी गई, जिसपर उन्होंने सकारात्मक पहल कराने का भरोसा दिया. मौके पर सीनियर डीसीएम निशांत कुमार, लोहरदगा रेलवे स्टेशन उपाधीक्षक जीपी यादव, इंस्पेक्टर रघुवीर सिंह समेत कई अन्य अधिकारी और कर्मी मौजूद थे.

# जमशेदपुर के एडीसी विनय मिश्र का निधन, शोक में कार्यालय बंद

**वरीय संवाददाता | जमशेदपुर**

पूर्वी सिंहभूम (जमशेदपुर) के अपर उपायुक्त (एडीसी) विनय कुमार मिश्र का निधन हो गया. उन्हें शुक्रवार की देर रात रांची के कोकर स्थित आवास पर दिल का दौरा पड़ा था. उनकी उम्र करीब 58 वर्ष थी. विनय कुमार मिश्र ने 25 सितंबर को जमशेदपुर आकर एडीसी का पदभार ग्रहण किया था. इससे पहले वे गोड्डा में अपर जिला दंडाधिकारी (एडीएम) थे. उनके निधन की सूचना जिले के अधिकारियों को मिलने के बाद यहां मातम पसर गया. उनकी आत्मा की शांति के लिए शनिवार को समाहरणालय सभागार में शोक सभा का आयोजन किया गया. इसमें जिले के सभी वरीय तथा कनीय अधिकारियों के अलावे कर्मचारी शामिल हुए. शोकसभा के बाद जिले के सभी सरकारी कार्यालयों में अवकाश घोषित कर दिया गया. विनय कुमार मिश्र अपने पीछे पत्नी, दो पुत्र एक पुत्री सहित भरा-पूरा परिवार छोड़ गये हैं. विनय कुमार मिश्र पूर्व में चांडिल के अनुमंडल पदाधिकारी रह चुके थे. उनके निधन की सूचना अनुमंडल प्रशासन को मिलने के बाद वहां भी शोक व्यक्त किया गया तथा कार्यालय बंद कर दिया गया. विनय कुमार मिश्र मूलतः बिहार के औरंगाबाद जिले के रफीगंज के रहने वाले थे.

“ विजयी व्यक्ति स्वभाव से, बहिर्मुखी होता है. पराजय व्यक्ति को अन्तर्मुखी बनाती है. सौभाग्य उन्हीं को प्राप्त होता है, जो अपने कर्तव्य पथ पर अविचल रहते हैं. खाने और सोने का नाम जीवन नहीं है, जीवन नाम है- आगे बढ़ते रहने की लगन. - प्रेमचंद्र ”

# मत कहो देवी मुझको, बस इंसान ही रहने दो!



**कविता कलम**

**डॉ. विनय कुमार पाण्डेय**

**मन**, वचन और कर्म ये तीनों जब एक होंगे, तभी मानव समाज में काम सारे नेक होंगे. कथनी और करनी के बीच भेद ही सभी समस्याओं का मूल है. इस बात को ढंग से समझ नहीं पाना मानव समाज की भूल है और प्रगति के मार्ग में कदम-कदम पर शूल है. भारतवर्ष की संस्कृति में नारियों को देवी की संज्ञा दी जाती है. उन्हें पूजने की सलाह दी जाती है यह कहते हुए यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते रमन्ते तत्र देवताः. मनुस्मृति का कथन है जहां स्त्रियों की पूजा होती है, वहां सभी देवता निवास करते हैं और जहां स्त्रियों की पूजा नहीं होती है, सम्मान नहीं होता है, वहां किये गये समस्त अच्छे कर्म निष्फल हो जाते हैं. यह बात मूर्ख से लेकर विद्वानों तक को अच्छी तरह पता है, लेकिन वचन और कर्म की अनेकता के कारण नारियों को पग-पग पर आहत करने से लोग चूकते नहीं. जितने प्रकार के अत्याचार संभव हैं उनपर होते रहते हैं. तब उनके मन में इस प्रश्न का उठना स्वाभाविक ही है कि ऐसा क्यों करते हो? एक ओर देवी कहते हो, दूसरी ओर अत्याचार करते हो, हर पल भावनाओं पर असह्य प्रहार करते हो. यदि हमें अबला बना कर करना है अपनी शक्ति का प्रदर्शन तो फिर त्याग क्यों नहीं देते अपना खोखला सिद्धांत, झूठा प्रवचन, थोथा दर्शन? ऐसे ही प्रश्नों से विह्वल हो कर रांची की कवयित्री **संगीता सहाय** कहती हैं-अगर और कुछ नहीं कर सकते तो हमें इंसान ही रहने दो. प्रस्तुत है इसी प्रसंग में संगीता जी की यह मार्मिक कविता, जिसका शीर्षक है-इंसान ही रहने दो.



मत कहो देवी मुझको बस इंसान ही रहने दो
पत्थर को क्यों पूजते हो बस खुल कर हमें जीने दो
कैसे पहचानूं, भला कौन भला और कौन बुरा है
हर चौराहे हर मोड़ पर कोई भेड़िया खड़ा है
भेड़िया और इंसान में फ़र्क बचपन में ही सिखला दो हमें
सुरक्षा का पाठ पढ़ाओ अच्छे बुरे स्पर्श का ज्ञान दो हमें
पत्थर को क्यों पूजते हो हमें स्वच्छंद आकाश में उड़ने दो
सिर्फ कड़छी या कलम नहीं
हम बेटिओं के हाथ कटार भी दो ख़ुद की सुरक्षा हम ख़ुद करें
हर बार यही ज्ञान दो पत्थर को क्यों पूजते हो
बस खुल कर हमें जीने दोबेटी पढ़ाओ बेटी बढ़ाओ नहीं
दुर्गा चण्डी बनने का नारा दो बहुत हुआ कैंडल मार्च और प्रदर्शन
धर रूप दुर्गा और काली का दरिंदों का संहार करने का हौसला दो
पत्थर को क्यों पूजते हो खुल कर साँस तो लेने दो
वक़्त है बहुत बुरा बच्चों को ये समझा दो
बेटियों के साथ साथ बेटों को शालीन संस्कार दो
नैतिकता जो खो गई है कहीं बस ढूंढ कर उसे फिर से ला दो
पत्थर को क्यों पूजते हो खुल कर सांस हमें तुम लेने दो
मत काटो डोर मेरे पतंग की बस दूर गगन में उड़ने दो
पत्थर को क्यों पूजते हो बस खुल कर हमें जीने दो
मत कहो देवी मुझको बस इंसान ही रहने दो




संगीता जी की इस बात से हर संवेदनशील व्यक्ति सहमत होगा कि नारियों को सम्मान भी मिलना चाहिए और संरक्षण भी. यह स्मरण में हमेशा ही रहना चाहिए कि नारी है प्रकृति प्रदत्त अनुपम उपहार, नारी है तो सृष्टि है, नारी है तो हैं सारे कार्य-व्यवहार. यह नहीं समझ पाने के कारण नासमझी होती है और फिर उनसे बार-बार शिकायतें होती हैं और बन जाती हैं प्रताड़ता का मूल स्रोत. घाव है तो दर्द भी है, उसे बार-बार खुरचने का कोई मतलब नहीं. तभी तो रांची की कवयित्री **संध्या चौधरी उर्वशी** कहती हैं-



दर्द है घाव में, मत खुरेचना बार-बार
स्थिर जल में कंकड़ ना मार बार-बार
एहसास ना करा गलतियों को
ताना मत मार बार-बार, मानवता ही है ह्रदय के कटोरे में
उसे शर्मसार ना कर बार-बार
कठिन होती बहुत है ग्लानि की पीड़ा
उजागर ना कर उसे बार-बार
मत समझ कमजोर हूं, खामोश भी हूं
औकात की बात मत कर बार-बार
पड़ी हूं सुसुप्त ज्वालामुखी सी
मत भड़का उसे बार-बार, होती है एक सीमा धैर्य की भी
रिश्तो का यूं ना कर तार तार बार-बार
जीवन एक रंग मंच सारीखा है, रंगों से ही सराबोर कर बार-बार
मेरे किरदार को जानकर भी अंजान बने हो?
यह समय नहीं आएगा दोबारा बार-बार
समय का पहिया जो चलता ही जा रहा है
उसे ना गंवा बार-बार, बहुत देर हो चुकी होगी
जब सिर्फ रूह से रूह की ही मुलाकात होगी
हर जन्म में बार-बार

संध्या जी कवयित्री के साथ ही साथ विवेकानंद विद्या मंदिर में अध्यापिका भी हैं. इसलिए इनके सोचने-समझने और कहने के ढंग में एक शिक्षक की छवि महसूस की जाती है. सच्चाई तो यह भी है कि नारी के बिना पुरुष और पुरुष के बिना नारी का कोई अस्तित्व नहीं होता. इसलिए आवश्यक है कि स्नेह का बंधन इतना मजबूत हो कि एक दूसरे के प्रति संवेदनाओं और भावनाओं की प्रबलता बनी रहे. जब ऐसी भावना होती है एक व्यक्ति दूसरे को भली-भांति समझ पाता है. अपने दिल की बात सुनाता है, दूसरों के दिल की बात सुनता है. जमशेदपुर के बिरसा नगर निवासी कवि **शिवनंदन सिंह** की इस गजल में कुछ ऐसी बात कही गयी है.



गये थे हाल पूछने उनका, अपना सुना कर आ गये,
बड़ी मुश्किल से आंखों के आंसू छुपा कर आ गये.
उनकी नजरें मेरे चेहरे पर ही अटकी सी रह गई,
नजरें तो न मिला पाये, हम दर्द समेटे आ गये.
सूख गये आंसू आंखों में, उन्हें समझ न पाये हम,
थे अर्से से जो दबे चाहत, बिन कहे ही आ गये.
यादों को समेटनें की सारी हदें ही पार कर दी मैने,
दिल के कुछ टूटे टुकड़े उनके,ले संग अपने आ गये.
दो कदम चल कर ही उसने, जाने की इजाजत दे दी,
आंखों से जो छलके दो बूंद उनके, साथ लेके आ गये.

जीने के लिए घर आवश्यक होता है. बेघर हो जाना बहुत बड़ी विपदा है और घर का बन जाना सबसे बड़ी उपलब्धि. उससे भी बड़ी उपलब्धि है घर का बस जाना. अगर घर कमजोर हो, अगर घर टूट रहा हो तो किसी को कोसने से कोई लाभ नहीं, उसे संभालिये. कुछ ऐसा ही भाव व्यक्त कर रहे हैं कवि **नेतलाल यादव**. प्रस्तुत है संवेदना से भरपूर उनकी यह कविता.



वह बरसता रहा मैं जागता रहा
कमरे में टपकता रहा मैं जगह बदलता रहा
जब गिरने लगी दीवार कलेजा फटता रहा
बच्चों को जगाया छपर में लकड़ी लगाया
पानी भी गया अड़ खूब हो गया कीचड़
अरे इसी घर में तो अपने बच्चों को पोसता हूं
गरीबी से अक्सर भगवान को ही कोसता हूं
भारी रहता है मन यह कैसा है जीवन
मेरे बच्चे पूछते हैं आप क्या सोच रहे हैं?
मैं कहता, कुछ नहीं बस बड़े हो जाओ
अपने पैरों पर अब खड़े हो जाओ
मेहनत मजूरी करके खूब रोज कमाना है
अगले साल एक सुंदर मकान बनाना है
पिता और पुत्र के बीच होती रही बात
देखते ही देखते गुज़री सारी रात
महकता हुआ आया कल्पना का प्रभात
बादलों के गर्जना ने संभलना सिखाया था
तकदीर को मुट्ठी में भर भाग्य को लिखाया था
चिड़ियां भी सुबह को मानो यह गीत गाती हैं
परिस्तिथियां आदमी को हरदम मजबूत बनाती हैं.

बादल जब गरजने लगें तो संभलना सीखिए. पक्षियों का कलरव सुनकर यथा लाभ संतोष करना सीखिए. समस्याओं से मत भागिए, धीरज को मत त्यागिए. कुछ और नहीं कर सकते तो बस यही कीजिए. परिस्थितियों से स्वयं को मजबूती दीजिए. इन्हीं शब्दों के साथ लेता हूं आपसे विदा. जय हिंद! जय झारखंड!!



# शिक्षा और बाल सुरक्षा



**चौराहा**

**प्रमोद कुमार झा**

**अखबार** और अन्य सूचना तंत्रों की बातों को गौर करें तो एक बात दिखाई देती है कि यह देश दुनिया में बाल-सुरक्षा और महिला सुरक्षा के मामले में बहुत बुरा स्थान रखता है. आज ही अखबार के माध्यम से एक खबर मिली कि एक निजी विद्यालय के प्राचार्य और निदेशक ने दस-ग्यारह साल के बच्चे की बलि इसलिए देनी चाही कि इससे उसके विद्यालय की प्रसिद्धि और सफलता बहुत बढ़ जायेगी. आश्चर्य की बात है कि शोर मचाने पर बच्चे की गला दबाकर हत्या कर दी गयी. सोचनीय बात यह है कि इसके पूर्व भी किसी बच्चे की बलि का प्रयास किया गया था, पर बात आयी गयी हो गयी थी. पिछले कुछ साल में बच्चों के ऊपर अत्याचार की घटनाएं बढ़ गयी हैं. इक्कीसवीं सदी में तंत्र और जादू टोने के प्रभाव में बच्चे की बलि देने की बात भले ही एक नगण्य घटना-सी लगे एक सौ चौआलीस करोड़ की आबादी में पर, लेकिन अगर पल भर के लिए आप यह सोचेंगे कि वह आपका अपना बच्चा या परिवार का भी बच्चा हो सकता था तो आपके चेहरे पर पसीना आ जाएगा! अगर इसके तह में जाकर देखेंगे तो पता चलेगा कि पिछले बीस-पच्चीस सालों में निजी विद्यालयों एवं विश्वविद्यालयों की संख्या में बेतहाशा वृद्धि हुई है. देश में दसो लाख निजी विद्यालय खुले हैं जिनमें सालाना लाखों रुपये फीस ली जाती है, पर शिक्षा के स्तर में लगातार अवनति हो रही है. विद्यार्थियों की सुरक्षा लगातार खतरे में रहती है. हजारों ऐसे उदाहरण मिल जाएंगे, जिनमें बच्चे को अमानवीय प्रताड़ना दी गयी या हत्याकर दी गयी. बहुत सारी ऐसी घटनाएं भी हुई हैं कि (आवासीय विद्यालय में खासकर) बच्चों को शिक्षकों की यौन प्रताड़ना का शिकार होना पड़ा है. बहुत सारे बच्चे-बच्चियों ने आत्महत्या तक कर ली है. विचित्र बात यह है कि अधिकतर निजी विद्यालय पूर्णतः व्यावसायिक दृष्टि से व्यवसाइयों द्वारा खोले जाते हैं. एक बड़ी संख्या में आपराधिक प्रवृत्ति के लोगों द्वारा भी विद्यालय/महाविद्यालय खोले जाते हैं ..उनमें उनके गुर्गे या परिवार के लोग ही सारे प्रशासनिक पदों पर होते हैं. उनकी कृपा से ही कुछ 'अयोग्य' शिक्षकों को रख लिया जाता है और उनकी नादिरशाही हुकूमत शुरू होती है इन विद्यालयों में! भारत जैसे लोकतान्त्रिक देश में स्कूली शिक्षा को ऐसे लोगों के हाथ सुपुर्द कर कैसा भविष्य का भारत बनाना चाहतं हैं. भारत की लगातार बनती सरकारें? टैक्स के इस भारी बोझ से दबी जनता को शिक्षा, स्वास्थ्य और मौलिक सुरक्षा तक क्यों नहीं करवाना चाह रही सरकारें? इसमें किसी खास दल की सरकार को दोषी नहीं ठहराया जा सकता है. सभी पार्टियों की सरकारें शिक्षा, स्वास्थ्य और सुरक्षा को निजी क्षेत्र में सौंप चुकी है. ध्यान रहे कि बिना सरकार की अनुमति और शिक्षा विभाग के अनापत्ति प्रमाण पत्र के कोई विद्यालय नहीं खोला जा सकता है. तो क्या सबकी मिली भगत है? और क्या सभी करदाता/मतदाता कीड़े मकोड़ों की तरह है, जिन्हें शेक्सपियर की शैली में कहें कि जैसे ... 'तितलियों के अंग पतंग तोड़ कर नटखट बच्चे मज़ा लेते हैं' वैसे ही आम नागरिक को विभिन्न प्रकार की यातना देकर 'शासक' आनंदित होते हैं? बचच्चियों, महिलाओं की सुरक्षा पर तो घड़ियाली आंसू खूब बहाये जाते हैं, पर पूरे देश के अखबारों का अवलोकन करें तो प्रतिदिन बच्चियों, महिलाओं के साथ यौन हिंसा और हत्या की घटना में लगातार वृद्धि हो रही है. इस समस्या पर गंभीर विमर्श में आम आदमी और सरकारों को गम्भीरता से सोचना होगा. अन्यथा हम एक मानसिक रूप राष्ट्र के निर्माण की ओर बढ़ते जाएंगे. क्या एक बार फिर सरकारी विद्यालयों को सशक्त, समर्थ करने पर सोचा नहीं जा सकता?

# चित्रकूट में श्रीराम के चरण चिह्नों की महिमा



**यायावर**

**डॉ. जंगबहादुर पाण्डेय**

**चित्रकूट** भगवान राम की तपोभूमि है. इसकी पावनता और पवित्रता का वर्णन यत्र तत्र सर्वत्र मिलता है. भारतीय पुराण परंपरा के अनुसार यह वह भूमि जो विपत्ति के समय लोगों को शरण देती है.अकबर दरबार के नव रत्नों में अब्दुल रहीम खानखाना ने इसके महत्व को रेखांकित करते हुए लिखा है कि :-

**चित्रकूट में रम रहे,रहिमन अवध नरेश.**
**जापर विपदा परत है, सो आवत ऐही देश.**

राम कथा में प्रभु श्रीराम के चरण पादुका और उनके चरण चिह्नों का विशिष्ट महत्व है.उनकी चरण पादुका को अयोध्या के सिंहासन पर बैठाकर भरत ने 14 वर्षों तक राज काज का विधिवत एवं सर्वोत्तम रूप से संचालन किया था.तुलसी ने इसका संकेतन मानस में किया हैः-

**प्रभु करि कृपा पांवरी दीन्हीं.**
**सादर भरत सीस धरि लीन्हीं.**
**नित पूजत प्रभु पांवरी, प्रीति न हृदय समात.**
**मांगु मांगु आयसु करत,राज काज बहुत भांति.**

चित्रकूट में भगवन् राम के अनेक चरण चिह्न हैं, लेकिन तीन अत्यंत प्रमुख हैंः-

**फटिक शिला :-** स्फटिक शिला मंदाकिनी के तट पर स्थित वह स्थान है, जहां वनवास की अवधि में प्रभु श्रीराम ने मां जानकी का पहली बार अपने हाथों श्रृंगार किया थाः-




**एक बार चुनि कुसुम सुहाये.**
**निज कर भूषण राम बनाये.**
**सीतहि पहिराये प्रभु सुंदर.**
**बैठे फटिक शिला पर सुंदर.**

फटिक शिला के चरण चिह्न सफेद आग्नेय पत्थर पर बने हैं और त्रेता के समय के हैं. दर्शनार्थी इन चरण चिह्नों की परिक्रमा कर अपनी मनोकामना की सिद्धि की कामना करते हैं. मैंने भी परिक्रमा कर विश्व मंखल की अभिलाषा की.

**जानकी कुण्ड :-** ऐसे ही राम और सीता के चरण चिह्न जानकी कुण्ड में भी हैं, जहां मां जानकी प्रति दिन मंदाकिनी में स्नान करती थी और पार्वती और महादेव का जलाभिषेक करती थीं.

**चरण पादुका:-** कामता नाथ की परिक्रमा में हैं. कामतानाथ जहां चित्रकूट की आध्यात्मिक सभा आयोजित हुई थी और 5 दिनों तक राम के वन वापसी पर विमर्श हुआ और निष्कर्ष रूप में भरत को राम की चरण पादुका मिली. यहां तीन गुमटियां हैं- एक के नीचे एक छोटा सा बायें पांव का चिन्ह है, यह जानकी जी का चरण चिह्न बताया जाता है. दो के नीचे बहुत बड़े बड़े पांवों के चिह्न हैं, ये चिह्न उस समय के बने कहे जाते हैं,जब भरत जी यहां राम को मनाने आये थे और चारों भाई गले मिले थे. इनमें कोई बनावटी बात नहीं है.ये चिह्न दूर से ऐसे जान पड़ते हैं, मानो कोई अभी गीली मिट्टी पर चला हो. इन्हीं चिह्नों का उल्लेख महाकवि कालिदास ने अपने मेघदूतम् गीति काव्य में किया हैः-वन्द्यैः पुंसां रघुपतिपदैरकिंतं मेखलासु अर्थात् चित्रकूट की मेखला श्री रघुनाथ जी के चरणों के चिह्नों से अंकित है. मैंने वहां के साधुओं से पूछा कि ये चिह्न आजकल चौरस धरती पर हैं, पर्वत की मेखला में नहीं. हमें उत्तर मिला कि इनके पास की नीची धरती मिट्टी से पाट दी गई है, पहले सीढ़ी लगाकर यहां तक लोग पहुंचते थे. कालिदास के मेघदूतम से स्पष्ट है कि डेढ़ दो हजार बरस पहले भी ये चिह्न वर्तमान थे और श्री रघुनाथ जी के चरण चिह्न माने जाते थे.

# नौ मन तेल पे राधा नाचे



**नश्तर**

**सुधीर राघव**



**नेता** परम जुगाड़ है. नेता ने नौ मन तेल का जुगाड़ कर लिया है. उसे राधा का नाच देखना है. इसलिए थाईलैंड से पाम आयल आयात किया है. वह चाहता तो थाईलैंड जाकर नाच ही देख आता. मगर वह स्वदेशी का कट्टर समर्थक है. उसका मानना है कि तेल भले विदेशी हो, पर नाच सौ फीसद स्वदेशी होना चाहिए. ... क्योंकि तेल को कोई नहीं देखेगा, सब नाच ही देखेंगे. नेता और उसकी पार्टी दिन रात स्वदेशी का नारा लगाती है. उसने मोबाइल फोन चीन से मंगवाया है, मगर उससे बात स्वदेशी करता है. वह कच्चा तेल रूस से मंगवाता है, मगर उसे पकवाता स्वदेशी कंपनी से है. वह कार अमरीका से खरीदता है, मगर उसका ड्राइवर स्वदेशी रखता है. उसने ड्रेगन फ्रूट वियतनाम से मंगवाया है, मगर उसे खाता देसी तरीके से है. उसने फ्रांस से विमान खरीदा है और उसकी लैंडिंग देश की जमीन पर कराई है. नेता की चेन दुबई की है. हाथ की घड़ी जर्मनी की है और चश्मा इंग्लैंड का. उसका पेन जापान का है, उसका जूता पाकिस्तान का है और पायजामा बांग्लादेशी. पायजामे का नाड़ा भूटान से आया है. कुर्ता उसने पेरिस से सिलवाया है. कुल मिलाकर नेता विदेशी कमीशन खाता है और देसी डकार लेता है. इस तरह देश-विदेश को एक कर नेता विश्वबन्धुत्व पर भाषण देता है. उसके महान विचार सुनकर जनता ताली और थाली पीटती है.

चुनाव सिर पर हैं और नेता जानता है कि जब राधा नाचेगी तो वोट बरसेंगे. इसलिए उसने थाईलैंड से मंगाया नौ मन तेल उड़ेल दिया है. कहावत के मुताबिक अब राधा को नाचना है... लेकिन ऐसा हो नहीं पा रहा. विदेशी तेल पर स्वदेशी नाच की जुगलबंदी जम नहीं रही. राधा की जुबान बार बार फिसल रही है. वह कोई मधुर राग छेड़ने की जगह पुराने मर चुके कानूनों को छेड़कर जिंदा कर रही है. वह बिल्ली की तरह नुकीले पंजे चलाकर गड़े मुर्दे उखाड़ रही है. अब नेता घबरा रहा है. जिन मुर्दों को उसने मुश्किल से गाढ़ा था, अगर वे उखड़ गए तो नेता मुंह दिखाने लायक नहीं रह जाएगा. यह सोचकर उसे जूड़ी चढ़ रही हैं. चुनाव हारने के डर से कांप रहा है. गड़े मुर्दे निकलकर बाहर आ रहे हैं. विदेशी नौ मन तेल पर राधा फिसल रही है. मुर्दों को देखकर जनता का मजा किरकिरा हो गया है. उसमें भय बढ़ रहा है. नेता अपना सिर पीट रहा है.

सिर पीटते ही नेता की दिमाग की बत्ती फिर से जली है. वह जनता का ध्यान बांटने के लिए विरोधियों को गाली दे रहा है. गड़े मुर्दे उखाड़ने को विपक्ष की साज़िश बता रहा है. उसने ट्रेन की पटरियां उखाड़ दी हैं, सड़कों में गड्ढे खोद दिए हैं, पुल गिरा दिए हैं. प्याज महंगी कर दी है. नेता समझ रहा है कि अब जनता उसे ही वोट देगी. मगर जनता जान गई है कि यह नेता हाथ से निकल गया है. यह सबको उल्लू बना रहा है. जनता अब नया नेता पैदा करने में जुट गई है. नेता पैदा करना जनता का ही काम है.

# मिथलेश राणा की कलाकृतियों में है आध्यात्मिक चेतना



**कला-संवाद**


**मनोज कुमार कपरदार**

**अध्यात्म** जीवन निर्माण का मूल सूत्र है, दिशा है, पथ है. मानव मात्र के लिए अध्यात्म महत्वपूर्ण है. जीवन की शुरुआत संस्कारों से होती है और संस्कार हमें अध्यात्म से मिलते हैं. हमारे देश में रूप और अरूप दोनों के द्वारा अध्यात्म को प्राप्त करने की बहुत पुरानी और जीवंत परंपरा रही है. अध्यात्म में जीवन ऊर्जा है, एक शक्ति है. बहुत समय तक विज्ञान जगत को जड़ मानता था जो अचेतन है. किन्तु पदार्थ जैसा दिखाई देता है वैसा नहीं है. ऊर्जा ही सत्य है, शक्ति ही सत्य है. जब विज्ञान परमाणु को तोड़कर अन्दर गया तो उसे पता चला कि परमाणु के बाद पदार्थ नहीं रह जाता है सिर्फ ऊर्जा के बंडल रह जाते हैं, जिसे क्वाण्टा कहते हैं. विज्ञान की नजर में यह सारा जगत ऊर्जा का विस्तार है. कलाकार की कलात्मक ऊर्जा के प्रकटन के परिणम स्वरूप सारे कला रूपो में संकेतों का विन्यास होता है. कला के तत्वों को कलाकार एक विशिष्ट विन्यास में नियोजित करता है, जिनसे संकेतों का विन्यास होता है, जिन्हें दूसरे मनुष्य ग्रहण कर अनोखे रूप से साक्षात्कार कर सकें, तभी तो मिथलेश राणा जैसे कलाकार अपनी कलाकृतियों के माध्यम से इसे समझाने का प्रयास कर रहे हैं. मिथलेश राणा ने लौहनगरी बोकारो स्टील सिटी में प्राथमिक से लेकर 12वीं कक्षा की शिक्षा के दौरान पेंटिंग के साथ शुरू किया था.













पेंटिंग के शौक को आगे बढ़ाने के लिए इन्होंने बीएचयू में फाइन आर्ट कोर्स करने के लिए प्रवेश लिया और कला की पांच विधाओं में मूर्तिकला को आगे बढ़ाने के लिए बीएफए और एमएफए करने के दौरान बीएचयू के चांसलर विभूति नारायण सिंह से गोल्ड मेडल प्राप्त किया. मूर्तिकला विषय में चयन के लिए 1999 में मास्टर ऑफ फाइन आर्ट करने के दौरान एचआरडी भारत सरकार से दो वर्षों के लिए स्कॉलरशिप हासिल की और मूर्तिकला में विशेष अध्ययन किया और एक सफल कलाकार के रूप में अपनी अंतरगता से कला को आत्मसात किया , इसमें अपनी चेतना को समन्वित करने की सफल चेष्टा की है. शिल्पकारी में सिर्फ पत्थर को तराशना ही शामिल नहीं है. मिथलेश राणा का कहना है कि वे पत्थर, लकड़ी, फाइबर और स्क्रैप से भी कलाकृतियों का निर्माण करते हैं. कोई भी ड्राइंग व डिजाइन के जरिए किसी फैक्टरी, कोयला खदान, पावर हाउस या किसी अन्य प्रकार की कलाकृतियों को आफिस की दीवारों बड़े हॉल में सजाने के लिए शिल्पकारी करते हैं. कई बार अपने ही मन से सोचकर थीम के अनुसार कलाकृति बनाते हैं. लोगों को पसंद आए, इसलिए उस स्थान के अनुसार ही विषय का चुनाव करते हैं. मिथलेश राणा की कला को सिंगरौली के कलेक्टर पी. नरहरि ने पहचाना था और सिगरौली के कई स्थानों में इनके प्रयास से ही मिथलेश राणा की कलाकृतियों ने विभिन्न चौक चौराहों में आकार लिये. झिंगुरदह परियोजना में आयोजित बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ अभियान में मिथलेश राणा द्वारा बनायी गई रंगोली गिनीज बुक ऑफ द वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज हुआ. सच कहा जाय तो नये अर्थ की संधान की तत्परता और तकनीक का कुशल पूर्वक प्रयोग ने मिथलेश राणा को एक ऐसे कलाकार के रूप में प्रतिष्ठित किया है, जिसके पास समकालीन भारतीय कला के वैविध्य की पूंजी है.

# आखर

विमर्श और संवाद के कई रूप अक्सर सामने आते हैं. साक्षात्कार, भेंटवार्ता, प्रश्नोत्तर, परिचर्चा, आलेख व टिप्पणियां उनके सुपरिचित संस्करण हैं. इनके जरिए वाद-विवाद-संवाद के अनगिनत पहलुओं से हमारे इंटरऐक्शन की धार तेज होती है. ऐसी ही अवसर की बानगी यहां प्रस्तुत है जब सुख्यात कवि और 'प्रसंग' पत्रिका के संपादक शम्भु बादल और बहुविध क्रियाशील विद्याभूषण जैसे वरिष्ठ लेखक समाज और साहित्य के बारे में अपने सोच-विचार को साझा कर रहे हैं. इस चर्चा में विद्याभूषण ने निजी और सार्वजनिक-दोनों परिधियों की वस्तुस्थिति को समेटने का यत्न किया है.

## संवाद संदर्भ: शम्भु बादल और विद्याभूषण की वार्ता

# 'स्लेट पर लिखी इबारत भर नहीं होती कविता'









**प्रश्न : भाई विद्याभूषण! आरम्भिक काल में आप किन स्थितियों के बीच लेखन से जुड़े? आपने कविता से शुरुआत की है. कविता से ही क्यों?**

**उत्तर :** मेरे लिए यह बताना आसान नहीं कि मैं किन स्थितियों के बीच लेखन से जुड़ा. सन 1955-56 में मैं दसवीं कक्षा में पढ़ता था. मेरे विद्यालय में मध्यकालीन हिन्दी कविता के विशारद के रूप में ख्यात शिक्षक श्यामदत्त मिश्र थे तो घर में छायावादी कविता के शब्दशिल्पी बड़े भाई राजकमल राय और उनके समानधर्मा मित्र शिवशंकर प्रसाद. उन दिनों गया शहर में उत्तर छायावादी दौर के जानेमाने कवि हंसकुमार तिवारी और उनकी किताब दूकान "मानसरोवर" की साख ऊंची थी. मन्नूलाल पुस्तकालय, मारवाड़ी पुस्तकालय और केसरवानी पुस्तकालय में पुस्तकों और पत्रिकाओं के पन्ने पलटने का सुयोग सबके लिए सहज सुलभ था. इन्हीं पुस्तकालयों में मेरे संपादन में निकली हस्तलिखित पत्रिका "लौ" पाठकों का ध्यान खींचने के लिए बारी-बारी से रखी जाती थी. उन दिनों शहर में 'गृहस्थ' नाम की बुलेटिननुमा एक पत्रिका छपती थी जिसके साहित्य सरोकार सिर्फ रस्मी थे. हिन्दी साहित्य सम्मेलन भवन में साहित्यिक बैठकें नियमित हुआ करती थीं जहां दर्शकों-श्रोताओं की पिछली कतार में मेरे जैसे दो-एक किशोर भी होते थे. "आर्यावर्त" महाकाव्य के प्रख्यात कवि मोहनलाल महतो "वियोगी", गुलाब खंडेलवाल, रामनरेश पाठक, रामगोपाल शर्मा "रुद्र", मदन मोहन सरोज जैसे कवि उस इलाके में चर्चित हुआ करते थे. समग्रता में याद करूं तो तब तक खुद से अपनी राह चुनने की समझ मुझमें नहीं आयी थी. आसपास की साहित्यिक गतिविधियों से प्रेरित-प्रभावित होकर धारा के साथ बहते हुए मैं भी चल पड़ा था. अपने आसपास साहित्य के नाम पर कविता का स्वर ही सर्वोपरि था. इसी माहौल में मेरे भीतर कविता लेखन के बीज अंकुरित हुए. उत्तर छायावादी संस्कार का असर मुझ पर तब तक जारी रहा जब मैंने सन 1958 में रांची कॉलेज में दाखिला लिया जहां "नकेन" के केसरी कुमार विभागाध्यक्ष थे. मेरे कविता संकलन 'अतिपूर्वा' में इस मनःस्थिति की झलक मिल सकती है.

**प्रश्न : पहली कविता पुस्तक "सोलह सफे" से होते हुए "लब पर लौ की लौ" तक की लंबी काव्य यात्रा में आप अनुभव और रचनाशीलता के किन मोड़ों को अधिक महत्व देंगे.**

**उत्तर :** जीवन की लय के समान्तर मेरी कविताई समय के साथ बदलती रही है. सही है कि लंबे समय तक मेरी सहचरी बनी रही कविता, लेकिन अन्तर्वस्तु से लेकर एप्रोच तक, शैली-शिल्प से लेकर शब्द विन्यास तक, अंतरंग से बहिरंग तक उसके रूपान्तर को रेखांकित करने के लिए किसी प्रमाण-संदर्भ की जरूरत नहीं है. मेरे बारह कविता संग्रहों में क्रमशः परिवर्तन के इतने मोड़ और पड़ाव जगह बनाते रहे हैं कि वहां किसी वैचारिक ठहराव की बानगी तक नहीं मिल सकती. अपनी पुस्तकों की कई भूमिकाओं में मैंने इन बदलावों पर मुहर लगाई है. मेरी पहली प्रकाशित कविता पुस्तिका "सिर्फ सोलह सफे" स्मृतिशेष नाटककार मित्र अशोक पागल के आग्रह पर उनके प्रेस से छप कर सामने आयी थी. उन दिनों मैं पुस्तकों-पत्रिकाओं में अपनी रचनाओं के प्रकाशन से लगभग दूर हो गया था. प्रकाशन काल की दृष्टि से अपने पांचवें कविता संग्रह "सीढ़ियों पर धूप" (वर्ष 1989) की भूमिका में मैंने लिखा था-

"पीछे मुड़, कर देखता हूं तो जीवन के पथान्तर ने अनेकविध विश्रृंखलताओं को जन्म दिया है. एक रचनाकार के रूप में उन अनुभवों का, सृजन सामग्री के रूप में, उपयोग करना अभी बाकी है." इसी भूमिका के पूर्वार्द्ध के अंशों को मैं अभी दुहराना चाहता हूं कि वास्तविक स्थिति सुस्पष्ट हो. – "सीढ़ियों पर धूप" प्रकाशन क्रम में मेरा पांचवां कविता संकलन है जबकि रचनाक्रम में उसे दूसरे संकलन के रूप में लाने की आकांक्षा थी. यह स्पष्टीकरण अब इसलिए आवश्यक हो गया लगता है कि इससे पूर्व सन 87-88 में प्रकाशित मेरे तीन कविता संकलनों में कोई भूमिका नहीं दी गयी थी. उन तीनों संकलनों के रचना वर्षों में लगभग दो दशकों का अन्तराल समाविष्ट हुआ है जबकि उनका प्रकाशन समय प्रायः समान है.

इस दृष्टि से यह निवेदन अप्रासंगिक नहीं होगा कि इस बीच मेरी प्रारम्भिक कविताओं का संकलन अतिपूर्वा प्रकाशित हो गया है जिसमें सन 1958 से 64 के बीच की अवधि की संग्रहणीय रचनाएं सहेजी गयी हैं. 'सीढ़ियों पर धूप' में सन 65 से 70 के दौरान लिखी गयी रचनाएं सम्मिलित हैं जिनकी समान्तर अवधि की अधिकांश गीत-रचनाओं को मैंने "मन एक जंगल है" में संकलित किया है. इसी प्रकार बांग्ला देश युद्ध से लेकर इमरजेंसी के काल तक (सन 71 से 84) की कविताओं का प्रकाशित संकलन है "इंधन चुनते हुए." "आग के आसपास" में सन 78 से 84 के दौरान रची गयी कविताएं संग्रहीत हुई हैं.

लगभग चौदह वर्षों तक नियमित लेखन से आत्मनिर्वासन का एक लंबा अज्ञातवास बिता कर सन 85 में जब मैंने दोबारा निरन्तर लिखने का मन बनाया तो भीतर और बाहर की दुनिया सभी दिशाओं में काफी कुछ बदल चुकी थी. सातवें दशक के मेरे कई सहयात्री शिखर यात्रा की तैयारियों में लगे थे और अनेक अन्य अपनी सुस्पष्ट पहचान बना चुके थे. इस मध्यान्तर के बीच साहित्य में सामयिकता की चेतना बदल चुकी थी और देश-काल की अन्तर्बाह्य परिस्थितियां भी. दूसरी ओर, मैं पुरानों में अजनबी और नवागन्तुकों के बीच वयस्क हो जाने के दलदली अहसास से घिर गया था. किन्तु लेखन की प्रयोजनधर्मिता में अपने अथक विश्वास के सहारे मैं हताशा के अंधेरे से बाहर आ गया हूं.

**प्रश्न : 'कविता का दायित्व और जीवन में इसकी भूमिका को आप किस रूप में देखते हैं?'**

**उत्तर :** इस महत्वपूर्ण विषय पर मैं अपनी बात गद्यक्रम में नहीं कह रहा हूं. मेरी एक छोटी-सी कविता इस बिन्दु पर मेरी समझ को समग्र परिधि की तरह रख सकती है. उसका शीर्षक है- "एक उम्दा खयाल":-

कविता/ एलार्म घड़ी नहीं है दोस्तो/ जिसे सिरहाने रखकर तुम सो जाओ/ और वह नियत वक्त पर तुम्हें जगाया करे./तुम उसे संतरी मीनार पर रख दो/ तो वह दूरबीन का काम देती रहेगी. वह सरहद की मुश्किल चौकियों तक/ पहुंच जाती है रडार की तरह/ तो भी/मोतियाबिंद के शर्तिया इलाज का दावा/ नहीं उसका./ वह बहरे कानों की दवा/ नहीं बन सकती कभी./ हां, किसी चोट खाई जगह पर/ दर्दनाशक लोशन की राहत/ दे सकती है कभी-कभी,/ और कभी सायरन की चीख बन/ तुम्हें खतरों से सावधान कर सकती है.

कविता ऊसर खेतों के लिए/ हल का फाल बन सकती है,/ फरिश्ते के घर जाने के लिए/ जूते की नाल बन सकती है,/ समस्याओं के बीहड़ जंगल में/ एक बागी संताल बन सकती है,/ और किसी मुसीबत में/अगर तुम आदमी बने रहना चाहो/ तो एक उम्दा खयाल बन सकती है.

**प्रश्न : कविता के निकष को लेकर आपके क्या विचार हैं?**

**उत्तर :** मैं मानता हूं कि दुनिया की किसी भी भाषा में कविता की कोई सर्वमान्य कसौटी आज तक नहीं बनी. हर समाज और हर जीवन गतिशील है. उसे तंबू या मीनार की तरह खड़ा नहीं किया जा सकता. कविता भी स्लेट पर लिखी इबारत भर नहीं होती. वह मानवीय संवेदना के तार पर ध्वनित होती है, जीवन की लय के साथ तरंगित होती है और समाज के समूह नृत्य-गीत में शिरकत करती है. वह इतिहास के फैसले इजलास की तर्ज पर हरगिज दर्ज नहीं करती. बेशक, उसका बुनियादी एप्रोच मानवतावादी हुआ करता है. हर दौर में वह अपना संदेश प्रतिबद्ध आस्थाओं की मंत्रणा पर अग्रसारित करती है.

**प्रश्न : "पठार को सुनो" कविता संग्रह में झारखंडी जीवन और समाज प्रमुखता से आए हैं. आप इससे कितना संतुष्ट हैं?**

**उत्तर :** मेरा कविता संग्रह 'पठार को सुनो' सन 2011 में 'शिल्पायन' दिल्ली की ओर से प्रकाश में आया था. जब उसका भाषान्तर कवयित्री फ्रांसिस्का कुजूर ने कुड़ुख में तथा कवि-लेखक धनेन्द्र प्रवाही ने नागपुरी में अपने मन से किया (दोनों पुस्तकें प्रकाशित हैं) तो मुझे खुशी मिली कि मेरा लेखन सार्थक है. अन्तर्वस्तु के लिहाज से यह संग्रह आदिवासी परिवेश और झारखंडी अस्मिता को कथ्य के केन्द्र में प्रस्तुत करता है, कविता के कलेवर में सतरंगे सुरों के साथ. लेकिन मैं चकित हुआ कि इस प्रदेश के सुख्यात साहित्यकर्मियों ने उसे अनदेखा किया जबकि मेरी दूसरी कृतियों पर उन्होंने खुल कर लिखा था. आज झारखंड के हिन्दी साहित्य पर केन्द्रित चर्चाओं में संजीव, शैवाल, मनमोहन पाठक, सी. भास्कर राव, राकेश सिंह, शम्भु बादल, कुमार बृजेन्द्र जैसे कलमकारों का जिक्र तक नहीं होता, तब लगता है कि शायद परख की दृष्टि अनाम दुराग्रहों से संचालित होती हो. मुझे अफसोस है कि मैंने ताउम्र अपनी वैचारिक ऊर्जा जहां खपायी, वहां धरतीपुत्र होने की सनद जरूरी है.

**प्रश्न : कविता की समृद्धि में आज सोशल मीडिया की क्या भूमिका है?**

**उत्तर :** अपने देश में आज का समय अभिव्यक्ति पर अंकुश के सवाल पर आन्दोलित है. प्रतिरोधी तेवर के विचारों पर नकेल डालने की कोशिश हर तरफ से जारी है. सत्ता और महाजनी प्रतिष्ठान उसकी घेराबंदी में लगातार जुटे हैं. ऐसे खिलाफ मौसम में सोशल मीडिया की भूमिका को हाशिए पर नहीं रखा जा सकता. इस फ्रंट पर अनियंत्रित दिख रही सामग्री की बाढ़ में विवेक की नाव कभी-कभी डूबती नजर आती है जरूर, लेकिन उसके हस्तक्षेपी दमखम को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता. जहां तक कविता की समृद्धि में सोशल मीडिया की भूमिका का सवाल है, उसके अन्तहीन ओर-छोर पर कोई एकांगी टिप्पणी नहीं की जा सकती. यह जोड़ा जा सकता है कि प्रिंट मीडिया की सीमाएं जहां खत्म होती हैं, वहीं से सोशल मीडिया का प्रभाव क्षेत्र शुरू होता है. अगर कविता की ओर मुड़ें तो अन्तहीन विस्तार का सागर तट सामने आता है. किसिम-किसिम की कविता, कविता के नाम पर ऊल-जुलूल उद्गार, विवेक और तर्क को गर्क करने वाली अभिव्यक्ति. लेकिन उसका दूसरा रुख बतलाता है कि कविता के फॉर्म संबंधी कथित तमाम मूल्य-मानक यहां ध्वस्त हो गये लगते हैं, जबकि दुर्निवार रचनात्मक ऊर्जा का विस्फोट भी पहचान में आता है. वस्तुतः इस मुद्दे पर विचार-विमर्श के लिए एक बड़ा स्पेस जरूरी है. समग्रता में देखें तो सोशल मीडिया की लोकप्रियता से कविता के रचनाकार और पाठकों का, फॉर्म और कंटेंट का, सीमातीत विस्तार हुआ है.

**प्रश्न : कवि के साथ ही आप महत्वपूर्ण कथाकार और आलोचक हैं. इन अलग-अलग विधाओं में लिखते समय आप कैसी मन:स्थितियों से गुजरते हैं? किस विधा में आप अधिक सहज, सन्तुष्ट महसूस करते हैं?**

**उत्तर :** हां साथी, आपका कहना सही है कि कविता के संग-साथ गद्य की दूसरी विधाओं में भी मेरा लेखन आप मित्रों का ध्यान खींचता है. सच है कि पिछले दो दशकों की अवधि में आलोचना, कहानी, नाटक और उपन्यास विधा में मेरा लेखन कविता के अनुपात में बेशक ज्यादा हुआ. अब तक छह आलोचना पुस्तकें, चार कहानी संकलन, तीन नाटकों का एक संग्रह और एक उपन्यास को ध्यान में रखें तो कहना चाहिए कि मेरे शब्द संसार की तीन चौथाई जगह गद्य कृतियों से जुड़ी है. इस प्रसंग में समाज दर्शन की अपनी तीन पुस्तकों को भी याद किया जा सकता है. लेकिन इस विविधता को मैं 'कथेतर' लेखन का नाम देना सही नहीं मान सकता. रचनात्मक व वैचारिक लेखन का कोई बाइप्रोडक्ट नहीं होता. भाव-विचार हों या मन:स्थितियां, घटना-प्रसंग हों या निजी और सार्वजनिक जीवन के अंधेर-उजाले के अनुभव, पुराण कथा हो या इतिहास दर्शन या वर्गों में विभाजित समाज का यथार्थ - इनसे जुड़ी कोई भी अन्तर्वस्तु मन की प्रयोगशाला में रासायनिक प्रक्रियाओं से गुजर कर ही अभिव्यक्ति के उस पड़ाव तक पहुंचती है जिसे हम रचना कहते हैं. जीवन अनुभवों की खदान है जहां से कच्ची सामग्री ले कर उसका पुनर्सृजन रचना की कर्मशाला है.

विविध विधाओं के बीच से किसी कलमकार का गुजरना क्या एहसास देता है? निश्चय ही यहां जायका बदलने जैसा कुछ नहीं होता. हम अपने अंगों से काम लेते हुए कभी नहीं सोचते कि कब हाथ का इस्तेमाल करें, कब आंख या कान का. ये सारे अवयव चेतना के जिस केन्द्र से जुड़े होते हैं, वहां से स्वतः उनका संचालन होता है. मैं मानता हूं कि कथ्य अपने शिल्प का नियामक होता है. कौन सी बात या अनुभव किस फॉर्म में सहजता से अन्तरित होगा, यह नैसर्गिक बोध हर रचनाकार के भीतर क्रियाशील रहता है.

**प्रश्न : २०२२ में प्रकाशित उपन्यास 'न कोई मील ना कोई पत्थर' अधिक चर्चा में है. जीवन के बिखराव और उसके संघटन को इसमें बहुत ही चेतन बारीकी के साथ अंकित किया गया है. आपकी रचनाशीलता का एक आयाम यहां पूरा हो गया या इसे पूरा करना शेष है?**

**उत्तर :** बंधु, 2022 में प्रकाशित मेरे (पहले) उपन्यास 'न कोई मील ना कोई पत्थर' की चर्चा करते हुए आपने बताया है कि वह अधिक चर्चा में है, कि जीवन के बिखराव और उसके संघटन को इसमें बहुत ही चेतन बारीकी के साथ अंकित किया गया है. उसके बारे में हिचक के साथ मैं यह जोड़ना चाहता हूं कि मेरा बस चले तो मैं उसे दोबारा लिखना चाहूंगा. एक जमाने से उसकी अधूरी पटकथा मेरे कंप्यूटर पर पड़ी रही थी. उन दिनों मेरे जेहन में जेम्स जॉयस की "यूलिसिस", अज्ञेय के "नदी के द्वीप", निर्मल वर्मा के "एक चिथड़ा सुख" और "रात का रिपोर्टर" और सुरेन्द्र वर्मा का "मुझे चांद चाहिए" जैसी कई औपन्यासिक कृतियों की अनुगूंज थी. अपनी उस अपूर्ण स्क्रिप्ट की मुद्रित प्रति वर्षों पहले मैंने इला प्रसाद, प्रियदर्शन और अशोक प्रियदर्शी सरीखे कई नजदीकी लोगों को पढ़ने के लिए दी थी. प्रियदर्शी जी ने कहा कि जितना लिखा है, उसे पूरा मान लीजिए और वर्तमान विस्तार में ही उपन्यास को छपने दीजिए. और आधे मन से मैंने यही किया कि कथानक में एक नरेटर को बिठा दिया और तीन चौथाई विस्तार में उसके अनलिखे पन्नों की चाहत को स्थगित कर दिया. एक औपन्यासिक कृति के रूप में उसकी सीमाओं से मैं सुपरिचित हूं, लेकिन वस्तुकथन की गहनता और विस्तार तथा नरेशन में भाषा के पारदर्शी रचाव की दृष्टि से वह एक बेजोड़ कथाकृति है. **(क्रमशः)**

---

**व्यंग्य ›› बर्बरीक**

## माले मुफ्त दिले बेरहम

चचा ग़ालिब का एक शेर है कि मैंने माना कि कुछ नहीं ग़ालिब/मुफ़्त हाथ आए तो बुरा क्या है. मुफ़्त की चीज़ों के अपने मज़े होते हैं. सब्ज़ी के साथ मुफ़्त धनिया-मिर्च से लेकर यह यात्रा एक पर एक मुफ़्त से होते हुए बिजली मुफ़्त, पानी मुफ़्त, अनाज मुफ़्त तक जाती है और बाज़ार का पूरा कारोबार मुफ़्त पर टिका रहता है.

अंग्रेजी की एक कहावत के अनुसार कुछ भी मुफ़्त नहीं मिलता. हर चीज़ की कुछ क़ीमत चुकानी पड़ती है. हम भी चुकाते हैं यह बात और है कि जो बेशकीमती है, उसे ही हम कीमती नहीं मानते हैं. पहले बाज़ार ने मध्यवर्ग को मुफ़्त की आदत लगाई और अब तो बाकायदा हक़ समझता है मुफ़्त की चीज़ पर. पूरी राजनीति की धुरी आकर मुफ़्त पर टिक गईं है. दक्षिण भारत से यह मुफ्त वाली हवा चली थी जब एक दल एक चुनाव में टीवी बांटता था तो दूसरा दल अगले चुनाव में मुफ्त लैपटॉप बांटकर चुनाव जीत जाता. बिजली-पानी मुफ्त देने के वादे पर राज्य के राज्य जीत लिए जाते.

सिर्फ नेताओं को ही क्यों दोष दें, जनता भी काफी शातिराना चालें चलने लगी है. हर चुनाव में उसकी नज़र इस बात पर रहती है कि किस नेता की दुकान पर क्या मुफ्त मिल रहा है. इस बात पर भी गर्व किया जाता है कि अस्सी करोड़ लोगों को मुफ्त पांच किलो अनाज दिया जा रहा है. मज़ेदार बात है कि यह कोई नहीं पूछता कि अस्सी करोड़ जनता आखिर इस हालत में पहुंच कैसे गई कि पांच किलो अनाज के लिए तरस रही है. कोरोना काल में जो करूणा के लिए हुआ था उसका मज़ा बाद में भी उठाया जाने लगा. जनता भी इस निष्कर्ष पर पहुंच गई कि आत्मसम्मान, गैरत वगैरह ढकोसला है. असल चीज है मुफ्त का अनाज. हर्रे लगे न फिटकरी रंग भी चोखा. नेता भी खुश कि न कोई काम मांग रहा है न बढ़ती महंगाई पर सवाल हो रहे हैं. पांच किलो अनाज मुंह पर मारो बस मुंह बंद. कोई अपने घर से तो कुछ देना नहीं है. जनता का पैसा है जनता को दान में दो. दान का पुण्य अलग. माल महाराज का मिर्जा खेले होली. इसी दान के आधार पर जमकर बेशर्मी से वोट मांगो. जनता को भी लगता है कि दे दो वोट अपना क्या जाता है. पैसा थोड़े ही मांग रहा है. वोट का अधिकार मुफ्त में मिला है. मुफ्त में बांट दो. चारों तरफ मुफ्त लेन-देन की गुलाबी हवाएं चल रही है. इसमें डूबिए उतराइए.

---

**परिवर्तनशील समय में " प्रेम ध्रुपद" का सनातन प्रवाह**

## शाश्वत के सजग शिल्पी लीलाधर मंडलोई


मयंक मुरारी

सनातन का अर्थ है जो शाश्वत हो, सदा के लिए सत्य हो. जिन पर भारत की सभ्यता आधारित है. ऐसी सभ्यता का संरक्षण-संवर्द्धन साहित्य के माध्यम से विरले ही करते हैं. भारतीय साहित्यांगन में लीलाधर मंडलोई जैसे कुछेक सृजनधर्मी बचे हैं, जो देश-काल के शाश्वत प्रवाह को लेखनी का केंद्रीय भाव बनाते हैं. परिवर्तनशील समय में "प्रेम ध्रुपद" का सनातन प्रवाह के संग लीलाधरजी प्रेम की गहराई में उतरते हैं. इस अस्तित्व में गूंजायमान अनहद को शब्द प्रदान करते हैं. उनके सृजन-शब्द और भाव में संगीत की धारा व उसमें मधुरता का समावेश अनायास नहीं है, बल्कि यह उनका स्वाभाविक गुण है, जो दंडकारण्य के जंगल में उनको मिला. इसी जंगल में निवास के दौरान त्रेता में श्रीराम को जीवन का अर्थ मिलता है, जिसकी एक धारा उनकी लंबी कविता "प्रेम ध्रुपद" में दिखती है.

### लीलाधर मंडलोई का परिचय



हिन्दी भाषा के लेखक-कवि लीलाधर मंडलोई का जन्म 1954 की जन्माष्टमी के दिन मध्यप्रदेश के छिंदवाड़ा जिला के गुढ़ी गांव में हुआ था. शिक्षा-दीक्षा भोपाल और रायपुर में हुई. प्रसारण की उच्च शिक्षा के लिए 1987 में राष्ट्रकुल संबंध अभिभावकता, लंदन की ओर से आमंत्रित किए गए. वह प्रसार भारती दूरदर्शन के महानिदेशक के पद पर भी रहे हैं. उनकी प्रमुख कृतियां हैं- कविता-संग्रह में घर-घर घूमा, रात-बिरात, मगर एक आवाज, देखा-अदेखा, ये बदमस्ती तो होगी, देखा पहली दफा अदेखा, उपस्थित है समुद्र एवं गद्य साहित्य में अंदमान-निकोबार की लोक कथाएं, पहाड़ और परी का सपना, चांद का धब्बा, पेड़ भी चलते हैं, बुंदेली लोक रागिनी है. मध्य प्रदेश साहित्य परिषद के रामविलास शर्मा सम्मान, वागीश्वरी सम्मान, रजा सम्मान, पुश्किन सम्मान और नागार्जुन सम्मान आदि से सम्मानित हैं. इन दिनों लंबी प्रेम कविता के कारण विशेष चर्चित हैं.

■ **जनजीवन का सजीव चित्रण**

जब कोई कविता आत्मा तक पहुंच जाए तो उसकी सार्थकता सिद्ध होती है. उनकी लंबी प्रेम कविता "प्रेम ध्रुपद" में प्रेम की गहराई के साथ हरेक शब्दों के बीच भाव की गूंज हमें एक चिरस्थायी संबंध का आमंत्रण देता है. दो पत्थरों के अचानक टकराने से जनमे उस अलौकिक अग्नि नाद का... इन पंक्तियों के माध्यम से एक साथ सभ्यता की शुरूआत, विकास व उसके भविष्य पर सकारात्मक दस्तक होती है. मंडलोईजी का सूफियाना फक्कड़पन दिखता है. यह शब्दों की मिठास व जनजीवन के सजीव चित्रण में सामने आता है. उनकी कविताओं में प्रकृति का वर्णन विशेष रूप से होता है. ये पंक्तियां हैं- उसे भूले बसंत की तरह अनुभव करो, दुलराओ, मनाओ, जगाओ. वह मन द्वार पर सगुन लिए खड़ा है. नदी है गहरी, सो गया भीतर एक सपना, हमारी मिट्टी डूबी आंखें, हमारी पानियों से चेहरे, हमारी हवाओं सी उड़ान. इन कविताओं को पढ़कर अर्जेंटीनी लेखक होर्हे लुई बोर्हेस याद आते हैं जो देख नहीं सकते थे. उनका मानना था कि दुनिया का सारा साहित्य अलग-अलग लोग नहीं लिखते हैं, बल्कि असख्ंय अलग-अलग नामों वाली एक ही आत्मा लिखती है. वह लिखते हैं कि- मैं ही होमर था, कुछ समय पश्चात मैं नहीं रहूंगा. कुछ देर में मैं समस्त मनुष्य हो जाऊंगा.

■ **सृजन की आहुति**

जीवन सृजन है. जगत भी सृजन है. अस्तित्व में विराट सृजन का यज्ञ चल रहा है. लीलाधरजी को पढ़ने पर लगता है कि वे भी लेखनी कर्म से इस यज्ञ में सृजन की आहुति दे रहे हैं. सृजन की असीमता में अमरत्व के बीज खोज रहे हैं. उनकी "प्रेम ध्रुपद" की एक पंक्ति है- आओ! ढांप ले बदन, थोड़ा आवारा हो जाएं प्रतिकूल हवाओं में, मोड़ के उस पार ढलान में उतरें बेपरवाह, प्रेम की उसी प्राचीन जगह, जहां दुनिया आजाद ख्यालों में रोशन है. उनकी इस प्रेम कविता को पढ़कर कभी वसंत की भोर, गुलमोहर के फूल और सतपुड़ा की तलहटी में हम यात्रा करते हैं तो कभी उनके ही शब्द संग्रह- कथा, गीत, डायरी यात्रा की जीवंत शब्द-लहरी से गुजर आत्मिक शांति को महसूस करते हैं.

■ **प्रतिरोध के स्वर**

मजदूरों का संघर्ष मंडलोईजी के जीवन का हिस्सा रहा है. उनके काव्य में प्रतिरोध की गहराई, प्रतिरोध का नया रूप, देशज शब्दों, रंगों और चित्रों से प्रतिरोध के नए आयाम उभरते हैं. खुद वह अपनी कविता पर कहते हैं- मैं कविता में एक खास पहचान बन जाने के खिलाफ हूं. कविताओं की भाषा, कहन सौंदर्य चेतना की दृष्टि से अतिक्रमण करती है. मैंने कविता को चित्र, ध्वनि, संगीत, फिल्म और छायाकारी के तत्वों से जोड़ा है. मेरी कविता की धुरी प्रेम और करुणा पर टिकी है.

■ **प्रेम-विरह की बेजोड़ अभिव्यक्ति**

प्रेम की परिभाषा और उसकी वर्तमान दौर में उपयोगिता पर भी मंडलोई जी "प्रेम ध्रुपद" में सवाल उठाते हैं- जोग संग बिजोग की कुड़माई, दिलफूल भी भीतर चुभता है. जब वनस्पतियां एक पेड़ में खिल रही हैं, दूसरा अब ये प्रेम है, लगभग अंतिम नस्ल सा. वह ठीक कहते हैं कि प्रेम अब बाजार, काया और सौंदर्य के वशीभूत हो गया है. प्रेम के आरंभ होने पर प्रेमी के हृदय में उत्कट विरह के दुखद वियोग की अनुभूति होने लगती है. कबीर साहित्य में प्रेम के साथ प्रेम-विरह की बेजोड़ अभिव्यक्ति हुई है. उनके विरह में वियोग-व्यथा का एक बिंब गौरतलब है -"बहुत दिनन की जोवती, बाह तुम्हारी राम. जिव तरसै तुझ मिलन को, मन नाहीं विश्राम।।" मंडलोई जी की कविता में वही कबीर रस और भाव आते हैं. लीलाधर मंडलोई की सबसे बड़ी खूबी क्या है? दुनिया की सैर करते हैं. दुख, सुख और करुणा, प्रेम व मन की कई परतों का विचरण करते हैं, लेकिन अंततः आशावाद की स्याही को पन्नों पर उकेरना नहीं भूलते हैं. कहते हैं- यह विदा का समय नहीं, पहाड़ लांघने का है, परिंदा के साथ उड़ने का है, हृदय में बादल राग के होने का है और इस प्रार्थना का है कि अब किसी पिकासो को गुएर्निका न रचना पड़ें. उनकी बातों में रूप, रंग, रस और गंध के बिंब हैं. वे उपमाओं का प्रतिबिंब बनाकर दिल में उतरते हैं और दिव्यता की यात्रा के साथ हमें उस परम शिखर की ओर आरोहण का आमंत्रण देते हैं.

संयोजन : चेतना झा, डिजाइनिंग - खुशबू कुमारी

**महिला टी20 वर्ल्ड कप:** टीम इंडिया ने आईसीसी टूर्नामेंट में लगातार अच्छा प्रदर्शन किया है

# ग्रुप ए में कोई ऑस्ट्रेलिया और भारत को चुनौती पेश कर पाएगा?

- दुबई पहुंच गयी है भारतीय महिला टीम, अभ्यास में जुटी
- तीन अक्टूबर से शुरू होगा महिला टी20 वर्ल्ड कप 2024
- दुबई और शारजाह में खेले जाएंगे सारे मैच

एजेंसी। नयी दिल्ली

महिला टी20 वर्ल्ड कप 2024 का आयोजन दुबई और शारजाह में होने जा रहा है. आगामी तीन अक्टूबर से 20 अक्टूबर टूर्नामेंट के मैच खेले जाएंगे. टीम इंडिया दुबई पहुंच चुकी है. टूर्नामेंट के ग्रुप ए में भारत के अलावा ऑस्ट्रेलिया, न्यूज़ीलैंड, पाकिस्तान और श्रीलंका की टीमें हैं. टीम प्रिव्यू की इस कड़ी की शुरुआत ग्रुप ए की टीमों से करते हैं और उनकी मजबूत और कमजोर कड़ी पर प्रकाश डालते हुए उनके विश्व कप अभियान की संभावनाओं को टटोलने का प्रयास करते हैं.

## भारत : फाइनल खेल सकता है



**स्पिनरों** की भरमार के बीच भारत आगामी वर्ल्ड कप जीतने के प्रबल दावेदारों में से एक है. पिछले संस्करण के बाद से भारत ने सिर्फ सात टी20 हारे हैं. हालांकि उन्हें एशिया कप के फ़ाइनल में श्रीलंका के हाथों हार का सामना भी करना पड़ा था. भारत ने आईसीसी टूर्नामेंट में लगातार अच्छा प्रदर्शन किया है और ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड जैसी टीमों को चुनौती भी दी है लेकिन नॉकआउट स्टेज पर उन्हें निराशा हाथ लगी है. वर्ल्ड कप की तैयारियों के संदर्भ में भारत ने खेल मनोवैज्ञानिक की भी मदद ली है. स्मृति मंधाना और शेफ़ाली वर्मा की सलामी जोड़ी अच्छे फ़ॉर्म में है और पिछले एक साल से दोनों ही खिलाड़ियों ने काफ़ी रन भी बनाए हैं. मंधाना ने स्पिन के ख़िलाफ़ अपने खेल पर काफ़ी मेहनत की है, जिसकी झलक दक्षिण अफ़्रीका के ख़िलाफ़ घरेलू सीरीज़ में दिखाई भी दी थी और यूएई में यह मेहनत मंधाना के काम भी आएगी. अहम खिलाड़ी भारत के टी20 सेटअप में दीप्ति शर्मा के बल्लेबाज़ी क्रम को लेकर भले ही दुविधा हो सकती है लेकिन इसमें कोई संदेह नहीं है कि वह भारतीय एकादश का हिस्सा होंगी. खेल के हर चरण में गेंदबाज़ी करने की उनकी क्षमता कप्तान हरमनप्रीत कौर को दबाव की स्थिति में उनके रूप में एक विकल्प प्रदान करती है. वह यूएई में भारतीय टीम के लिए अहम साबित हो सकती हैं. जनवरी 2022 के बाद से तमाम पूर्ण सदस्य देशों और आगामी वर्ल्ड कप का हिस्सा सभी टीमों में दीप्ति से ज़्यादा विकेट (73) किसी अन्य खिलाड़ी ने नहीं लिए हैं. तुलनात्मक तौर पर उनकी बल्लेबाज़ी के आंकड़े उतने प्रभावी भले ना हों लेकिन ऐसी स्थिति में भी महिला टी20 में जनवरी 2022 से लेकर अब तक दीप्ति को छोड़कर किसी अन्य खिलाड़ी ने 45 विकेट और 420 रन नहीं बनाए हैं. इस अवधि में ख़ुद दीप्ति ने 525 रन बनाए हैं. महिला हंड्रेड में भी उन्होंने अपनी ऑलराउंड क्षमता का परिचय दिया था. उन्होंने लंदन स्पिरिट के लिए 132.50 के स्ट्राइक रेट से 212 रन बनाए थे और 6.85 की इकॉनमी से आठ विकेट चटकाए थे.

## न्यूज़ीलैंड : ग्रुप स्टेज से संभवतः आगे नहीं बढ़ पाए



**न्यूज़ीलैंड** की टीम इस वर्ल्ड कप में लगातार 10 टी20 मैच हारते हुए प्रवेश करेगी. उन्हें हाल ही में ऑस्ट्रेलिया के हाथों 0-3 से हार झेलनी पड़ी थी. वह एक मुश्किल ग्रुप में हैं, जहां उन्हें टूर्नामेंट में आगे बढ़ने के लिए काफ़ी मेहनत करनी होगी. सूज़ी बेट्स और सोफ़ी डिवाइन अपना लगातार नौवां टी20 वर्ल्ड कप खेलेंगी. न्यूज़ीलैंड के पास एक अनुभवी दल है लेकिन उन्हें युवा खिलाड़ियों से भी मदद की दरकार होगी. डिवाइन ने हाल ही में नंबर चार पर बल्लेबाज़ी की है और पारी को मध्य चरण में नियंत्रित करने का प्रयास किया है. लेकिन सवाल है कि क्या न्यूज़ीलैंड अपनी एक बेहतरीन बल्लेबाज़ का लाभ उठा पा रही है? अहम खिलाड़ी एमेलिया केर से न्यूज़ीलैंड को काफ़ी उम्मीदें होंगी. वह नंबर तीन पर बल्लेबाज़ी करने के साथ साथ अपनी लेग स्पिन से यूएई में न्यूज़ीलैंड के लिए उपयोगी साबित हो सकती हैं. हालांकि बल्लेबाज़ी में उनका 110-115 के बीच रहने वाला स्ट्राइक रेट चिंता का विषय ज़रूर है, लेकिन पिछले दो डब्लूपीएल संस्करणों में उन्होंने 130 के स्ट्राइक रेट से रन बनाए हैं. जिससे यह पता चलता है कि वह अपनी पारी को गति देने में सक्षम हैं.

## पाकिस्तान : शायद ग्रुप स्टेज से आगे ना जा पाए



**पाकिस्तान** इस वर्ल्ड कप में फ़ातिमा सना के रूप में नई कप्तान के साथ प्रवेश करेगा. अगस्त में उन्होंने निदा डार की जगह ली थी. 22 वर्षीय खिलाड़ी के लिए यह बतौर कप्तान पहला आईसीसी टूर्नामेंट होगा, हालांकि वह इससे पहले तीन टी20 वर्ल्ड कप खेल चुकी हैं. इस साल वेस्टइंडीज़, इंग्लैंड और दक्षिण अफ़्रीका के ख़िलाफ़ खेली तीनों द्विपक्षीय श्रृंखला में पाकिस्तान को हार झेलनी पड़ी है. पिछले 15 टी20 में पाकिस्तान को सिर्फ़ चार में जीत मिली है. हालांकि दक्षिण अफ़्रीका के ख़िलाफ़ पाकिस्तान की टीम दो बार 150 से अधिक का स्कोर खड़ा करने में सफल हुई थी. अहम खिलाड़ी मुनीबा अली फ़ॉर्म में हैं. पिछले सात मैचों में उन्होंने छह बार 30 से अधिक का स्कोर खड़ा किया है. वह बड़े शॉट नहीं खेलती हैं लेकिन सलामी बल्लेबाज़ मुनीबा पावरप्ले में आक्रामक बल्लेबाज़ी कर सकती हैं. उन्होंने इस साल 15 मैचों में 113.04 के स्ट्राइक रेट से 364 रन बनाए हैं. पिछले टी20 वर्ल्ड कप में वह शतक लगाने वाली इकलौती बल्लेबाज़ भी थीं.

## ऑस्ट्रेलिया : लगातार तीन बार का है चैंपियन

**ऑस्ट्रेलिया** गत विजेता है. लगातार तीन बार से यह ट्रॉफी ऑस्ट्रेलिया के नाम ही रही है. 2017 के वनडे वर्ल्ड कप से ही उन्होंने कोई भी वैश्विक टूर्नामेंट नहीं हारा है. हालांकि उन्हें फ़रवरी 2023 में घर पर ही इंग्लैंड के हाथों 1-2 से टी20 श्रृंखला हारनी पड़ी थी. इस बीच में दो बार भारत और न्यूज़ीलैंड के ख़िलाफ़ उनकी पूरी टीम एक पारी में सिमट चुकी है जो कि 2020 के वर्ल्ड कप के बाद से ही नहीं हुआ था. ऑस्ट्रेलिया के पास अभी भी एक असाधारण दल है और उन्हें हराना अन्य टीमों के लिए काफ़ी मुश्किल रहने वाला है. हालांकि वह




बल्लेबाज़ी में अपने हालिया प्रदर्शनों की तुलना में अधिक साहसिक हो सकते हैं. अहम खिलाड़ी एलिस पेरी ऑस्ट्रेलिया की सबसे अहम कड़ी साबित हो सकती हैं. हालांकि उनके सामने अपने टी20 करियर के दूसरे चरण में बल्ले के साथ प्रदर्शन को और बेहतर करने की चुनौती भी होगी. वह चोट के चलते 2020 का वर्ल्ड कप नहीं खेल पाई थीं. मेग लेनिंग के संन्यास के बाद इस साल टी20 लीग में उन्होंने नंबर तीन और नंबर चार पर अच्छा प्रदर्शन किया है. आगामी वर्ल्ड कप में पिच के धीमा रहने और कम रन बनने का अनुमान है. ऐसे में उनका अनुभव व्यर्थ जाने की भी आशंका है. हालांकि ऐसे अवसर भी आएंगे जब ऑस्ट्रेलिया को पावरप्ले में तेज़ गति से रन बनाने की ज़रूरत पड़ेगी और तब वह अहम योगदान दे सकती हैं.

## श्रीलंका : दावेदारी को दरकिनार नहीं किया जा सकता

**पिछले** एक साल में श्रीलंका सबसे व्यस्त टीमों में से एक रही है और उन्होंने इस साल के बाद के चरण में अपने प्रदर्शन में सुधार किया है. पिछले एक साल में किसी पूर्ण सदस्य देश द्वारा सबसे ज़्यादा 31 मैच श्रीलंका ने ही खेले हैं. उन्हें इस अवधि में सिर्फ़ नौ मैचों में हार का सामना करना पड़ा है और इस दौरान उन्होंने पहली बार टी20 प्रारूप में न्यूज़ीलैंड, ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के ख़िलाफ़ जीत दर्ज की गई. अप्रैल 2023 से लेकर अब तक उनका जीत हार का अनुपात ऑस्ट्रेलिया और भारत से बेहतर है. इसके साथ ही उन्होंने हाल ही में हुए एशिया कप को भी जीता था. अहम खिलाड़ी हर्षिता समराविक्रमा इस समय बेहतरीन लय में हैं. उन्होंने दक्षिण अफ़्रीका को उनके घर में हराने में अहम योगदान दिया था. निर्णायक मैच में उनके बल्ले से नाबाद 54 रन निकले थे. एशिया कप के फ़ाइनल में भी उन्होंने भारत के खिलाफ 51 गेंदों नाबाद 69 रन बनाए थे. उनके गियर बदलने की क्षमता से इस साल श्रीलंका को काफ़ी लाभ पहुंचा है. इस साल समराविक्रमा ने 120.81 के स्ट्राइक रेट से रन बनाए हैं, जबकि उनके करियर का स्ट्राइक रेट 99.72 है.



## श्रीलंका ने टेस्ट क्रिकेट में बनाया रिकॉर्ड



**गॉल।** श्रीलंकाई टीम ने टेस्ट क्रिकेट में एक महारिकॉर्ड बनाकर पूरी दुनिया में तहलका मचा दिया है. दरअसल, गॉल में खेले जा रहे दूसरे टेस्ट मैच में श्रीलंका के बल्लेबाजों और गेंदबाजों ने न्यूजीलैंड टीम की धज्जियां उड़ाकर रख दी. गॉल टेस्ट में श्रीलंका की टीम ने न्यूजीलैंड के खिलाफ पहली पारी में 514 रन की विशाल बढ़त हासिल कर सनसनी मचा दी है. यह टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में पहली पारी में हासिल की गई पांचवीं सबसे बड़ी लीड है. श्रीलंका की टीम ने इस टेस्ट मैच में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया. गॉल टेस्ट में श्रीलंका की टीम ने इसके बाद 5 विकेट पर 602 रन बनाकर अपनी पहली पारी घोषित कर दी. श्रीलंका की तरफ से कमिंदु मेंडिस ने 182 रनों की नाबाद पारी खेली. कमिंदु मेंडिस ने अपनी पारी में 16 चौके और 4 छक्के उड़ाए. इसके अलावा दिनेश चांडीमल ने 116 रन की पारी खेली. वहीं, कुसल मेंडिस ने भी नाबाद 106 रन बनाए. न्यूजीलैंड के लिए पहली पारी में ग्लेन फिलिप्स ने 3 विकेट झटके. वहीं, टिम साउदी को केवल एक ही विकेट मिला.

**कानपुर टेस्ट**

# दूसरे दिन का खेल भी बारिश से धुला

- बांग्लादेश ने पहले दिन तीन विकेट खोकर 107 रन बनाए थे

एजेंसी। कानपुर

भारत और बांग्लादेश के बीच दूसरे टेस्ट में वर्षा का कहर जारी है और शनिवार को दूसरे दिन का खेल पूरी तरह बारिश की भेंट चढ़ गया. बांग्लादेश ने पहले दिन 3 विकेट खोकर 107 रन बनाए थे, लेकिन वह उसके बाद अपनी पारी आगे शुरू नहीं कर पाया है. तीनों अंपायर क्यूरेटर से बात करने आए थे और फिर दिन के खेल को रद्द घोषित कर दिया गया. तीसरे दिन भी बारिश का पूर्वानुमान है. हालांकि दिन के दूसरे हिस्से में मौसम के साफ रहने की उम्मीद है. लगातार बारिश और नमी वाले आउटफील्ड के कारण कानपुर में भारत और बांग्लादेश के बीच दूसरे टेस्ट के दूसरे दिन कोई भी क्रिकेट गतिविधि संभव नहीं थी. खराब मौसम और आउटफील्ड की स्थिति इतनी खराब थी कि स्थानीय समयानुसार दोपहर 14 बजे ही खेल को रद्द कर दिया गया. 2015 में बेंगलुरु में हुए टेस्ट के बाद से भारत में एक दिन का खेल पहली बार बारिश की भेंट चढ़ गया. पहले तीन दिनों के लिए खेल से पहले के पूर्वानुमान को देखते हुए कानपुर में आज की घटनाएं आश्चर्यजनक नहीं थीं. मौसम ने पहले दिन केवल 35 ओवर की अनुमति दी, जिसमें बांग्लादेश ने अप्रत्याशित पिच पर



**संक्षिप्त स्कोर**

बांग्लादेश **107/3** (मोमिनुल हक नाबाद 40, नजमुल हुसैन शांतो 31, आकाश दीप 2-34)

मुश्किल परिस्थितियों में संघर्ष किया.

भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने बादल छाए रहने और सतह में संभावित नमी के कारण गेंदबाजी करने का विकल्प चुना था, जो शुरुआती मूवमेंट से सही साबित हुआ. हालांकि, जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन पर नहीं थे, और मेजबान टीम को राहत देने के लिए आकाश दीप के दोहरे स्ट्राइक की जरूरत पड़ी. बांग्लादेश के लिए मोमिनुल हक और नजमुल शांतो ने मजबूत पारी खेली, लेकिन शांतो को रविचंद्रन अश्विन ने आउट कर दिया. अगर पहले दिन खेले गए 35 ओवरों को कोई संकेत माना जाए, तो दूसरे दिन एक रोमांचक मुकाबला होने की संभावना थी. दुर्भाग्य से, खराब मौसम ने पहले दिन ओवरों को लूटना शुरू कर दिया, और दूसरे दिन का पूरा खेल ही बरबाद कर दिया. शांतो ने 57 गेंदों पर 6 चौकों की मदद से 31 रन बनाए. बारिश के कारण जब पहले दिन का खेल समाप्त घोषित किया गया तब मोमिनुल हक 81 गेंदों में 7 चौके के सहारे 40 रन और मुशफिकुर रहीम 13 गेंदों में 6 रन बनाकर क्रीज पर थे. भारत की तरफ से आकाश दीप ने 34 रन पर 2 विकेट और अश्विन ने 22 रन पर एक विकेट लिया है.

### स्टेडियम की सुरक्षा करेंगे लंगूर


ग्रीन पार्क स्टेडियम में बंदरों द्वारा लोगों का खाना छीनने का मामला सामने आया है. उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन (यूपीसीए) ने अब इस समस्या से निपटने के लिए एक नया तोड़ निकाला है. कानपुर के ग्रीन पार्क स्टेडियम में बंदरों को फैंस के अलावा ग्राउंड स्टाफ से भी स्नैक्स और ड्रिंक्स छीनते देखा जा चुका है. इस कारण मैचों के ब्रॉडकास्ट पर भी असर पड़ा है, इसलिए यूपीसीए ने इस समस्या से निजात पाने के लिए लंगूर बंदरों का सहारा लिया है. इंडियन एक्सप्रेस अनुसार ग्रीन पार्क स्टेडियम के डायरेक्टर संजय कपूर ने बताया कि बंदरों ने ब्रॉडकास्ट टीम (कैमरामैन) को भी लगातार परेशान करने का काम किया है. रिपोर्ट में यह भी बताया गया कि जिस ऊंचे स्टैंड का टीवी क्रू ब्रॉडकास्टिंग के लिए इस्तेमाल करता है, उसे पीछे और साइड से काले कपड़े से ढक दिया गया है. बताते चलें कि इससे पहले भी कानपुर के मैदान में बंदरों को दूर रखने के लिए लंगूर बंदरों का सहारा लिया जा चुका है.

**चाइना ओपन :** दानिल मेदवेदेव ने गाएल मोंफिल्स को हराया

# कार्लोस अल्काराज दूसरे दौर में

एजेंसी। बीजिंग

कार्लोस अल्काराज ने अपने साथी 21 वर्षीय जियोवानी एमपेटशी पेरीकार्ड को 6-4, 6-4 से हराकर दूसरे दौर में प्रवेश किया. वहीं, तीसरे वरीय दानिल मेदवेदेव ने शुक्रवार को यहां चाइना ओपन के पुरुष वर्ग के पहले दौर में अनुभवी गाएल मोंफिल्स को 6-3, 6-4 से हराया. इस साल फ्रेंच ओपन और विंबलडन जीतने वाले अल्काराज के लिए यह एक चुनौतीपूर्ण मैच था, क्योंकि उन्हें एटीपी टूर पर सबसे बड़ी सर्विस करने वाले खिलाड़ियों में से एक एमपेटशी पेरीकार्ड का सामना करना पड़ा क्योंकि उनके पास अपने नवीनतम अभियान से अभ्यस्त होने के लिए बहुत कम समय था. हालांकि, शीर्ष वरीयता प्राप्त खिलाड़ी ने एमपेटशी पेरीकार्ड की मारक क्षमता के साथ जल्दी से तालमेल बिठाया और पहले दौर की जीत में शानदार प्रदर्शन किया. अल्काराज़ ने प्रत्येक सेट के शुरुआती गेम में फ्रांसीसी खिलाड़ी की सर्विस को तोड़कर 81 मिनट में अपने 21 वर्षीय साथी खिलाड़ी को हराया. अल्काराज़ को शिन्हुआ ने यह कहते हुए उद्धृत किया, ईमानदारी से कहूं तो यह आसान नहीं था. वह वास्तव में एक शक्तिशाली खिलाड़ी है. बड़ी सर्विस, बेसलाइन से बड़े शॉट. इसलिए मुझे वास्तव में ध्यान केंद्रित करना था. यही योजना थी. बहुत अधिक गलतियां न करने और बेसलाइन से आक्रामक तरीके से खेलने की कोशिश करें. अल्काराज ने ल्योन चैंपियन एमपेटशी पेरीकार्ड के साथ अपने पहले लेक्सस एटीपी हेड2हेड मुकाबले में अर्जित दोनों ब्रेक पॉइंट को भुनाया. पहले दौर के एक अन्य मैच में रूसी स्टार मेदवेदेव ने अनुभवी गाएल मोंफिल्स को 6-3, 6-4 से हराकर अगले दौर में जगह पक्की की.





**गॉफ ने ब्यूरेल को हराया:** कोको गॉफ ने शुक्रवार को यहां चाइना ओपन के दूसरे राउंड में क्लारा ब्यूरेल को 7-5, 6-3 से हराया, जबकि चीन की वाइल्डकार्ड खिलाड़ी झांग शुआई ने यूएस ओपन सेमीफाइनलिस्ट एम्मा नवारो को हराकर बाहर कर दिया. यूएस ओपन खिताब की रक्षा में एम्मा नवारो से चौथे राउंड में हारने के बाद अपने पहले मैच में, नंबर 4 वरीयता प्राप्त अमेरिका की गॉफ ने फ्रांस की विश्व नंबर 56 ब्यूरेल पर 100 मिनट में जीत दर्ज की. गॉफ को जीत हासिल करने से पहले पहले सेट में 5-4 पर एक सेट प्वाइंट बचाना पड़ा. गॉफ का अगला मुकाबला रविवार को राउंड ऑफ 32 में नंबर 26 वरीयता प्राप्त ग्रेट ब्रिटेन की कैटी बौल्टर से होगा.

**रोहन बोपन्ना-इवान डोडिग पहले दौर से बाहर :** अनुभवी भारतीय टेनिस स्टार रोहन बोपन्ना और क्रोएशिया के उनके जोड़ीदार इवान डोडिग शनिवार को यहां पुरुष युगल मैच में फ्रांसिस्को सेरुंडोलो और निकोलस जैरी से 5-7, 6-7 से हारकर चाइना ओपन से बाहर हो गए. सेरुंडोलो (अर्जेंटीना) और जैरी (चिली) की गैरवरीयता प्राप्त जोड़ी ने एक घंटे 31 मिनट तक चले राउंड 16 के मैच में दूसरी वरीयता प्राप्त बोपन्ना-डोडिग को हराया.


**हादसा** गर्दन और हाथ-पैरों में चोटें आईं, शेष सत्र से बाहर रहने की संभावना

# युवा क्रिकेटर मुशीर कार दुर्घटना में घायल, हालत स्थिर

एजेंसी। नयी दिल्ली

मुंबई के बल्लेबाज मुशीर खान की एसयूवी कार शुक्रवार रात आजमगढ़ से लखनऊ जाते समय दुर्घटनाग्रस्त हो गई, जिससे उनकी गर्दन और हाथ-पैरों में चोटें आईं. 19 वर्षीय मुशीर का लखनऊ के मेदांता अस्पताल में इलाज चल रहा है. डॉक्टरों ने उसकी हालत को स्थिर बताया है. वह खतरे से बाहर हैं. उनके शेष सत्र से बाहर रहने की संभावना है. भारत के बल्लेबाज सरफराज खान के भाई मुशीर के साथ कार में उनके पिता और कोच नौशान खान भी थे और दुर्घटना में नौशान खान को भी मामूली चोटें आईं. मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन के एक सूत्र ने कहा कि कार तेज गति से अनियंत्रित हो गई और सड़क पर कई बार पलट गई. डॉक्टर स्कैन रिपोर्ट का इंतजार कर रहे हैं, ताकि यह पुष्टि हो सके कि उनकी गर्दन में फ्रैक्चर हुआ है या नहीं और यह कितना गंभीर है. एमसीए सूत्र ने आईएएनएस को बताया, मुशीर संभवतः इस सत्र से बाहर रहेंगे. लखनऊ से आजमगढ़ जाते समय हुई तेज रफ्तार दुर्घटना में उनकी फॉर्च्यूनर कार कई बार पलट गई थी, जिससे उनकी गर्दन और अंगों में चोट आई है. उन्हें अस्पताल में भर्ती होने के बाद तीन महीने आराम करना होगा. उसके बाद उन्हें पुनर्वास से गुजरना होगा, जिसका मतलब है कि वे छह से सात महीने बाद ही खेल पाएंगे.

मुशीर का फिलहाल लखनऊ के मेदांता अस्पताल में इलाज चल रहा है. मुशीर, जो अपने पिता के साथ आजमगढ़ में प्रशिक्षण ले रहे थे, 1 अक्टूबर से अटल बिहारी वाजपेयी एकाना क्रिकेट स्टेडियम में शेष भारत के खिलाफ होने वाले ईरानी कप मैच के लिए लखनऊ में अपने साथियों के साथ शामिल होने वाले थे. एमसीए के अधिकारी मुशीर के दलीप ट्रॉफी मैचों के समापन के बाद आजमगढ़ में प्रशिक्षण लेने और मुंबई में अपनी घरेलू टीम के साथ नहीं जुड़ने के फैसले से भी नाखुश हैं.



### अंडर-19 में भारत के सबसे सफल खिलाड़ियों में से एक है मुशीर

2024 अंडर-19 विश्व कप में भारत के सबसे सफल खिलाड़ियों में से एक मुशीर ने फरवरी में रणजी ट्रॉफी में दमदार वापसी की. करीब दो साल बाद मुंबई के लिए अपने पहले मैच में उन्होंने अपना पहला प्रथम श्रेणी दोहरा शतक लगाया और बाद में विदर्भ के खिलाफ रणजी फाइनल में दूसरी पारी में शतक जड़कर मुंबई को रिकॉर्ड 42वां रणजी खिताब दिलाने में मदद की. मुशीर ने नौ प्रथम श्रेणी मैचों में 50 से अधिक की औसत से 716 रन बनाए हैं, जिसमें उनके नाम तीन शतक और एक अर्धशतक शामिल है. इस बीच, एमसीए ने अभी तक बल्लेबाज के लिए किसी प्रतिस्थापन की घोषणा नहीं की है. एमसीए को उम्मीद है कि सरफराज खान, जो अभी भी भारतीय टीम के साथ कानपुर में हैं.

## नयी दिल्ली में अंतरराष्ट्रीय हॉकी मैचों की वापसी, दिग्गजों ने किया स्वागत

**नयी दिल्ली ।** भारतीय हॉकी के पूर्व दिग्गज- हरबिंदर सिंह और जफर इकबाल नयी दिल्ली के मेजर ध्यानचंद नेशनल स्टेडियम में भारतीय पुरुष हॉकी टीम को जर्मनी के खिलाफ खेलते हुए देखने के लिए उत्साहित हैं. भारत 23 और 24 अक्टूबर को ओलंपिक रजत पदक विजेताओं से भिड़ेगा. इस आयोजन के साथ एक दशक के बाद नई दिल्ली में अंतरराष्ट्रीय हॉकी की वापसी हो रही है और इस आयोजन में पूर्व हॉकी सितारों सहित कई गणमान्य लोगों के शामिल होने की उम्मीद है. पिछली बार भारत ने मेजर ध्यानचंद नेशनल स्टेडियम में जनवरी 2014 में हीरो हॉकी वर्ल्ड लीग फाइनल - पुरुष राउंड 4 खेला था.

# फीफा ने अर्जेंटीना के मार्टिनेज को दो मैचों के लिए निलंबित किया

एजेंसी। ब्यूनस आयर्स

अर्जेंटीना के गोलकीपर एमिलियानो डिबू मार्टिनेज को निष्पक्ष खेल के सिद्धांतों का उल्लंघन करने पर फीफा की अनुशासन समिति ने दो मैचों के लिए निलंबित कर दिया है. मार्टिनेज अगले महीने वेनेजुएला और बोलीविया के खिलाफ अर्जेंटीना के विश्व कप क्वालीफायर में नहीं खेल पाएंगे. मार्टिनेज ने इस महीने की शुरुआत में चिली और कोलंबिया के खिलाफ कोपा अमेरिका मैचों के दौरान फीफा की आचार संहिता का उल्लंघन किया था. चिली के खिलाफ जीत के बाद, गोलकीपर को कोपा अमेरिका ट्रॉफी की प्रतिकृति को अपने ग्रोइन क्षेत्र में पकड़े हुए देखा गया, जो



2022 फीफा विश्व कप जीत के बाद उनके द्वारा किए गए जश्न की याद दिलाता है. एस्टन विला स्टार को 10 सितंबर को कोलंबिया से अर्जेंटीना की 2-1 की हार के बाद अपने कार्यों के लिए भी परिणाम भुगतने पड़े, जब उन्होंने अंतिम सीटी के बाद एक कैमरा ऑपरेटर के उपकरण को धक्का दिया था.

## ब्रीफ खबरें

### शादी के आठ महीने बाद विवाहिता ने दी जान

**मुंगेर ।** शादी के बाद पत्नी को छोड़कर दोस्तों को युवक को ज्यादा समय दे रहा था. यह बात नई नवेली पत्नी को पसंद नहीं आ रही थी. ऐसे में नाराज पत्नी ने पति को सबक सिखाने के लिए खुद फांसी को फंदे पर लटका लिया. घर लौटने पर जब पति ने पत्नी को फंदे से लटकते हुए देखा तो हैरान रह गया. जिसके बाद पुलिस को सूचित किया गया. मामला मुंगेर जिला अंतर्गत हरपुर थाना क्षेत्र के गनैली गांव का है . जहां शनिवार सुबह सिंटू कुमार की 22 वर्षीय पत्नी कोमल देवी ने घर के पंखे से लटक खुदकुशी कर ली.

### घर की दीवार गिरने से एक बच्ची की मौके

**बेतिया।** बेतिया जिले के मैनाटांड़ प्रखंड के लंगड़ी बस्ठा गांव में लगातार हो रही बारिश के कारण एक दर्दनाक हादसा हो गया. यहां बगल के निर्माणाधीन मकान की दीवार गिरने से झोपड़ीनुमा घर में सो रही 12 वर्षीय बच्ची की मौके पर ही मौत हो गई. घटना शनिवार की है, जब ललन पंडित के घर पर बगल के मकान की दीवार गिर गई. इस हादसे में ललन पंडित की बेटी तेतरी कुमारी की जान चली गई, जबकि परिवार के अन्य सदस्य किसी तरह जान बचाने में कामयाब रहे. जानकारी के अनुसार, ललन पंडित का परिवार अपने झोपड़ीनुमा घर में सो रहा था. बगल के मकान की दीवार ढह गई और ललन पंडित के घर पर आ गिरी.

### बदमाशों ने दुकानदार को चाकू घोंपा, घायल

**गया ।** गया में एक ट्रे में अंडा फूटा निकला तो बदमाशों ने दुकानदार को चाकू से हमला कर दिया. इसमें दुकानदार गंभीर रूप से घायल हो गया. वहीं अंडा दुकानदार के भाई ने बीच-बचाव किया तो बदमाशों ने उस पर भी चाकू से हमला कर घायल कर दिया. चाकूबाजी की घटना के बाद बदमाश फरार हो गया. फिलहाल गया पुलिस दो घायल युवक की इलाज के लिए पास के सरकारी अस्पताल में ले गए. जहां से चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिए दोनों घायल भाईयों को शहर के जय प्रकाश नारायण अस्पताल भेज दिया. यह पूरा मामला बेलागंज थाना क्षेत्र के बेल्हाड़ी गांव की है.

### पटना में जेपी नड्डा ने पैरालंपिक विजेताओं को किया सम्मानित, कहा-

# पीएम का कमाल है कि खेल को इतनी तवज्जो मिली

**संवाददाता।पटना**

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा कार्यक्रम शनिवार को बीजेपी कार्यालय में खत्म हो गया है. जेपी नड्डा पटना में बीजेपी की एक अहम बैठक में हिस्सा लिया. इस दौरान उन्होंने सदस्यता अभियान की समीक्षा भी की. कार्यक्रम में पैरालंपिक विजेताओं को सम्मानित भी किया गया. इस मौके पर बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि मेरा सौभाग्य है कि मुझे इन खिलाड़ियों से मिलने का मौका मिला. उन्होंने कहा कि मैं सभी को धन्यवाद देता हूं और बधाई देता हूं. प्रधानमंत्री मोदी ने खेल को कितना तवज्जो दिया है. खेल को कोई प्राथमिकता नहीं देता था. पहले यह रूटीन कार्यक्रम था. प्रधानमंत्री ने खेल को विशेष महत्व दिया है. राष्ट्रीय अध्यक्ष ने सुश्री अनीता प्रकाश फुटबॉल में मेडल जीतने पर सम्मानित किया. हैंडबॉल खिलाड़ी सिंटू कुमार, गजेंद्र कुमार, मोहम्मद शमीम और मानसी एथलीट को भी सम्मानित किया गया.



▪ पैरालंपिक विजेता को सम्मानित करते जेपी नड्डा

#### पार्टी के सभी बड़े नेताओं से की मुलाकात

बता दें कि सितंबर महीने में जेपी नड्डा का बिहार में यह दूसरा बिहार दौरा है. इससे पहले वे 7 सितंबर को यहां आए थे. इस बार नड्डा ने पटना में पार्टी के सभी बड़े नेताओं से मुलाकात की. सुबह में पटना बीजेपी कार्यालय में समीक्षा बैठक हुई. बैठक में राज्य और केंद्र सरकार के मंत्री, सांसद, विधायक, विधान पार्षद, पदाधिकारी और नेता शामिल रहे. इस दौरान नड्डा ने सदस्यता अभियान की भी समीक्षा की. इसके बाद वे पटना से ही हैदराबाद के लिए रवाना हो गए.

जेपी नड्डा ने कहा कि ओलंपिक में विशेष भागीदारी बने, इसको लेकर विशेष योजना बनाई गई. प्रधानमंत्री ने पैरालंपिक को भी मुख्य धारा में लाने का काम किया. ओलंपिक हो या पैरालंपिक हो प्रधानमंत्री का ही कमाल है कि आज हम लोग बहुत आगे हैं. पीएम ने खेल का बजट बढ़ा दिया है. भारत में 1000 खेलो इंडिया केंद्र बने हैं. उन्होंने विश्वास दिलाया कि पीएम मोदी के नेतृत्व में आप आगे बढ़े सरकार आपके साथ है. जिनको मेडल मिला है उनको बधाई और जो रह गए है वह अगले साल लेकर के आएंगे. पूरी हिम्मत के साथ आगे बढ़ो. आपको सारी सुविधा मिलेगी. ट्रेनिंग मिलेगी.

# भारत के हिंदुओं पर किसी कीमत पर अत्याचार नहीं होने देंगे : धीरेंद्र शास्त्री

**संवाददाता।पटना**

बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने कहा है कि कब तक हम दूसरों के भरोसे रहेंगे और दूसरों की दृष्टि से देखेंगे. भारत के हिंदुओं पर किसी भी कीमत पर अत्याचार नहीं होने देंगे. पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री तीन दिवसीय बिहार दौरे पर हैं. पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने कहा कि 21 नवंबर से 29 नवंबर तक संपूर्ण भारत को एकजुट करने, ऊंच-नीच, छुआछूत मिटाने के लिए, सनातनी को एकजुट करने के लिए प्रण लिया है. घर-घर बागेश्वर बाबा बनाएंगे. 160 किलोमीटर पदयात्रा करेंगे. वह शुक्रवार रात गया पहुंचे. पितृपक्ष मेला के दौरान वह अगले तीन दिनों तक प्रवास करेंगे. धीरेंद्र शास्त्री ने कहा कि भारत में सबसे ज्यादा जहर है जात-पात, ऊंच-नीच और छुआछूत का है. भारत में शांति और क्रांति की आवश्यकता है. हम पद यात्रा करके सनातनी लोगों को एकजुट करके धर्म विरोधियों के मुंह पर तमाचा मारेंगे. उन्होंने कहा कि हमें कोई नेता न बाबा बनना है. हमें भारत के हिंदू बहन बेटियों पर कोई अत्याचार ना करे ऐसा काम करना है. उन्होंने कहा कि जो हिंदुओं का हाल बांग्लादेश में हुआ वह भारत में नहीं हो. धीरेंद्र शास्त्री तीन दिनों के गया प्रवास के दौरान विशेष भक्तों को पिंडदान कराएंगे तथा भागवत कथा करेंगे. गया जिला प्रशासन ने सुरक्षा को लेकर कड़े इंतजाम किए हैं.



### सुपौल में कोसी बैराज के खोले गए सभी 56 फाटक

# नेपाल ने कोसी व गंडक बराज से 10.5 लाख क्यूसेक पानी छोड़ा

**संवाददाता ।सुपौल**

नेपाल प्रभाग में लगातार हो रही मूसलाधार बारिश के बाद कोसी नदी एक बार फिर उफान पर है. बीते 24 घंटों में ही कोसी नदी के जलस्तर में करीब 4 लाख क्यूसेक का उछाल आया है. नेपाल के बराह क्षेत्र में दोपहर 01 बजे 4 लाख 45 हजार 550 क्यूसेक पानी और कोसी बराज से पांच लाख 21 हजार 455 क्यूसेक पानी डिस्चार्ज हुआ है. कोसी के उफान से सुपौल सहित, सहरसा, मधेपुरा, मधुबनी, दरभंगा, खगड़िया, कटिहार और भागलपुर जिलों में भारी तबाही मचने की आशंका थी. कुछ घंटे बाद शाम चार बजे अपडेट आया कि नेपाल ने कोसी बराज वीरपुर से 549500 और गंडक बराज वाल्मीकिनगर से 501650 क्यूसेक पानी छोड़ दिया है. फिर शाम छह बजे कोसी बराज का डिस्चार्ज बढ़कर 5,67,760 हो गया. इसके साथ ही बिहार में बाढ़ की तबाही शुरू हो गई है. जल संसाधन विभाग के प्रधान सचिव ने संबंधित जिलाधिकारियों को हाई अलर्ट जारी किया है.



#### परिचालन पूरी तरह रोक दिया गया है

इधर, जलस्तर में लगातार हो रही वृद्धि को देखते हुए नेपाल प्रभाग स्थित कोसी बराज से वाहनों का परिचालन पूरी तरह रोक दिया गया है. सुपौल में जिलाधिकारी कौशल कुमार खुद ही तटबंध के इलाकों की निगरानी में निकले हुए हैं. उन्होंने बताया कि बीते 24 घंटों में नेपाल प्रभाग स्थित कोसी नदी के जल ग्रहण क्षेत्र में 200 एमएम से भी अधिक बारिश रिकॉर्ड की गई है. इसके कारण कोसी नदी अचानक उफनाई है. प्रशासन की ओर से माइकिंग कराई जा रही है और लोगों को सुरक्षित स्थानों पर शरण लेने के लिए अपील की जा रही है. प्रशासन की माइकिंग में स्पष्ट किया गया है दोपहर 12 बजे की संभावित कोसी बराज का डिस्चार्ज बीते 56 वर्षों में सर्वाधिक है. डीएम ने बताया कि संभावित बाढ़ और कटाव के मद्देनजर प्रशासन पूरी तरह अलर्ट है. कोसी के अभियंताओं को भी तटबंध की सतत निगरानी के निर्देश दिए गए हैं. यही कारण है कि बाढ़ का पानी फैलने के साथ ही लोग तटबंध के इलाकों से पलायन करने लगे हैं.

### तेजस्वी यादव का नीतीश सरकार पर हमला

# स्मार्ट मीटर नहीं स्मार्ट चीटर लगा दिया

**संवाददाता।पटना**

बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने एक्स पर एक पोस्ट शेयर किया. लिखा, बिहार में स्मार्ट मीटर नहीं स्मार्ट चीटर लगा दिया गया है. स्मार्ट मीटर में गड़बड़ी एवं बिजली के बढ़ते बिलों के खिलाफ 1 अक्टूबर से राष्ट्रीय जनता दल आंदोलन करेगा. तेजस्वी के इस पोस्ट पर भाजपा प्रवक्ता अजय आलोक ने जवाब दिया है. आईएएनएस से शनिवार को बातचीत के दौरान भाजपा प्रवक्ता ने कहा, वो खुद सबसे बड़े चीटर हैं, तेजस्वी यादव एक चीटर परिवार से आते हैं. इनके परिवार ने पूरे देश को धोखा देने का काम किया है. अजय आलोक ने कहा कि दूसरे को चीटर कहने से अच्छा है कि दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट में आकर अपना हिसाब दें. उन्हें कोर्ट से समन मिल गया है. वो समन की चिंता करें. इसके बाद आंदोलन का प्लान बनाएं. बता दें कि तेजस्वी लगातार बिहार सरकार की कार्यशैली पर सवाल उठा रहे हैं. हाल ही में उन्होंने बिहार में हो रहे अपराध को लेकर एक लंबा चौड़ा पोस्ट लिखा था. तेजस्वी ने इस पोस्ट में अपराध की 100 से अधिक घटनाओं का जिक्र किया था.



#### विपक्ष सिर्फ झूठ फैलाने का काम कर रहा है

हालांकि, तेजस्वी यादव के आरोपों का जेडीयू प्रवक्ता ने समय-समय पर खंडन भी किया है. जेडीयू का कहना है कि तेजस्वी यादव जिन आपराधिक घटनाओं का ब्योरा ट्वीट कर देते हैं. वह जानकारी साझा करें कि वह किस सोर्स के माध्यम से लिखते हैं. जेडीयू का दावा है कि जिन घटनाओं को तेजस्वी यादव एक्स पर पोस्ट करते हैं. इनमें कई घटनाएं हुई ही नहीं है.

### पुत्र ने की पिता की हत्या हत्यारा गिरफ्तार

**नवादा ।** जिले में पकरीबरावां थाना क्षेत्र के ओदपुरा गांव में वहशी पुत्र ने शनिवार को अपने ही पिता को चाकू मार कर हत्या कर दिया. जिसके बाद पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है. मृतक की पहचान ओदपुरा गांव निवासी इंदल मांझी के रूप में किया गया है. पुलिस के मुताबिक पिता और बड़े पुत्र में किसी बात को लेकर हमेशा विवाद हुआ करता था. आज भी पुत्र शराब के नशे में आकर अपने पिता से झगड़ा किया. तभी पुत्र ने अपने पिता को चाकू मारकर हत्या कर दिया.

### दिनदहाड़े फायरिंग से बेगूसराय में दहशत

# पूर्व विधायक ललन कुंवर और उनके बेटे पर गोलीबारी

**बेगूसराय ।** बेगूसराय में बीजेपी के पूर्व विधायक ललन कुंवर सहित उनके पुत्र सह वर्तमान में पिढोली पंचायत के मुखिया कुंवर अनुराग प्रताप पर बदमाशों ने शनिवार की सुबह ताबड़तोड़ फायरिंग कर जान लेने की कोशिश की. हालांकि इस जानलेवा हमला में किसी तरह का कोई नुकसान नहीं हुआ है. पूरा मामला तेघड़ा थाना क्षेत्र के पिढोली गांव का है. पिढोली पंचायत के मुखिया अनुराग प्रताप ने बताया कि कुछ शराब माफिया जेल से छूटकर गांव आए हैं. शनिवार सुबह मोबाइल पर धमकी दी और गाली-गलौज करना लगा. उन लोगों को गाली देने से मना किया तो वे बोले कि तुम्हारे कारण मुझे जेल जाना पड़ा.

## कारोबार

### एयरटेल ने स्पैम से बचाव में लाई क्रांति

**नयी दिल्ली।** भारती एयरटेल ने स्पैम की बढ़ती समस्या को दूर करने के लिए एक बड़ा कदम उठाते हुए भारत का पहला एआई-ड्रिवेन, नेटवर्क-बेस्ड स्पैम डिटेक्शन सॉल्यूशन पेश किया है. इसे एयरटेल के सभी यूजर्स के लिए ऑटोमैटेकली एक्टिवेट कर दिया जाएगा. यह सॉल्यूशन बिना किसी ऐप को डाउनलोड किए या सर्विस रिक्वेस्ट के रियल टाइम में स्पैम कॉल और एसएमएस के बारे में ग्राहकों को अलर्ट कर टेलीकॉम इनोवेशन का एक नया मानक स्थापित करता है. स्पैम कॉल और मैसेज भारत में एक समस्या रही है.

### आईडीएफसी का मर्जर हुआ पूरा

**नयी दिल्ली।** आईडीएफसी फर्स्ट बैंक और आईडीएफसी लिमिटेड का मर्जर पूरा हो गया है. सभी जरूरी मंजूरियों के बाद यह एक अक्टूबर से लागू हो जाएगा. इस मर्जर के चलते शेयर होल्डर्स को लाभ होने वाला है. आईडीएफसी के हर शेयर होल्डर को 100 शेयर के बदले आईडीएफसी बैंक के 155 शेयर दिए जाएंगे. इस मर्जर से आईडीएफसी का कॉरपोरेट स्ट्रक्चर आसान हो जाएगा. प्रमोटर्स की होल्डिंग खत्म हो जाएगी और प्रोफेशनल मैनेजमेंट में इजाफा होगा.

### दिसंबर से सस्ते हो सकते हैं कर्ज

**नयी दिल्ली।** दुनिया भर में केंद्रीय बैंकों की मौद्रिक नीति नरम करने के बीच भारत में भी ब्याज दरें दिसंबर से कम हो सकती हैं. ऐसे में जनवरी तिमाही से सस्ते ब्याज दर पर कर्ज मिलना शुरू हो सकता है. यूबीएस की रिपोर्ट के अनुसार, महंगाई की दरें लगातार घट रही हैं. चालू वित्त वर्ष में यह भारतीय रिजर्व बैंक के 4.5 फीसदी के अनुमान से 0.30 फीसदी कम रह सकती है. अगस्त में यह 3.65 फीसदी रहा है. ऐसे में आरबीआई दरों में 0.75 फीसदी तक कटौती कर सकता है. खाद्य महंगाई के जोखिम को देखते हुए आरबीआई ने पिछले 9 बार यानी फरवरी, 2023 से रेपो दर को स्थिर रखा है.

### गैर बासमती सफेद चावल के निर्यात से प्रतिबंध हटा

# दूसरी किस्मों की एक्सपोर्ट ड्यूटी घटाई गई

**एजेंसी। नई दिल्ली**

केंद्र सरकार ने बड़ा फैसला लेते हुए गैर बासमती सफेद चावल के निर्यात पर लगे प्रतिबंध को तत्काल प्रभाव से हटा दिया है. इसके साथ ही उसना चावल (बॉयल्ड राइस) पर एक्सपोर्ट ड्यूटी में बदलाव कर इसे आधा कर दिया गया है. पहले बॉयल्ड राइस पर 20 प्रतिशत एक्सपोर्ट ड्यूटी लगती थी, जिसे घटा कर 10 प्रतिशत कर दिया गया है. इस संबंध में सरकार की ओर से जारी नोटिफिकेशन के मुताबिक ब्राउन राइस पर भी एक्सपोर्ट ड्यूटी घटकर 10 प्रतिशत कर दिया गया है. इसी तरह व्हाइट राइस पर लगने वाली एक्सपोर्ट ड्यूटी शून्य कर दी गई है. ड्यूटी में हुई ये कटौती तत्काल प्रभाव से लागू हो गई है.

बताया जा रहा है कि फिलहाल देश में अनाज का भंडार पर्याप्त मात्रा में मौजूद है. इसके साथ ही किसानों ने नई फसल की कटाई भी शुरू कर दी है. आने वाले हफ्तों में ये कटाई और तेज होगी. जिससे देश में अनाज के भंडारण में कमी होने या अनाज की उपलब्धता घटने की आशंका खत्म हो जाएगी.



एक रिपोर्ट के मुताबिक इस साल देश में भरपूर मानसूनी बारिश होने की वजह से किसानों ने 41.35 मिलियन हेक्टर खेत में चावल की फसल लगाई है, जबकि पिछले साल देश में 40.45 मिलियन हेक्टर खेत में चावल की खेती हुई थी. इस वजह से भी नए सीजन में चावल के उत्पादन में बढ़ोतरी होने की उम्मीद है. ऐसे में एक्सपोर्ट ड्यूटी में कमी लाने या एक्सपोर्ट पर प्रतिबंध जारी रखने का अब कोई औचित्य नहीं रह गया है. इसके पहले पिछले साल केंद्र सरकार ने बॉयल्ड राइस के निर्यात पर 20 प्रतिशत की ड्यूटी लगाई थी, क्योंकि उसके पहले के सीजन में सामान्य से कम बारिश होने की वजह से चावल की फसल प्रभावित हुई थी.

उल्लेखनीय है कि केंद्र सरकार ने पिछले साल जुलाई में चावल की घरेलू आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए और चावल की कीमत को नियंत्रण में रखने के लिए गैर बासमती सफेद चावल के निर्यात पर प्रतिबंध लगा दिया था. लेकिन अब एक्सपोर्ट ड्यूटी में कमी होने से भारत से निर्यात किए जाने वाले चावल के निर्यात मूल्य में कमी आएगी. साथ ही शिपमेंट में भी तेजी आएगी. गैर बासमती सफेद चावल के एक्सपोर्ट पर लगे प्रतिबंध और चावल की अन्य किस्मों पर लगने वाली एक्सपोर्ट ड्यूटी में की गई कमी का राइस एक्सपोर्टर्स ने स्वागत किया है. मून राइस एक्सपोर्ट्स के सीईओ नरेश गुप्ता का कहना है कि निर्यात पर लगे प्रतिबंध को हटाने का फैसला कृषि क्षेत्र को मजबूती देगा और इससे किसानों की आय में भी बढ़ोतरी होगी.

हालांकि कुछ जानकारों का कहना है की गैर बासमती सफेद चावल के निर्यात से प्रतिबंध हटाने का सीधा असर परमल धान की कीमत पर होगा. चावल के निर्यात पर लगे प्रतिबंध के समाप्त होने के बाद बाजार में तेजी आने की संभावना है. बाजार में धान की मांग तुलनात्मक तौर पर और अधिक बढ़ेगी, जिससे सरकारी खरीद शुरू होने के पहले भी किसानों को अपनी उपज के एवज में ज्यादा कीमत मिल सकेगी.

### घरों की बिक्री में भारी गिरावट

# आसमान छूते दाम ने लगा दी रियल एस्टेट पर लगाम

**एजेंसी। नयी दिल्ली**

पिछले कुछ सालों में लगातार घर खरीदने वालों की संख्या में तेजी आई है. लोगों में बड़े और लग्जरी घर खरीदने का शौक भी बढ़ा है. मगर, जुलाई-सितंबर के दौरान इसके ठीक उलट घरों की बिक्री में बड़ी गिरावट दर्ज की गई है. इस दौरान देश के 7 7 बड़े शहरों में 1.07 लाख घरों की बिक्री हुई है. पिछले साल समान अवधि में यह आंकड़ा करीब 1.2 लाख रहा था. घरों की बिक्री में करीब 11 फीसदी की गिरावट देखी गई है. इसके लिए मकानों की बढ़ती कीमत और मानसून को जिम्मेदार बताया जा रहा है. एनरॉक की रिपोर्ट के अनुसार, इन टॉप 7 शहरों में में यह गिरावट चौंकाने वाली है. गणेशोत्सव के दौरान मुंबई इलाके में हर साल घरों की बिक्री तेज होती है. मगर, इस बार ऐसा नहीं हुआ. रिपोर्ट में दावा किया गया है कि फिलहाल खरीदार घरों की तेजी से बढ़ती कीमत के चलते चौकन्ना हो गए हैं. वह अपने निर्णय को कुछ समय टालकर इंतजार करने के पक्ष में हैं. हालांकि, अक्टूबर में फेस्टिव सीजन से डेवलपर्स को बड़ी उम्मीदें हैं. उनका मानना है कि नवरात्रि, दशहरा और दीवाली के दौरान घरों की बिक्री में फिर से उछाल आ सकता है. इसके बाद क्रिसमस तक घरों की बिक्री बढ़ने की उम्मीद है.



#### दो साल में करीब 37 फीसदी बढ़े घरों के रेट

रिपोर्ट के अनुसार, मुंबई मेट्रोपॉलिटिन एरिया, एनसीआर, कोलकाता, चेन्नई, बेंगलुरु, पुणे और हैदराबाद में जुलाई से सितंबर के दौरान करीब 1.07 लाख घर ही बिके हैं. साल 2023 के इन तीन महीनों में यह आंकड़ा 1.2 लाख था. एनरॉक के चेयरमैन अनुज पुरी के अनुसार, पिछले दो साल में घरों की कीमत तेजी से बढ़ी है. इसके चलते ये घर लोगों के बजट से बहुत दूर होते जा रहे हैं. लोग इतनी कीमत चुकाने के बजाय इंतजार करने के मूड में आ गए हैं.

### 1 अक्टूबर से लागू होगी नई व्यवस्था

### बीएसई और एनएसई ने ट्रांजेक्शन फीस स्ट्रक्चर में किया बदलाव

**नई दिल्ली।** मार्केट रेगुलेटर सिक्योरिटीज एंड एक्सचेंज बोर्ड ऑफ इंडिया (सेबी) के निर्देश के अनुसार बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) ने कैश तथा फ्यूचर्स एंड ऑप्शंस (एफएंडओ) ट्रेडिंग के लिए ट्रांजेक्शन फीस में बदलाव करने का ऐलान किया है. ट्रांजेक्शन फीस की नई दरें 1 अक्टूबर से लागू हो जाएंगी. सेबी ने एक सर्कुलर जारी करके शेयर बाजार समेत मार्केट इंफ्रास्ट्रक्चर इंस्टीट्यूशंस (एमआईआई) के सभी सदस्यों के लिए एक समान फीस स्ट्रक्चर को अनिवार्य कर दिया है. दरअसल, जुलाई के महीने में ही सेबी ने एक सर्कुलर जारी करके मार्केट इंफ्रास्ट्रक्चर इंस्टीट्यूशंस की ओर से लगाए जाने वाले ट्रांजेक्शन चार्ज के संबंध में निर्देश जारी किया था कि एमआईआई के पास सभी सदस्यों के लिए एक समान फीस स्ट्रक्चर होना चाहिए. ये फीस स्ट्रक्चर मौजूद वॉल्यूम बेस्ड स्लैब सिस्टम को रिप्लेस करेगा. सेबी के सर्कुलर में ये भी साफ किया गया था कि ट्रेडिंग मेंबर्स की ओर से अपने क्लाइंट्स से वसूले जाने वाले चार्जेज और मार्केट इंफ्रास्ट्रक्चर इंस्टीट्यूशंस को ट्रेडिंग मेंबर्स द्वारा दिए जाने वाले चार्जेज में परस्पर समानता होनी चाहिए,

### रोड मैप तैयार | कपड़ा क्षेत्र में 2030 तक छह करोड़ नौकरियां देने की तैयारी

# जनवरी से 7 फीसदी तक महंगी होगी कूरियर सेवा

**एजेंसी। नयी दिल्ली**

सरकार ने कपड़ा क्षेत्र में 2030 तक 4.5 से 6 करोड़ नौकरियां पैदा करने के लिए रोड मैप तैयार किया है. केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा, इस क्षेत्र का आकार 165 अरब डॉलर है. इसे 350 अरब डॉलर तक ले जाने का प्रयास है. हमने जो 100 दिवसीय रोड मैप तैयार किया है उससे लाखों करोड़ रुपये का निवेश आ सकता है. केंद्रीय मंत्री ने एक कार्यक्रम में कहा, पहले स्वीकृत सात पीएम-मित्र एकीकृत मेगा टेक्सटाइल पार्क के पूरी तरह शुरू होने पर 70,000 करोड़ का निवेश आएगा. इससे 21 लाख नौकरियां पैदा होंगी. 350 अरब डॉलर के आकार तक पहुंचने के लिए हमें मानव निर्मित कपड़े की जरूरत है. सरकार ने 2030 तक कपड़ा उत्पादों के लिए 100 अरब डॉलर का निर्यात हासिल करने का लक्ष्य रखा है. नए साल से कूरियर सेवा सात फीसदी महंगी हो सकती है. लॉजिस्टिक सेवा प्रदाता डीएचएल एक्सप्रेस ने कहा, जनवरी से भारत में कूरियर का किराया औसत 6.9 फीसदी महंगा हो जाएगा. वैश्विक स्तर पर महंगाई को देखते हुए यह फैसला लिया गया है.



**माजदा 77,000 वाहनों को मंगाएगी वापस :** माजदा अमेरिकी बाजार में खराबी के चलते 77,670 वाहनों को वापस मंगाएगी. कंपनी ने बताया कि वाहनों के सॉफ्टवेयर में खराबी आई है जिससे सामने वाला एयरबैग पर असर पड़ सकता है. जिन वाहनों को वापस मंगाया है उनमें एमएक्स 5 सहित अन्य हैं. यह 2016 से 2023 के बीच बने हैं.

**एंजल वन ने 21 लाख भरकर मामले का किया निपटान :** शेयर बाजार की ब्रोकिंग कंपनी एंजल वन ने फ्रंट रनिंग मामले में 21.64 लाख रुपये भरकर सेबी के साथ मामले का निपटान कर लिया है. एंजल वन ने 15 मई को सेबी के पास अपील दायर किया था. सेबी ने बताया, जनवरी, 2021 से अक्टूबर, 2022 के बीच एंजल वन की जांच हुई थी. कंपनी एनएसई के इक्विटी (कैश) में भारत कनैयालाल शेठ फैमिली ट्रस्ट सहित बड़े ग्राहकों को ऑर्डर दे कर उसका भुगतान कर रही थी. इसके बाद सेबी ने कारण बताओ नोटिस जारी किया था.

#### विशेष स्टील के लिए आएगी एक और पीएलआई

पहले चरण में अच्छी प्रतिक्रिया नहीं मिलने के कारण सरकार विशेष स्टील के लिए फिर से उत्पादन से जुड़े प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना लेकर आएगी. इस पर काम चल रहा है. स्टील सचिव संदीप पौंड्रिक ने कहा, विशेष स्टील अब भी एक ऐसा क्षेत्र है जहां और अधिक काम करने की जरूरत है. सरकार इसको प्रोत्साहित करने के लिए पीएलआई ले आई, लेकिन उम्मीद के मुताबिक रिस्पांस नहीं मिला.

### पहली बार पीएसी जांच के दायरे में सेबी

# सेबी के अकाउंट्स की जांच करेगी संसद की लोक लेखा समिति

**एजेंसी। नई दिल्ली**

संसद की लोक लेखा समिति (पीएसी) मार्केट रेगुलेटर सिक्योरिटीज एंड एक्सचेंज बोर्ड ऑफ इंडिया (सेबी) के अकाउंट्स की जांच करेगी. इस जांच के दौरान पीएसी वित्त वर्ष 2022-23 और 2023-24 के सेबी के अकाउंट्स की समीक्षा करेगी. माना जा रहा है कि पीएसी जांच के दौरान सेबी की चेयरपर्सन माधवी पुरी बुच को भी बुला सकती है. पीएसी पहली बार सेबी के अकाउंट्स की जांच करने वाली है. अहम बात ये है पीएसी द्वारा ये जांच ऐसे वक्त पर होने वाली है, जब अमेरिकी शॉर्ट सेलर फर्म हिंडनबर्ग रिसर्च ने सेबी की चेयरपर्सन माधवी पुरी बुच पर गंभीर आरोप लगाए हैं. इसके साथ ही कांग्रेस ने भी सेबी चेयरपर्सन पर अलग-अलग आरोप लगाए हैं. सेबी के एकाउंट्स की जांच करने वाली पीएसी के अध्यक्ष कांग्रेस के वरिष्ठ नेता केसी वेणुगोपाल हैं. पीएसी का काम सरकार के रेवेन्यू और एक्सपेंडिचर की जांच करना तथा पब्लिक फाइनेंस में अकाउंटिबिलिटी को सुनिश्चित करना है. पीएसी ने इसके पहले कभी मार्केट रेगुलेटर सेबी के अकाउंट्स की जांच नहीं की है, लेकिन अभी पीएसी की ओर से सेबी से सभी संबंधित डेटा मांगे गए हैं.



## न्यूज अपडेट

### पीएम ने लता मंगेशकर को याद किया

**नयी दिल्ली ।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को महान गायिका लता मंगेशकर को उनकी जयंती पर याद किया. प्रधानमंत्री ने एक्स पर पोस्ट किया, लता दीदी को उनकी जयंती पर याद कर रहा हूं. अपने भावपूर्ण गीतों के कारण वे हमेशा लोगों के दिलोदिमाग में जीवित रहेंगी. लता दीदी और मेरे बीच एक विशेष रिश्ता था. मुझे उनका स्नेह और आशीर्वाद प्राप्त करने का सौभाग्य मिला है. प्रधानमंत्री ने दिवंगत गायिका के साथ अपने संबंधों को याद करते हुए एक लेख भी साझा किया.

### कांग्रेस नेता व पत्रकार के घर छापेमारी

**कांकेर ।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित कांकेर जिले के चार अलग-अलग स्थानों मुजालगोंडी, कलमुचे, आमाबेड़ा और जिवलामारी गांवों में शनिवार को एनआईए छापेमारी की है. एनआईए ने इस पूरी कार्रवाई में स्थानीय पुलिस का भी सहयोग लिया है, जिसमें कांग्रेस नेता सुरेश सलाम और स्थानीय पत्रकार वीरेंद्र पटेल के घर पर छापेमारी की. बड़ी संख्या में अधिकारी पूछताछ कर रहे हैं और जानकारी ले रहे हैं. इस कार्रवाई के तहत नक्सलियों के साथ संभावित संबंधों की जांच की जा रही है.

### आतंकी हमले को लेकर हाई अलर्ट जारी

**मुंबई ।** केंद्रीय खुफिया एजेंसी की ओर से मुंबई पर आतंकी हमले की चेतावनी के बाद पुलिस ने हाई अलर्ट जारी कर दिया गया है. मुंबई पुलिस ने भीड़भाड़ वाली जगहों और धार्मिक स्थलों के साथ संवेदनशील स्थलों पर सुरक्षा बढ़ा दी है. पुलिस के अनुसार केंद्रीय खुफिया एजेंसी ने मुंबई पुलिस को जानकारी दी है कि देश की आर्थिक राजधानी एक बार फिर आतंकियों के निशाने पर है. इसी पृष्ठभूमि में मुंबई पुलिस को अलर्ट कर दिया गया है और शहर में गश्त बढ़ा दी गई है.

### टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स प्लांट में लगी आग

**चेन्नई ।** तमिलनाडु के होसुर स्थित टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स प्लांट में शनिवार सुबह भीषण आग लग गई. इस फैक्ट्री में मोबाइल के स्पेयर पार्ट्स बनाने का काम किया जाता है. फैक्ट्री होसुर के पास थिमजेपल्ली पंचायत के अंतर्गत कुथानपल्ली गांव में है. इसमें 20 हजार से ज्यादा कर्मचारी काम करते हैं. आग बुझाने का काम जारी है. इस अग्निकांड के बाद फैक्ट्री के कर्मचारियों के साथ ही आसपास के लोग भी दहशत में आ गए. आग लगने की सूचना मिलने के बाद फायर ब्रिगेड की सात गाड़ियां मौके पर पहुंची.

### डेटा चोरी के आरोप में एक गिरफ्तार

**नोएडा ।** नोएडा पुलिस ने एक ऐसे आरोपी को गिरफ्तार किया है, जो एक कंपनी में सीनियर सेल्स हेड के पद पर काम करते हुए कंपनी का गोपनीय डेटा चुराकर बाहरी लोगों को बेच रहा था. जिसके चलते कंपनी को कई करोड़ का नुकसान हुआ है. कंपनी ने मामले की शिकायत थाने में दर्ज कराई थी. पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया है. आरोपी मुशीर अहमद सिद्दीकी दिल्ली के जामिया नगर, ओखला का रहने वाला है. इसी इलाके से पुलिस ने आरोपी मुशीर को गिरफ्तार किया है.

### बम से उड़ाने की धमकी निकला फर्जी

**बेंगलुरु ।** कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु के प्रतिष्ठित ताज वेस्ट एंड होटल को बम से उड़ाने की धमकी मिली. यह धमकी ईमेल के जरिए दी गई, पुलिस ने जांच में इसे फर्जी करार दिया. जानकारी के अनुसार, शनिवार को अज्ञात अपराधियों ने एक ईमेल के माध्यम से होटल में बम होने की धमकी दी. यह होटल प्रमुख राजनेताओं और क्रिकेटरों की मेहमान नवाजी के लिए जाना जाता है. धमकी मिलने के बाद, स्थानीय पुलिस और बम निरोधक दस्ते ने होटल पहुंचकर जांच शुरू कर दी.

### श्रीलंका के पूर्व मंत्री वेलगामा का निधन

**कोलंबो ।** श्रीलंका के पूर्व मंत्री और कलूटारा के पूर्व सांसद कुमार वेलगामा का निधन हो गया. उन्होंने 74 वर्ष की आयु में राजधानी कोलंबो के एक निजी अस्पताल में अंतिम सांस ली. डेली मिरर अखबार के अनुसार, पूर्व मंत्री कुमार वेलगामा का इस अस्पताल में चल रहा था. साल 2020 से वे न्यू लंका फ्रीडम पार्टी के नेता रहे हैं और समागी जन बालवेगया के साथ चुनाव लड़े हैं. वेलगामा 1984 से 2000 के बीच अगालावटे निर्वाचन क्षेत्र में श्रीलंका फ्रीडम पार्टी के मुख्य आयोजक थे.

### बारिश के चलते नेपाल के एयरपोर्ट बंद

**काठमांडू ।** नेपाल में पिछले 24 घंटे से लगातार हो रही भारी बारिश से देशभर का जनजीवन अस्तव्यस्त हो गया है. बारिश के चलते पूरे देश के एयरपोर्ट को बंद कर दिया गया है. काठमांडू से शुक्रवार रात से ही आंतरिक उड़ानों को रोक दिया गया है, जबकि इंटरनेशनल फ्लाइट्स को भारत के अलग-अलग एयरपोर्ट के लिए डाइवर्ट किया गया है. नेपाल में हो रही लगातार मूसलाधार बारिश के कारण सरकार ने काठमांडू स्थित त्रिभुवन अंतरराष्ट्रीय विमानस्थल से आंतरिक उड़ानों पर रोक लगा दी है.

### नए बांग्लादेश के लिए सहयोग मांगा

**न्यूयॉर्क ।** बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार प्रोफेसर मोहम्मद यूनुस ने वैश्विक समुदाय से नए बांग्लादेश के निर्माण में सहयोग मांगा है. बांग्लादेश के अखबार द डेली मिरर के अनुसार, प्रो. यूनुस ने कल न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र महासभा के 79वें सत्र की आम बहस के संबोधन में बांग्लादेश के मौजूदा सूरत-ए-हाल पर चर्चा की. उन्होंने कहा कि बांग्लादेश के आम लोगों, खासकर युवाओं की शक्ति ने देश को व्यवस्था में सुधार लाने और भेदभाव को समाप्त करने का अवसर प्रदान किया है.



पश्चिम एशिया में टेंशन ऑल टाइम हाई

### आईडीएफ के हवाले से दावा- इजराइल के हमले में मारा गया हिजबुल्लाह का सरगना

# नसरल्लाह की मौत के बाद ईरानी नेताओं में हड़कंप

एजेंसी । लेबनान

इजरायली हमलों से साउथ लेबनान में सन्नाटा पसरा हुआ है. हिज्बुल्लाह के लड़ाके इलाके में गश्त कर रहे हैं, जबकि आम नागरिक घरों में छिपे हुए हैं. इजरायल की सेना ने हिज्बुल्लाह के नेता हसन नसरल्लाह को बेरूत में निशाना बनाकर मार गिराया है, जिससे पूरे क्षेत्र में तनाव और भय का माहौल है. इस हमले के बाद साउथ लेबनान में हालात और भी खतरनाक होते जा रहे हैं, जहां इजरायली सेना किसी द्वारा किसी भी समय ग्राउंड अटैक शुरू करने की बात भी की जा रही है. साउथ लेबनान में सन्नाटे के बीच खौफ का माहौल साफ महसूस किया जा सकता है. सूत्रों ने बताया कि इजरायली हमलों के बाद पूरे इलाके में हिज्बुल्लाह के लड़ाके ही दिखाई दे रहे हैं, जबकि आम नागरिक कहीं नजर नहीं आ रहे. फिलहाल वहां सभी दुकानें बंद हैं, खाने-पीने के सामान की भी भारी किल्लत हो गयी है. हर जगह सन्नाटा पसरा हुआ है.

- इजरायली हमलों के बाद लेबनान में सन्नाटा और खौफ, सड़कों पर दिख रहे सिर्फ हिज्बुल्लाह के लड़ाके

#### लेबनान का पूरा इलाका वीरान

इजरायली हमलों के बाद साउथ लेबनान का पूरा इलाका वीरान सा लग रहा है. राजधानी बेरूत जो लाखों लोगों से गुलजार रहती है, उससे दूर साउथ लेबनान अब असली जंग का मैदान बनता जा रहा है. इजरायल यहीं से अपनी सेना को दाखिल कर ग्राउंड अटैक की तैयारी भी कर रहा है. साउथ लेबनान के बॉर्डर पर इजरायल ने सैकड़ों टैंक और सैनिकों को तैनात कर दिया है, जो किसी बड़े हमले का संकेत दे रहे हैं. इस तनावपूर्ण माहौल में आम नागरिकों दूर-दूर तक नजर नहीं आ रहे और सिर्फ हिज्बुल्लाह के लड़ाके गश्त करते दिख रहे हैं.

### सुरक्षित स्थान पर गए ईरान के सुप्रीम लीडर खामेनेई

#### इजरायल ने ब्रॉडकास्ट फ्रीक्वेंसी पर किया कब्जा

इजरायल ने बेरूत हवाई अड्डे के नियंत्रण टॉवर की प्रसारण फ्रीक्वेंसी पर कब्जा किया और एक ईरानी विमान को लेबनान में उतरने से रोकने का आदेश दिया है. लेबनान के एमटीवी नेटवर्क ने हाल ही में परिवहन और लोक निर्माण मंत्रालय के सूत्रों के हवाले से बताया है (जिसका नेतृत्व हिज्बुल्लाह के मंत्री अली हमिया कर रहे हैं) कि इजरायल ने बेरूत अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे की प्रसारण फ्रीक्वेंसी पर कब्जा कर लिया है और हवाई अड्डे को आदेश दिया है कि एक ईरानी विमान को उतरने से रोका जाए. यदि इस आदेश का पालन नहीं किया गया, तो बल प्रयोग किया जाएगा. इसके बाद, लेबनान के परिवहन मंत्री (जिनका संबंध हिज्बुल्लाह से है) ने ईरानी विमान को बेरूत में न उतरने का आदेश दिया.

#### ईरान ने ओआईसी की आपात बैठक बुलाने की मांग की

ईरान ने इस्लामिक सहयोग संगठन (ओआईसी) की एक आपात बैठक बुलाने की मांग की है. यह कदम पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव और क्षेत्रीय मुद्दों के मद्देनज़र उठाया गया है. एक ईरानी विमान जो लेबनान की राजधानी बेरूत की ओर जा रहा था, उसे बीच रास्ते से वापस लौटना पड़ा. लेबनान के परिवहन मंत्री ने देश में सभी ईरानी विमानों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगा दिया है. इस फैसले से ईरान और लेबनान के बीच हवाई यात्रा पर गहरा असर पड़ सकता है.



### अमेरिका को बेरूत हमले के बारे में कोई जानकारी नहीं थी : जो बाइडेन

**वाशिंगटन ।** अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन के मुताबिक उन्हें बेरूत पर इजरायल की ओर से किए गए हमले की भनक तक नहीं थी. उन्होंने कहा कि वह बेरूत में इजरायल के हवाई हमलों पर टिप्पणी करने से पहले अधिक जानकारी का इंतजार कर रहे हैं. साथ ही दोहराया कि अमेरिका इजरायल डिफेंस फोर्सेज (आईडीएफ) के ऑपरेशन में शामिल नहीं था. बाइडेन ने डेलावेयर में संवाददाताओं से कहा, हम अभी भी जानकारी जुटा रहे हैं, मैं आपको बता सकता हूं अमेरिका को आईडीएफ कार्रवाई के बारे में कोई जानकारी नहीं थी या इसमें हमारी कोई भागीदारी नहीं थी. हम अधिक जानकारी एकत्र कर रहे हैं. जब हमारे पास अधिक जानकारी होगी, तो मैं और कुछ कह पाऊंगा. सीएनएन ने शुक्रवार को एक अमेरिकी अधिकारी के हवाले से बताया कि, इजरायल ने ऑपरेशन के शुरू होने और विमानों के उड़ान भरने के बाद अमेरिका को जानकारी दी थी. अधिकारी ने कहा, हमें इसके बारे में पहले से कोई जानकारी नहीं थी और न ही किसी ने पहले हमें सूचित किया था. एक इजरायली अधिकारी ने सीएनएन को बताया कि यह सूचना हमले से कुछ देर पहले भेजी गई थी.

### अमेरिका में हेलेन तूफान से 49 की मौत

**अमेरिका ।** अमेरिका में शुक्रवार को आए हेलेन चक्रवात से 5 राज्यों में अब तक 49 लोगों की मौत हो गई है.अमेरिकी मीडिया हाउस सीएनएन के मुताबिक, तूफान की वजह से आए बवंडर और बाढ़ में कई घर ढह गए. चक्रवात का सबसे ज्यादा असर साउथ कैरोलिना और जॉर्जिया में देखने को मिला जहां कैटेगरी 4 के तूफान से 34 लोगों की मौत हुई है. पांचों राज्यों में तूफान की वजह से कई लोग फंसे हुए हैं, जिन्हें बचाने की कोशिश हो रही है.

### बाढ़-भूस्खलन से नेपाल में 50 लोगों की मौत

**काठमांडू ।** नेपाल में लगातार हो बारिश की वजह से आई बाढ़ और भूस्खलन में पिछले 12 घंटे में 50 लोगों की मौत हो गई और सात अन्य लापता हो गए. कावरेपालनचोक, ललितपुर और धनकुटा जिलों में कई दिनों लगातार बारिश जारी रहने के कारण हुए भूस्खलन में कई मकान ढह गए या बह गए. नेपाल पुलिस के प्रवक्ता दान बहादुर कार्की ने कहा, शुक्रवार से बाढ़ और भूस्खलन की 175 से अधिक घटनाएं सामने आई हैं. जिसमें 400 लोग विस्थापित हुए हैं.

### सोने की खदान में भूस्खलन, 12 मरे

**जकार्ता ।** इंडोनेशिया के पश्चिमी सुमात्रा प्रांत के सोलोक रीजेंसी में एक सोने की खदान में बड़ा हादसा हुआ है. भूस्खलन के कारण 12 खनिकों की मौत हो गई और 11 अन्य घायल हो गए. एक वरिष्ठ बचावकर्मी ने शनिवार को बताया कि गुरुवार दोपहर भारी बारिश के दौरान हुए भूस्खलन के बाद संचार सुविधाओं की कमी और चुनौतीपूर्ण भूभाग के कारण बचाव अभियान में गंभीर बाधा उत्पन्न हुई है. मलिक ने कहा, 12 लोग मारे गए हैं और 11 घायल हुए हैं.

### एमसीडी चुनाव के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट जाएगी आप

**नयी दिल्ली ।** दिल्ली नगर निगम की स्टैंडिंग कमेटी के सदस्य चुनाव को दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने अवैध और अमान्य बताया है. शनिवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए सीएम आतिशी ने कहा कि बीजेपी ने कल एमसीडी की स्टैंडिंग कमेटी के चुनाव कराए जो एमसीडी कानून का उल्लंघन है. उन्होंने कहा कि एमसीडी एक्ट में साफ तौर पर कहा गया है कि स्टैंडिंग कमेटी के चुनाव निगम की मीटिंग में ही कराए जाएंगे.

### जवानों के हमले में आठ लोगों की मौत, 95 घायल

**खार्तूम ।** पश्चिमी सूडान के उत्तरी दारफुर राज्य की राजधानी एल फशर में अर्धसैनिक रैपिड सपोर्ट फोर्सेज (आरएसएफ) के हमले में कम से कम आठ लोगों की मौत हो गई और 95 अन्य घायल हो गए. उत्तरी दारफुर राज्य के स्वास्थ्य मंत्रालय के महानिदेशक इब्राहिम खातिर ने बताया, आरएसएफ की गोलाबारी का लक्ष्य एल फशर के दक्षिण में स्थित सूक अल-मवाशी बाजार था, जहां लोगों की भीड़ थी. आरएसएफ ने अभी तक इस हमले पर कोई टिप्पणी नहीं की है. 10 मई से एल फशर में सूडानी सशस्त्र बलों (एसएएफ) और आरएसएफ के बीच भीषण झड़पें चल रही हैं. संयुक्त राष्ट्र के अनुमान के अनुसार, एल फशर में लगभग 15 लाख लोग रहते हैं, जिनमें से 8 लाख लोग आंतरिक रूप से विस्थापित हैं.

### दिल्ली में चार विकलांग बेटियों के साथ पिता ने की खुदकुशी

**नई दिल्ली ।** देश की राजधानी दिल्ली से एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है. एक पिता ने अपनी चार विकलांग बेटियों के साथ खुदकुशी कर ली. यह घटना वसंत कुंज के रंगपुरी गांव की है. मृतक हीरा लाल (50) की पत्नी की पहले ही मौत हो गई थी. वह अपनी चार बेटियों नीतू (18), निशि (15), नीरू (10) और निधि (8) के साथ रहता था. सभी बेटियां विकलांग थीं और चलने-फिरने में असमर्थ थीं. हीरालाल वसंत कुंज स्थित स्पाइनल इंजरी हास्पिटल में बढ़ई का काम करता था. शुक्रवार को जब हीरालाल के फ्लैट से बदबू आनी शुरू हुई, तो स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी. शुक्रवार दोपहर को फ्लैट का ताला तोड़कर शवों को निकाला गया. पुलिस ने मकान मालिक और अन्य लोगों की उपस्थिति में दरवाजा तोड़ा तो पांच शव पड़े हुए थे. शवों को निकाल कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया. पुलिस के मुताबिक, फ्लैट में कुछ संदिग्ध घटना होने की सूचना मिली थी.

### 'शुक्र ऑर्बिटर मिशन' में शामिल हुआ स्वीडन

**नयी दिल्ली ।** स्वीडन आधिकारिक तौर पर इसरो के शुक्र ऑर्बिटर मिशन (वीओएम) में शामिल हो गया है. पिछले हफ्ते केंद्रीय मंत्रिमंडल ने इस मिशन को मंजूरी दी थी. स्वीडिश इंस्टीट्यूट ऑफ स्पेस फिजिक्स कथित तौर पर इसरो को वीनसियन न्यूट्रल्स एनालाइजर इंस्ट्रूमेंट प्रदान करेगा. यह एक हल्का, लो-पावर वाला लेकिन अत्यधिक सक्षम ऊर्जावान न्यूट्रल एटम (ईएनए) विश्लेषक है. वीएनए सूर्य और शुक्र के वायुमंडल एवं बहिर्मंडल से आने वाले चार्ज्ड पार्टिकल्स के बीच परस्पर क्रिया की स्टडी करेगा.

### इलेक्टोरल बॉन्ड : बेंगलुरु के स्पेशल कोर्ट ने दिया आदेश

## वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के खिलाफ दर्ज करें केस



**बेंगलुरु ।** बेंगलुरु में शुक्रवार को एक स्पेशल कोर्ट ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने का आदेश जारी किया है. निर्मला सीतारमण पर इलेक्टोरल बॉन्ड्स के जरिए जबरन वसूली का आरोप लगा है. खबरों के अनुसार जेएसपी के आदर्श अय्यर ने बेंगलुरु में याचिका दायर कर सीतारमण के खिलाफ कार्रवाई करने का निर्देश देने की गुहार लगाई थी. मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार याचिका पर सुनवाई करते हुए अदालत ने बेंगलुरु के तिलक नगर पुलिस स्टेशन को एफआईआर दर्ज करने का आदेश दिया. इस मामले में सुनवाई की अगली तिथि 10 अक्टूबर तय की गयी है. जानकारी के अनुसार जनाधिकार संघर्ष परिषद ने अप्रैल माह में 42वें एसीएमएम कोर्ट में याचिका दायर की थी.

### कश्मीर के कुलगाम में जवान व आतंकियों के बीच मुठभेड़

## दो आतंकी ढेर, 4 सुरक्षाकर्मी घायल

**जम्मू-कश्मीर ।** कश्मीर में कुलगाम के आदिगाम देवसर इलाके में शनिवार सुबह से सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ हुई है. दोपहर में सुरक्षाबलों ने दो आतंकियों को मार गिराया. इलाके में दो-तीन आतंकियों के छिपे होने की आशंका थी. वहीं इस मुठभेड़ में सेना के 3 जवान और कुलगाम के एएसपी घायल हुए हैं. चारों को इलाज के लिए श्रीनगर शिफ्ट किया गया है. कश्मीर जोन पुलिस ने शनिवार सुबह 7:05 बजे एक्स पर पोस्ट के जरिए मुठभेड़ की जानकारी दी. बताया कि पुलिस और सेना ने जॉइंट ऑपरेशन के तहत



हथियार बरामद

आदिगाम में सर्च ऑपरेशन शुरू किया. इसी दौरान आतंकियों ने उन पर फायरिंग कर दी, जिसके बाद मुठभेड़ शुरू हो गई. फिलहाल ऑपरेशन जारी है. कुलगाम मुठभेड़ में घायल सुरक्षाकर्मियों को इलाज के लिए श्रीनगर के 92 बेस अस्पताल में भर्ती कराया गया है.

### महाराष्ट्र में 26 नवंबर से पहले होंगे विस चुनाव, आयोग ने दी जानकारी

**मुंबई ।** महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव की तैयारियों की समीक्षा के लिए महाराष्ट्र के दो दिवसीय दौरे पर पहुंची चुनाव आयोग की टीम ने अपना दौरा पूरा कर लिया है. चुनाव आयोग ने बताया कि महाराष्ट्र में 26 नवंबर से पहले चुनाव कराना होगा, क्योंकि नवंबर में महाराष्ट्र विधानसभा कार्यकाल खत्म हो रहा है. महाराष्ट्र की स्थिति की समीक्षा करने के बाद चुनाव आयोग ने शनिवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर चुनाव की तैयारियों के बारे में जानकारी दी.

### हरियाणाः कांग्रेस का घोषणा पत्र 'हाथ बदलेगा हालात' जारी

## विदेशी रोजगार बोर्ड बनाने का वादा

एजेंसी । चंडीगढ़

कांग्रेस ने हरियाणा विस चुनाव के लिए अपना घोषणा पत्र 'हाथ बदलेगा हालात' के नाम से जारी कर दिया है. चंडीगढ़ में आयोजित कार्यक्रम में पूर्व सीएम भूपेंद्र हुड्डा, पार्टी के प्रदेश प्रधान उदयभान और राजस्थान के पूर्व सीएम अशोक गहलोत उपस्थित रहे. कांग्रेस ने विदेशों में नौकरियों के लिए युवाओं की राह आसान बनाने के लिए हरियाणा विदेशी रोजगार बोर्ड बनाने का वादा किया है. घोषणा



पत्र में हिमाचल सरकार की तर्ज पर 18 से 60 साल तक महिलाओं को हर महीने 2 हजार रुपये, किसानों के लिए एमएसपी की कानूनी गारंटी व फसल खराब पर तुरंत मुआवजा देने का वादा किया गया है. ओबीसी की क्रीमीलेयर की सीमा 10 लाख तक करने और 25 लाख तक मुफ्त इलाज देने का वादा किया है. वहीं बुजुर्गों, विकलांगों और विधवाओं को 6 हजार रुपये की मासिक पेंशन देने का वादा किया है.

### सियासत

### महंत राजू दास ने राहुल गांधी के बयान को दुर्भाग्यपूर्ण बताया, कहा-

# राहुल गांधी के लिए प्रार्थना करें, उनकी बुद्धि भ्रष्ट हो गई है

एजेंसी। अयोध्या

अयोध्या राम जन्मभूमि मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने हाल में ही एक बार फिर एक ऐसा बयान दिया है, जिसको लेकर सियासत तेज हो गई है. हनुमान गढ़ी के मुख्य महंत राजू दास ने भी राहुल गांधी के बयान पर शनिवार को प्रतिक्रिया देते हुए उसे दुर्भाग्यपूर्ण बताया.



महंत राजू दास ने कहा, राहुल गांधी का यह कहना कि राम मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा केवल एक नाच-गान का कार्यक्रम था, बेहद निंदनीय है. मैं इसकी निंदा करता हूं और सभी हिंदूवादी संगठनों और सेकुलर लोगों से अपील करता हूं कि राहुल गांधी के लिए प्रार्थना करें, क्योंकि उनकी बुद्धि खराब हो गई है, भ्रष्ट हो गई है. राम मंदिर के निर्माण के लिए पिछले 500 वर्षों में लाखों हिंदू जनमानस ने त्याग और तपस्या की है. ऐसे में यह कहना कि वहां सिर्फ फिल्मी सितारों को बुलाकर डांस और गाना हुआ, अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है. उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी शुरू से ही राम मंदिर का विरोध करती रही है. मंदिर बनने से कांग्रेस को टीस है, कांग्रेस को समस्या है. उनके बयान से यह स्पष्ट होता है कि कांग्रेस को राम मंदिर के निर्माण से असहजता महसूस हो रही है. कांग्रेस हमेशा सदैव सनातन संस्कृति और साधु-संतों का अपमान करती आई है. यह एक स्पष्ट प्रमाण है कि राहुल गांधी बार-बार राम मंदिर का अपमान कर रहे हैं.

उल्लेखनीय है कि कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने हरियाणा में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा था कि अयोध्या में भाजपा क्यों हारी? भाजपा को जनता ने क्यों नकार दिया? क्योंकि वह राम मंदिर के नाम पर वोट लेने चाहते थे, मगर मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा में एक मजदूर नहीं दिखा, किसान नहीं दिखा. भाजपा ने अंबानी, अमिताभ बच्चन जैसे लोगों को को बुला लिया. प्राण प्रतिष्ठा में नाच गाना चल रहा था.

#### राहुल गांधी ने कुछ भी गलत नहीं कहा : अतुल लोंढे पाटिल

**मुंबई ।** कांग्रेस सांसद और विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने एक बयान में कहा कि राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा में एक भी किसान, मजदूर, बढ़ई और स्थानीय लोग नहीं दिखे. उस कार्यक्रम में सिर्फ अंबानी और देश के अमीरों को बुलाया गया था. राहुल गांधी के इस बयान के बाद से देश में सियासत गरमा गई है. कांग्रेस प्रवक्ता अतुल लोंढे पाटिल ने कहा कि भगवान राम को हम सब जानते हैं. जब एक धोबी ने भगवान राम से प्रश्न पूछा था, तो उन्होंने सीता को भी अग्नि परीक्षा देने को कहा था. ऐसे में किसी आम आदमी या दलित को वहां प्रवेश नहीं था. इसमें सबका अधिकार था. वहां लोगों को बुलाया गया था, जो सिर्फ दिखावे के लिए आए थे.

### पाक फिल्म 'द लीजेंड ऑफ मौला जट्ट' भारत में नहीं होगी रिलीज

**नयी दिल्ली ।** फवाद खान और माहिरा खान स्टारर पाकिस्तानी फिल्म 'द लीजेंड ऑफ मौला जट्ट' भारत में रिलीज नहीं होगी. फिल्म 2 अक्टूबर को भारत में रिलीज होने वाली थी. सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के सूत्रों के अनुसार पाकिस्तानी फिल्म 'द लीजेंड ऑफ मौला जट्ट' को भारत के सिनेमाघरों में इजाजत नहीं दी गई है. माना जा रहा है कि यह निर्णय इसलिए लिया गया है क्योंकि 2019 से पाकिस्तान में भारतीय फिल्मों पर प्रतिबंध है. रिपोर्ट्स के मुताबिक, फवाद की इस फिल्म को भारत के सीमित सिनेमाघरों में रिलीज होना था. लेकिन राष्ट्रवादी संगठनों के विरोध के कारण इस पर प्रतिबंध लगा दिया गया है.

## अवैध पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट तीन लोगों की मौत, सात घायल

एजेंसी । सोनीपत

हरियाणा के सोनीपत में शनिवार को एक अवैध पटाखा फैक्ट्री में हुए विस्फोट में तीन लोगों की मौत हो गई और सात अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए. मामला सोनीपत के खरखोदा थाना क्षेत्र के रिढाऊ गांव का है. बताया जा रहा है कि एक मकान में अवैध रूप से पटाखा फैक्ट्री चल रही थी. इस दौरान घर में कई लोग काम कर रहे थे, तभी जोरदार विस्फोट हो गया. मकान में काम कर रहे 10 लोगों में से तीन की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि सात लोग घायल हो गए. पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घायलों को इलाज के लिए खानपुर पीजीआई में भर्ती कराया. एसीपी जीत



सिंह बेनीवाल ने बताया कि रिढाऊ गांव के एक मकान में अवैध रूप से पटाखा फैक्ट्री चल रही थी. गैस सिलेंडर फटने की वजह से यह ब्लास्ट हुआ और मकान जमींदोज हो गया. उन्होंने कहा, इस हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई है. इसके अलावा सात लोग घायल हुए हैं, जिनका अस्पताल में इलाज चल रहा है. साथ ही वेद नाम के एक शख्स को हिरासत में लिया गया है.

मुद्रक तथा प्रकाशक लगातार इंफोटेनमेंट प्राईवेट लिमिटेड द्वारा लगातार इंफोटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड के पक्ष में, सिमलिया, रिंग रोड, पीएस-रातू, रांची - 835222 से मुद्रित तथा राजकमल प्लाजा, रूम नंबर 102 जयप्रकाश नगर, डीनोवली स्कूल रोड बरटांड़, धनबाद-826001 झारखंड द्वारा प्रकाशित.
संपादक - **सुरजीत सिंह**, स्थानीय संपादक - **दीपक कुमार अम्बष्ठ***. फोन नंबर- 0651-2961734 आर.एन.आई. नंबर - **JHAHIN/2023/84487** ( *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार.)